

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष : 02, अंक : 77 | रांची, बुधवार, 26 फरवरी 2025 (फाल्गुन कृष्ण 14, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com

## 60 साल बाद दुर्लभ संयोग में महाशिवरात्रि आज

शिव कुमार सिंह

**रांची।** इस साल महाशिवरात्रि पर 60 साल बाद बहुत ही दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है, जिस कारण से इसका महत्व और भी बढ़ गया है। दरअसल, महाशिवरात्रि पर ग्रहों का ऐसा संयोग बन रहा है, जो वर्षों बाद दोबारा से देखने को मिलेगा। 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को देशभर में बड़े ही उत्साह के साथ महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है। महाशिवरात्रि पर धन और वैभव के दाता शुक्र अपनी उच्च राशि मीन में रहेंगे, जिसके कारण मालव्य राजयोग का शुभ संयोग बनेगा। इसके अलावा महाशिवरात्रि पर सूर्य और शनि की युति कुंभ राशि में होगी। शेष पेज 08 पर



### महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पूजन का महत्व

महाशिवरात्रि पर उपवास रहते हुए शिवजी की पूजा का विशेष महत्व होता है। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा का विधान है। शिवपुराण के अनुसार शिवजी के निराकार स्वरुप का प्रतीक 'लिंग' इसी पावन तिथि की महानिशा में प्रकट होकर सर्वप्रथम ब्रह्मा और विष्णु के द्वारा पूजित हुआ था। महाशिवरात्रि मनुष्य के लिए शिवजी की कृपा प्राप्त करने का पवित्र दिन भी है। इस दिन जो मनुष्य परमसिद्धिदायक भगवान भोलेनाथ की उपासना करता है, वह परम भाग्यशाली होता है। शिवलिंग का पूजन-अभिषेक करने से सभी देवी-देवताओं के अभिषेक का फल उसी क्षण प्राप्त हो जाता है।

### महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का आखिरी स्नान आज



**प्रयागराज।** महाकुंभ का पवित्र पर्व 13 जनवरी से प्रारंभ हुआ था, जिसका समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान के साथ होगा। इस दौरान देशभर से आए संतों, साधुओं और श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर पहला अमृत स्नान संपन्न हुआ। इसके पश्चात दूसरा अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर और तीसरा बसंत पंचमी के दिन हुआ। तीसरे स्नान के उपरांत कई संत-महात्माओं ने अपने अखाड़ों की ओर प्रस्थान किया। वहीं महाशिवरात्रि के दिन अंतिम स्नान संपन्न किया जाएगा। महाकुंभ के अंतिम दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर त्रिवेणी संगम या किसी पवित्र नदी में स्नान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। यह स्नान मोक्षदायी होता है और व्यक्ति के पापों का नाश कर पुण्य प्रदान करता है।

## महाशिवरात्रि पर रांची में ट्रैफिक रूट में बड़ा बदलाव

- महाशिवरात्रि पर रांची में ट्रैफिक रूट डायवर्सन किया गया।
- सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों की नो-एंट्री रहेगी।
- शिव बारात मार्ग पर कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था।

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** अगर आप राजधानी रांची में रहते हैं और रोज सुबह गाड़ी लेकर बाहर निकलते हैं, तो यह खबर आपके लिए जरूरी है। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात निकलेगी, जिसके चलते रांची पुलिस ने ट्रैफिक रूट में अहम बदलाव किए हैं। बाहर से आने वाली गाड़ियों और शहर के अंदर भी कई जगह विशेष व्यवस्था की गई है, इसलिए घर से निकलने से पहले इन बदलावों को जान लें, वरना आपको जगह-जगह बैरिकेडिंग का सामना करना पड़ सकता है।



**इन मार्गों पर रहेगा प्रतिबंध**

- शहर में सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों की नो-एंट्री रहेगी। भारी मालवाहक वाहन, सिटी राइड बसें और अन्य बड़े वाहन नगर क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।
- न्यू मार्केट चौकः जुलूस के दौरान सभी प्रकार के वाहनों का न्यू मार्केट चौक के पहले प्रवेश वर्जित रहेगा।
- रातू रोड एवं हरमू चौकः जुलूस के गुजरने के बाद ही इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही शुरू होगी।

शेष पेज 08 पर

### संक्षिप्त खबरें

#### रांची में भूकंप से कांपी धरती, सुबह 6 बजे लोगों ने महसूस किए झटके

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार की सुबह 6 बजकर 10 मिनट के आसपास भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 आंकी गई है। इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में 91 किलोमीटर की गहराई में था। रांची मौसम केंद्र के मुताबिक सुबह का वक्त होने और कम तीव्रता की वजह से ज्यादातर लोगों को भूकंप का पता नहीं चल पाया। वहीं पड़ोसी राज्य ओडिशा के पुरी शहर से इसका केंद्र 286 किलोमीटर पूर्व, कोलकाता से 340 किलोमीटर दक्षिण में था।

#### दिल्ली विस में भारी हंगामा आप के 21 विधायक 3 दिन के लिए निलंबित



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान भारी हंगामा मचा है। विधानसभा स्पीकर ने आम आदमी पार्टी के 21 विधायकों को तीन दिन के लिए निलंबित कर दिया है। दिल्ली विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट पेश कर दी गई है। शेष पेज 08 पर

#### बिटकॉइन घोटाले पर सीबीआई ने देशभर में 60 जगहों पर की छापेमारी



**नई दिल्ली।** सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) ने 6,600 करोड़ रुपये के गेनबिटकॉइन क्रिप्टो घोटाले की जांच के तहत मंगलवार 25 फरवरी 2025 को देशभर में 60 जगहों पर छापेमारी की। शेष पेज 08 पर

### झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा दिन

# सदन में गूंजा बालू व पेपर लीक का मुद्दा विधायक सीपी सिंह ने सरकार को घेरा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में गरमागरम चर्चा हुई। विपक्ष ने जहां राज्यपाल के भाषण को झूठ का पुलिंदा बताया। तो वहीं सत्ता पक्ष अपनी सरकार की उपलब्धि बताते हुए जमकर पलटवार करता रहा। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने सदन में सरकार की उपलब्धि के जरिए भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 56 लाख महिलाओं को हमने ढाई हजार पेंशन प्रारंभ किया है। लगभग 40 लाख उपभोक्ताओं को 200 यूनिट की पूरी बिजली फ्री दी गई है। इसके अलावा उनके पूरे बकाया बिजली बिल की माफी की है, जो 3620 करोड़ है। उन्होंने कहा कि हमने किसानों के दो बार कर्ज माफ किए हैं।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि लोकतंत्र जनता की अदालत से चलता है ना कि विपक्ष की अदालत से। जनता ने हेमंत सोरेन सरकार के प्रति विश्वास जताया है, इसलिए हेमंत सोरेन सरकार को 5 साल के लिए काम करने का अधिकार उसे है। उन्होंने कहा कि ऐसा विपक्ष हमने नहीं देखा जो दिशाहीन है और उसके पास कोई मुद्दा नहीं है।

**जैक पेपर लीक से लेकर बालू की किल्लत पर हुई चर्चा :** सदन में जैक पेपर लीक से लेकर बालू की किल्लत पर जमकर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष इस मुद्दे पर उलझता हुआ दिखा। भाजपा विधायक सीपी सिंह के द्वारा सदन में बालू की किल्लत को लेकर उठाए गए सवाल पर विधानसभा परिसर में सियासत होती रही। भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद ही खराब है। बालू की किल्लत के कारण आम लोग परेशान हैं और सरकार फ्री में देने का आश्वासन देकर चुनाव में जनता का विश्वास जितने में सफल हुई है।

भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य की जनता को बालू की किल्लत के विरोध में सरकार के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए और फ्री में किए गए वादे को पूरा करने के लिए दबाव बनाना चाहिए। पूर्व सीएम और भाजपा विधायक चंपाई सोरेन ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ समय अभी दिया जा रहा है यदि सरकार ठीक से काम नहीं करेगी, तो आंदोलन तेज होगा।

### बालू के मुद्दे पर राज्य सरकार ने कहा- 573 गरीबों को आवास के लिए दिया मुफ्त बालू



### मैट्रिक परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर भाजपा ने जताया विरोध

#### सदन की कार्यवाही कल 11 बजे तक के लिए स्थगित

बालू के अलावा बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में जैक मैट्रिक परीक्षा प्रश्न पत्र लीक का मुद्दा छाया रहा। सीबीआई जांच की मांग विपक्ष के द्वारा सदन में लगातार की जाती रही। विधायक जयराम महतो ने भाजपा विधायक के द्वारा किए जा रहे मांग का समर्थन करते हुए कहा कि जिस तरह से ब्यूरोक्रेट्स के द्वारा इसमें लापरवाही बढ़ती गई है, उसकी जांच सीबीआई से जरूर होनी चाहिए। राज्य के नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की गई है। इसमें जो भी लोग शामिल हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई हो। बहरहाल गरमा-गरम बहस के साथ सदन की कार्यवाही 27 फरवरी गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## देवघर में महाशिवरात्रि महोत्सव का उद्घाटन करेंगे सीएम हेमंत

- सुरक्षा में तैनात रहेंगे 3000 पुलिस बल, कई दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बुधवार (26 फरवरी 2025) को महाशिवरात्रि पर द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में भव्य शिव बारात निकाली जायेगी। शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। पहली बार झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन कर रहा है। महोत्सव का उदघाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केकेएन स्टेडियम में करेंगे। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री शिव बारात को रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन और 4 विभागों के सचिव भी मौजूद रहेंगे। देवघर जिला प्रशासन ने शिव रात्रि महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली है।

**शिव बारात रूटलाइन और पूरे शहर में सुरक्षा चाक-चौबंद :** महाशिवरात्रि के लिए बाबा मंदिर से लेकर शिव बारात रूटलाइन और पूरे शहर में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किये गये हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। करीब 3000 पुलिस बल और कई दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। काफी संख्या में अफसरों की भी तैनाती की गयी है। बारात रूटलाइन में सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी की जायेगी। इसके लिए जगह-जगह हाई रिजोल्यूशन कैमरे लगाये गये हैं। डीसी विशाल सागर और एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे हैं।

महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण करने के लिए एक लाख से अधिक श्रद्धालु देवघर पहुंच गये हैं। बाबाधाम में फाल्गुन चतुर्दशी तिथि यानी शिवरात्रि के दिन बाबा भोलेनाथ की चतुष्प्रहर पूजा होती है। विग्रह पर माता को सिंदूर अर्पित करने की खास परंपरा के साथ बाबा भोलेनाथ का विवाह संपन्न होगा। इस पूजा में बाबा भोलेनाथ को दूल्हे की तरह सजाया जाता है। बेलपत्र से सरदार पंडा विग्रह पर माता को सिंदूर अर्पित करते हैं। विशेष पूजा के लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से तैयारी कर ली गयी है।

## झारखंड बोर्ड पेपर लीक मामले में 10 हुए गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

### मजदूर छात्र निकला मास्टरमाइंड



**कोडरमा।** झारखंड में दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक मामले में राज्य पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें मास्टरमाइंड भी शामिल है। झारखंड पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को 6 और आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसके बाद कुल गिफ्तार लोगों की संख्या 10 हो गई। पुलिस विभाग के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य आरोपी एक मजदूर छात्र है।

**डीजीपी ने दी जानकारी :** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने राज्य विधानसभा के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा, "बोर्ड परीक्षा पेपर लीक मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शेष पेज 08 पर

### पलामू के युवक का नई दिल्ली में हुआ अपहरण



**पलामू।** पलामू जिले के तरसही थाना क्षेत्र के पाठकपगार महुडंडवा के रहने वाले गुलशनवर अंसारी उर्फ गुड्डू का अपहरण नई दिल्ली में हो गया है। सिलाई कंपनी में ज्यादा पैसे देने का लालच देकर उसे महाराष्ट्र के नागपुर से नई दिल्ली बुलाया गया और फिर अज्ञात लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। सोमवार रात 11.30 बजे अंतिम बार गुड्डू की उसकी पत्नी से बात हुई थी। गुड्डू उस वक्त जान बचाने की गुहार लगा रहा था। शेष पेज 08 पर

## बंगाल के कारखाने में फंसीं धनबाद 95 युवतियां हुईं मुक्त, अपने घर लौटीं

### निरसा के पंचेत की रहने वाली हैं युवतियां

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर के रामचंद्रपुर स्थित एक्सोडस फ्यूचरा नीट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत झारखंड के धनबाद की रहने वाली करीब 95 युवतियां कई दिनों से कारखाने के अंदर फंसी थीं। युवतियों के अनुसार, वहां वेतन को लेकर उक्त कारखाना प्रबंधन और स्थानीय कामगारों के बीच विवाद के कारण कारखाने के गेट में ताला जड़ दिया गया था। युवतियों के वहां फंसे होने की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार को मीडिया में यह खबर प्रकाशित हुई थी। शेष पेज 08 पर



### कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद

- 1984 सिख दंगों में बाप-बेटे हत्याकांड में सुनायी गयी सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उन्हें एक नवंबर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़े मामले में दोषी ठहराया गया था। शेष पेज 08 पर



### मंईयां सम्मान योजना पर बोलीं मंत्री दीपिका पांडे: एक साथ 7500 देगी सरकार

**रांची।** झारखंड की महिलाओं का इंतजार अब खत्म होने वाला है। अब महिलाओं के खाते में तीन महीने की राशि एक साथ मिलने वाली है। यानी 7500 रुपये। यह बात हेमंत कैबिनेट की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कही है। दरअसल, विस परिसर में मीडियाकर्मियों ने उनसे सवाल किया कि महिलाओं के खाते में पैसे कब तक भेजे जाएंगे। शेष पेज 08 पर

### शिवरात्रि से पहले देवघर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सौगात

## दिल्ली के लिए शुरू होगी दूसरी फ्लाईट

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** महाशिवरात्रि से पहले देवघर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से बड़ी सौगात मिली है। देवघर से नयी दिल्ली के लिए दूसरी फ्लाईट शुरू होने वाली है। इसके बाद देवघर से दिल्ली का किराया कम हो जायेगा। 30 मार्च से दिल्ली से देवघर की दूसरी फ्लाइट का परिचालन शुरू होगा। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडु के निर्देश पर केंद्रीय नागर विमानन विभाग ने इंडिगो को दिल्ली से देवघर की दूसरी फ्लाईट शुरू करने की अनुमति दे दी है। 30 मार्च को इंडिगो की 183 सीटर विमान दिल्ली से शाम 5:30 बजे उड़ान भरेगा और शाम 7 बजे देवघर पहुंचेगा।



**देवघर से शाम 7:40 बजे उड़ान भरेगा विमान, 9:30 में दिल्ली पहुंचेगा :** यही विमान देवघर से शाम 7:40 बजे उड़ान भरकर रात के 9:30 बजे दिल्ली पहुंचेगा। विमान सेवा डेली होगी। एक दिन में दिल्ली से देवघर की 2 हवाई सेवा शुरू हो जाने पर देवघर से दिल्ली और दिल्ली से देवघर के यात्री किराये में कमी आने की संभावना है। अभी दोपहर में दिल्ली से देवघर की प्रतिदिन हवाई सेवा उपलब्ध है। देवघर-दिल्ली विमान में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए देवघर से दिल्ली के लिए शाम में दूसरी हवाई सेवा शुरू करने का प्रस्ताव सांसद ने केंद्रीय मंत्री को दिया था। शेष पेज 08 पर

### झारखंड हाईकोर्ट की अनुशंसा पर चार न्यायाधीशों का तबादला, आदेश जारी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट की अनुशंसा के आलोक में चार न्यायाधीशों (जिला जज) का तबादला किया गया है। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।

**इनका हुआ तबादलाः** विनोद कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-सह विशेष न्यायाधीश निर्वाचित एमपी एवं एमएलए डालटनगंज को अगले आदेश तक जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय डालटनगंज के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। शेष पेज 08 पर

## साल में दो बार होंगी 10वीं बोर्ड परीक्षाएं, 2026 से होगी लागू

### सीबीएसई

- पहली परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च तक, दूसरी 5 से 20 मई तक होगी

एजेंसियां



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अगले वर्ष 2026 से साल में दो बार कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। नए नियम के ड्राफ्ट को सीबीएसई ने मंजूरी दे दी है। सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का पहला चरण चरण फरवरी-मार्च में आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा चरण मई 2026 में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी परीक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव की घोषणा की है। इसके तहत वर्ष 2026 से 10वीं के लिए साल में दो बार बोर्ड की परीक्षाएं होंगी। सीबीएसई 2026-27 के सत्र के लिए 260 विदेशी स्कूलों के लिए एक वैश्विक पाठ्यक्रम भी तैयार करेगा। बता दें कि हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में इस निर्णय पर चर्चा की गई थी। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### विधायक की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर



**सिल्ली।** विधायक अमित कुमार महतो के पहल पर मंगलवार को सिल्ली के कोचों पंचायत के कोचों गांव मे नया ट्रांसफार्मर लगा। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी ने फीता काट कर किया। इस मौके पर समीर ठाकुर, अखिलेश कुम्हार, संजय महतो, शिव महतो, सुधीर हजाम, गिरधारी महतो, जितेन महतो, उमर अंसारी, बप्पी महतो, पवन महतो, मंजय महतो समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### चरकुडीह में हाथी ने घर का तोड़ा दरवाजा



**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा पंचायत अंतर्गत चरकुडीह में सोमवार रात 1 बजे के आसपास एक हाथी ने पुष्पा देवी के घर पहुंच कर दरवाजा को तोड़ दिया। दरवाजा तोड़ने के बाद हाथी घर में प्रवेश करने के काफी प्रयास किया।घर में विधवा पुष्पा अकेली रहती है। हाथी के हरकत देख पुष्पा देवी हल्ला कर घर के बगल के व्यक्तियों को जगाया। ग्रामीणों के जागते ही पुष्पा देवी के बगल के घर मे हमला करने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों ने किसी तरह काफी मशक्कत से घर से दूर भगाया। गग्रामीणों का कहना है कि अगर सही समय पर पहुंचकर हाथी को नहीं भगाते तो जान-माल का काफी नुकसान हो सकता था। इस क्षेत्र में अक्सर हाथी आते-जाते रहते हैं और कई घरों को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना देकर वन विभाग से क्षति-पूर्ति की मांग किया है तथा तत्काल हाथी को भगाने को लेकर बम, पटाखा, मशाल, टार्च आदि सामग्री उपलब्ध कराने की मांग किया है।

### अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे सांसद

**रामगढ़।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने गोला प्रखंड के सोसोकलां गांव में, बीते सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा किए गए पत्थरबाजी को लेकर पुलिस प्रशासन को पंद्रह दिनों का समय दिया था। उन्होंने इस घटना में संलिप्त आरोपितों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कही थी। किंतु पुलिस प्रशासन के जरिये अबतक किसी भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया गया। इस मुद्दे को लेकर सांसद मनीष जायसवाल 27 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना देंगे। इसका ऐलान भाजपा ने किया है। मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के नेतृव में भारी संख्या में भाजपा नेताओं की टीम गोला डाकबंगला पहुंची जहां धरना दिया जाएगा?। सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि सोसो कला की घटना में आरोपितों के ऊपर कोई भी कार्रवाई नहीं होना प्रशासन की विफलता है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है।

# महाशिवरात्रि आज, शिवालयों मे उमड़ेगी बाबा के भक्तों की भीड़

**प्रातःनागपुरी टीम**

**खूंटी।** महाशिवरात्रि का त्यौहार बुधवार को खूंटी जिले में पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। इसके लिए जिले के प्रसिद्ध बाबा आमरेश्वर धाम के पुरातन महादेव मंडा सहित सभी शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।



महाशिवरात्रि के पावन मौके पर खूंटी थाना परिसर स्थित मंदिर में जिला पुलिस के द्वारा अखंड कीर्तन सहित अन्य विशेष पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बुधवार शाम थाना परिसर से शिव बारात की झांकी भी निकाली जाएगी जो शहर के पुरातन महादेव मंडा में पहुंच कर समाप्त होगी। इसके बाद महादेव मंडा में विशेष पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। बाबा आमरेश्वर धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि सुबह पांच बजे से बाबा भोलेनाथ का विधि विधान से पूजन और अभिषेक होगा। सुबह नौ बजे से कीर्तन और 10 बजे प्रसाद वितरण होगा। रात्रि के चारों प्रहर भगवान शिव की बिल्व पत्रों से पूजा, अभिषेक और श्रृंगार किया जाएगा। रात्रि के प्रथम प्रहर की पूजा संध्या 6.15 से रात्रि 9.15 तक, द्वितीय प्रहर की पूजा रात्रि 9.15 से रात्रि 12.15 तक, तृतीय प्रहर की पूजा रात्रि 12.15 से 3.15 तक और चतुर्थ प्रहर की पूजा तड़के 3.15 से सुबह 6.15 तक होगी। दूसरी ओर महादेव मुंडा प्रबंध समिति के अध्यक्ष बड़ाईक पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि शहर के पुरातन महादेव मंडा में महाशिवरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। शाम में छह बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। रात में शिव बारात में शामिल भक्तों का स्वागत किया जाएगा और शिव विवाह की रस्म पूरी की जाएगी।

### सिल्ली आसपास के क्षेत्रों में सजे शिवालय



**सिल्ली।** सिल्ली आसपास क्षेत्रों में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व को लेकर प्रखंड के सभी शिवालयों में तैयार पुरी कर ली गई है । थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में भव्य पुजा, रुद्राभिषेक, भंडारा एवं देर शाम जगराता का आयोजन किया गया है। इसकी सारी तैयारी पुरी कर ली गई है। वहीं लालबाग कॉलोनी स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर में पुजा अर्चना के पश्चात भव्य शिव बारात की झांकी निकाली जाएगी। झांकी सिल्ली बजार होते थाना परिसर पहुंचेगी जहां पर बारात का स्वागत शिव विवाह का भव्य आयोजन किया गया है। इसके अलावे प्रखंड के सभी शिवालयों को भव्य तरीके से सजाया गया। सबेरे से ही मंदिरों में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लग जाएगा। सभी मंदिरों में वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत भगवान शिव की पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक की जाएगी। सिल्ली बाजार स्थित शिव मंदिर, सिल्लीडीह, देलबेड़ा, सिल्ली राजबाड़ी के समीप, प्रखंड परिसर, मुरी के विभिन्न शिव मंदिर, बंता, कोंचो पहाड़, पतराहातु, लोटा,किता सहित कई शिवालयों में भव्य पुजा का आयोजन किया गया है। वहीं 601 भक्त मुरी स्वर्णरेखा नदी से कलश में जल उठा कर सिल्ली बाजार स्थित शिव मन्दिर के शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। शिवालयों में भजन संध्या समेत भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इधर बुधवार को शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं के भीड़ के मद्देनजर थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने निर्देश जारी किया है कि शाम 3 बजे से रात 11 बजे तक सिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश बंद रहेगी।

## सभी पंचायतों में 27 फरवरी को होगी विशेष ग्रामसभा



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** खूंटी जिले में अवैध अफीम विनष्टीकरण और किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने 27 फरवरी को सभी पंचायतों में विशेष ग्रामसभा आयोजित करने का निर्देश दिया है।

इस विशेष ग्रामसभा के सफल आयोजन और व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को लेकर मंगलवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के जरिये अपने-अपने प्रखंड कार्यालय में प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे ग्रामसभा के आयोजन को प्रभावी बनाने के लिए अधिक से अधिक किसानों को आमंत्रित करें। इस अवसर पर किसानों की रुचि एवं क्षेत्र की मिट्टी के अनुसार खेती, सिंचाई, मत्स्य पालन, पशुपालन आदि विषयों पर चर्चा कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। इसके साथ ही, किसानों को वैकल्पिक खेती से जुड़ने एवं इससे होने वाले संभावित लाभों की जानकारी दी जाएगी। प्रखंड स्तर पर आयोजित इन बैठकों में सभी पंचायत प्रतिनिधियों को ग्रामसभा की रूपरेखा, संभावित विषयों एवं प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों पर विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पंचायत में ग्रामसभा से पूर्व किसानों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# अपहृत युवती को वापस लाने के लिए चक्का जाम, पुलिस ने मांगे 72 घंटे

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र से युवती के अपहरण को लेकर दो संप्रदायों का तनाव बढ़ता जा रहा है। अपहृत युवती को केरल से वापस लाने के लिए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। पहले उन्होंने प्रशासन को 72 घंटे की मोहलत दी।

इसके बाद 24 फरवरी को मशाल जुलूस निकालकर प्रशासन को चुनौती दी। इसके बाद मंगलवार की सुबह 6 बजे रामगढ़ बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को चितरपुर प्रखंड में जाम कर दिया। चक्का जाम की वजह से गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। जिला प्रशासन ने सांसद को 72 घंटे में लड़की को वापस लाने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ।आंदोलन के बाद सांसद ने कहा कि पुलिस अगर पहले ही तत्परता दिखाई होती तो जनता को सड़क पर उतरना नहीं पड़ता। लगभग 15 दिनों पहले यह वारदात हुई थी। पुलिस को लड़की को वापस लाने की मांग रखी गई थी। आज चक्का जाम कार्यक्रम में प्रशासन को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही की वजह से जनता में आक्रोश है और समाज में अफवाहें फैल रही हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए प्रशासन को सचेत रहने की आवश्यकता है। चितरपुर प्रखंड में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार जिले के तमाम अधिकारियों और पुलिस बल के साथ पहुंचे। यहां उन्होंने लगभग पांच किलोमीटर तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान बंद समर्थकों को अपनी दुकान खोलने की बात कही। साथ ही जिस मोहल्ले में युवक और युवती का घर है, उस क्षेत्र में भी फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा।



### किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं, पुलिस कर रही है कार्रवाई: डीसी

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र में दो समुदायों के युवक और युवती के एक साथ फरार होने के बाद समाज में तनावपूर्ण स्थिति बन गई है। इस स्थिति को सामान्य करने के लिए डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने खुद ही मोर्चा संभाला। चितरपुर बाजार से लेकर उन गलियों में भी पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया, जहां युवक और युवती का घर है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जहां तक बात युवती और युवक के शादी की है, कानून बालिगों को पूरा संरक्षण देता है। वह अपनी मर्जी से शादी कर सकते हैं। लेकिन इन सबसे अलग शांति व्यवस्था भंग करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहें फैला रहे हैं और जबरन सड़क बंद कराने, रोड जाम करवाने जैसी बातें सामने आ रही हैं। अगर किसी व्यक्ति पर दबाव बनाया जा रहा है तो वह खुलकर अपनी बात रख सकता है। प्रशासन उसे सहयोग करेगा। लेकिन कोई कानून हाथ में लेकर जबरन चक्का जाम और दुकान बंद नहीं करवा सकता। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस काफी संवेदनशीलता के साथ अपना काम कर रही है। नौ फरवरी को युवती के लापता होने की सूचना पुलिस को मिली थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम केरल भेजी गई। युवती के परिजन भी टीम के साथ गए थे। एलेप्पी जिले के कायमकुलम थाने में युवती ने वकील के समक्ष अपना बयान दिया।

## एसपी अमन कुमार ने की विभिन्न थानों के पुराने मामलों की समीक्षा

**कहा**

**महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों का निष्पादन संजीदगी से करें**



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार ने जिले के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों का निष्पादन संजीदगी से करें। एसपी मंगलवार को पुलिस कार्यालय के सभागार में क्राइम मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। बैठक में एसपी अमन कुमार ने विभिन्न थानों के पुराने मामलों की समीक्षा की। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। लंबित वारंटी, कुर्की-जब्ती के मामलों को भी जल्द निष्पादित करने का निर्देश उन्होंने थाना प्रभारियों को दिया। एसपी ने पुराने अपराधियों का सत्यापन करने के लिए भी कहा। उन्होंने अनुसंधानकताओं को ई-साक्ष्य का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने के लिए कहा। बैठक में एसपी ने सड़क सुरक्षा की भी समीक्षा की, जिसमें उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में वृद्धि आई है। थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की जानकारी उन्हें उपलब्ध करायें, ताकि दुर्घटना के कारणों को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में रखा जा सके। इसके अलावा जिले में पीएलएफआइ के नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश भी एसपी ने दिया। उन्होंने पीएलएफआइ और एनडीपीएस के मामलों में संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई के लिए आरोपितों की संपत्तियों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक में तोरपा एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्?टा, खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक, सभी इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### संजय सेठ से मिले लैम्पस और पैक्स कर्मचारी संघ के सदस्य



**पिठोरिया।** लैम्पस और पैक्स कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ एवं झारखंड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिला। लैम्पस और पैक्स कर्मचारियों का मानदेय भुगतान, कार्यशील पूंजी आदि विषयों पर ध्यान कराते हुए मांग पत्र सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में लैम्पस और पैक्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार दत्ता, रांची जिला अध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, उरुगुटू लैम्पस के प्रबंधक आबिद अली अनवर, अरसंडे कांके के प्रबंधक रणधीर केशरी और कोकदोरो लैम्पस के अध्यक्ष रघु पहान शामिल थे।

## कृषि मंत्री को सौंपा छह सूत्री मांग पत्र



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** इटकी प्रखण्ड के समग्र विकास को लेकर उपप्रमुख परवेज आलम ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को छह सूत्री एक मांग पत्र सौंपा है।

उन्होंने मांग पत्र में कहा कि इटकी एक घनी आबादी के साथ कृषि बाहुल क्षेत्र होते हुए व्यापार का बड़ा केन्द्र है। इसके बावजूद प्रखण्ड वासियों के लिए समुचित व्यवस्था उपलब्ध नही है। यहां कृषकों के लिए एक नई तकनिकी के संसाधन युक्त सब्जी बाजार और कोल्ड स्टोरेज की अति आवश्यक है। युवाओं के लिए खेल एकडेमी स्थापना कर प्रशिक्षण पर पहल के साथ नये स्टेडियम का नमाकरण और रखरखाव की व्यवस्था की जाय ।प्रखण्ड निर्माण में आदोलन कारियों को नागरिक सम्मान, क्षेत्र को अपराध मुक्त के दिशा में मोरो, कुल्ली और कुर्गी गांव में टीओपी की स्थापना, इटकी पीएचसी को संसाधन उपलब्ध कराते हुए महिला चिकित्सक और प्रखण्ड मुख्यालय में स्वीकृत विभागों में अधिकारियों की अविलंम्ब पदस्थापना की मांग किया है।

## बिरसा कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज के तत्वाधान में मंगलवार को भूगोल विषय में उत्तर लेखन कौशल का विकास विषय पर एक दिवसीय विभाग स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की प्राचार्या प्रो जेरमन कुल्लू किड़ो और अतिथि प्रवक्ता के रूप में डॉ चंद्र किशोर भगत, राजनीतिक शास्त्र विभाग बिरसा कॉलेज एवं डॉ अभिषेक कुमार विभाग अध्यक्ष इतिहास विभाग मौजूद थे। सेमिनार के आरंभ में भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो अनंत राम ने सेमिनार के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए भूगोल में उत्तर लेखन में आनेवाली समस्याओं को बताया। विभाग की शिक्षिका डॉ रेशमा रेनी टोपनो ने उत्तर पुस्तिका में लिखने के तरीकों को बारीकी से समझाया तथा भूगोल विषय में मानचित्रो के प्रयोग को बताया । प्रो सुशीला कुजूर ने भूगोल विषय में प्रैक्टिकल फाइल तैयार करने और प्रैक्टिकल बनाने की बारीकियों को समझाया। साथ ही प्रैक्टिकल परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के गुर बताये।

### जंगली सुअर के हमले से एक व्यक्ति घायल



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के कोटाब पलास वन के समीप जंगली सुअर ने हमला कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना मंगलवार सुबह 8 बजे के आसपास बताया जा रह है। कोटाब गांव के नकुल महतो ओर गोपाल अहीर जंगल को ओर जा रहे थे। अचानक झाड़ी से निकल कर दो सुअर ने हमला कर दिया। हमले से नकुल महतो घायल हुआ और गोपाल अहीर जान बचा कर भाग गया और लोगों को सूचना दिया। घायल स्थिति में नकुल को मुरी के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।घायल हो गए है। थाना क्षेत्र में हाथियों,बालू,लंगूर ओर जंगली सुअर का काफी प्रकोप है। 22 फरवरी को लोवाहातू के दुधीटांड गांव में जंगली सुअर के हमला से एक वृद्ध व्यक्ति का मौत हो चुका है। इधर घटना की सूचना पर वनपाल खिरोद मुंडा और समाजसेवी महादेव महतो सिंगपुर अस्पताल जाकर घायल के परिजन को 5 हजार मुआवजा की अग्रिम राशि दिए।ओर बेहतर ईलाज कराने के बात कही।

# मध्य विद्यालय में जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

▸ पांच प्रकार की प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**ओरमांझी।** जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मध्य विद्यालय चकला, ओरमांझी के प्रांगण में 25 फरवरी, 2025 को झारखंड शिक्षा परियोजना रांची ने समग्र शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत समावेशी शिक्षा विभाग के द्वारा दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेलकूद एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें 19 प्रखंड संसाधन केंद्र के लगभग 200 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. वर्ग 1 से 5 के लिए अलग एवं वर्ग 6 से 8 के लिए अलग समूह बनाकर पेंटिंग एप्पल रेस, बॉल थ्रो, म्यूजिकल चेयर इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 50 दिव्यांग बच्चों के अभिभावक भी सम्मिलित हुए उन्होंने ऐसे कार्यक्रम की सराहना की। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज, ओरमांझी प्रखंड के उप प्रमुख मोहम्मद रिजवान अंसारी, विधायक खिजरी के शिक्षा प्रतिनिधि तोहिद आलम एवं प्रखंड के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा कुमारी, प्रखंड के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी नसीम अहमद, मोहम्मद रिजवान समेत अन्य शिक्षकों ने भी कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया कार्यक्रम के संचालन में झारखंड शिक्षा परियोजना जिला कार्यालय से प्रभाग प्रभारी श्रीमती बिंदु झा, श्रीमती प्रभा सहाय एवं अखिलेश कुमार ने कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रीना कुमारी एवं लेखपाल ज्योति कुमारी का योगदान रहा। सभी प्रखंडों के दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत रिसोर्स शिक्षक एवं थैरेपिस्ट ने सराहनीय योगदान दिया। जिला स्तर पर ऐसे आयोजन से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में आसानी से समाहित किया जा सकेगा। जिला स्तरीय खेलकूद के पश्चात सभी बच्चे और अभिभावक ने भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण किया। सभी प्रखंड के बच्चे एवं उनके अभिभावक जैविक उद्यान का भ्रमण कर बहुत खुश थे। उनके लिए पहला मौका था, जब जैविक उद्यान के अंदर विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं को देख रहे थे। उनके बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे थे। इलेक्ट्रिक वाहनों का आनंद लिया। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, सभी उपस्थित लगभग 200 बच्चों को विशेष पुरस्कार के रूप में पेंटिंग किट प्रदान किया गया।

### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय प्रबंध पर्षद के सदस्य बने पीटर मुंडू



**खूंटी।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव और खूंटी के सांसद प्रतिनिधि पीटर मुंडू को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय प्रबंध पर्षद का सदस्य मनोनीत किया गया है। प्रबंध पर्षद का सदस्य मनोनीत होने पर सांसद कालीचरण मुंडा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव नईमुद्दीन खान, फिरोज आलम, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, रनिया प्रखंड अध्यक्ष जोन कंडुलना, सुनीता गोप, शांता खाखा, सुषमा भेंगरा, मगरीता खेस, जुनैद अंसारी, सुनील मुंडा, बबलू, बंधु गंझू,, अदित्य गंझू, आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## संक्षिप्त

### झालसा ने पांच नाबालिगों से दुष्कर्म का लिया स्वत: संज्ञान

**रांची।** डालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने खूंटी के रनिया थाना क्षेत्र में 5 नाबालिग लड़कियों से हुई दुष्कर्म की घटना का स्वत: संज्ञान लि?या। झालसा को इस संबंध में त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया। इसके बाद झालसा के सदस्य सचिव ने डालसा, खूंटी को पीड़ितों को आवश्यक विधिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। खूंटी जिला विधिक सेवा प्राधिकार को एक टीम बनाकर पीड़ितों से मुलाकात करने एवं उन्हें विधिक एवं अन्य सहायता देने का निर्देश दिया। कार्यकारी अध्यक्ष के निर्देश पर डालसा की टीम ने पीड़ितों से मुलाकात की। टीम ने पीड़ित लड़कियों के माता-पिता से भी बात की। उन्होंने विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त की। पीड़ित लड़कियों के माता-पिता से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के बारे में भी पूछा गया। पीड़ितों को डालसा द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता, सपोर्ट पर्सन की नियुक्ति और समुचित चिकित्सीय सहायता प्रदान की गयी। साथ ही, उन्हें पीड़ित मुआवजा स्कीम के तहत मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। अंतरिम राहत के तौर पर सभी पीड़ितों को 10-10 हजार रुपये की तत्काल सहायता दी गई।

### रात 10 से सुबह 06 बजे तक लाउडस्पीकर, डीजे पर प्रतिबंध

**रांची।** रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर, डीजे एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णत: वर्जित है। इस संदर्भ में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम-2000 की धारा-2 के आलोक में झारखंड हाई कोर्ट ने स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया है। यह जानकारी रांची वरीय पुलिस अधीक्षक ने दी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उक्त प्रतिबंधित अवधि के दौरान प्रयोग किये जाने की सूचना रांची पुलिस के कंट्रोल रूम के मो0 नं0- 9798300836 एवं 898779664 दें। इसकी सूचना डायल-112 पर दी जा सकती है। सूचनादाता की पहचान गोपनीय रखी जायेगी। प्रतिबंधित अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोगकर्ता/संचालको के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश जिले के सभी थाना प्रभारी को दिया गया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई सम्पन्न

**रांची ।** दक्षिणी छोटा नागपुर अंतर्गत आनेवाले रांची महानगर ग्रामीण खूंटी तोरपा गुमला लोहरदगा सिमडेगा जिला के अध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष प्रखंड वार्ड पंचायत के कार्यकर्ताओं की बैठक लापुंग में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के राजू उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने संगठन की मजबूती के लिए कई बहुमूल्य सुझाव दिए तथा संगठन को मजबूत करने में होने वाली परेशानियों का भी खुलकर जिक्र किया। कार्यक्रम के पूर्व भगवान बिरसा मुंडा महात्मा गांधी बाबासाहब भीमराव अंबेडकर सहित शहीदों एवं महान विभूतियों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
सभी का विचार सुनने के बाद के राजू ने कहा कि आपने सभी मुद्दों को सामने रखा है,संगठन के लिए जो चुनौतियां हैं उसे प्रदेश नेताओं के साथ विमर्श कर दूर किया जाएगा।

### पार्टी कार्यकर्ताओं को मजबूत करने का आह्वान

**लापुंग :** लापुंग स्टेडियम में मंगलवार को पांच जिलों के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष के साथ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजु, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो, पुर्व मंत्री बंधु तिर्की, सुबोधकांत सहाय, ने बैठक किया। जिसमें रांची, खुंटी, गुमला, सिमडेगा, व लोहरदगा शामिल हैं। मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि मैं पार्टी को चलाने नहीं सेवा करने आया हूं। मैं कार्यकर्ता के प्रति जवाब दे रहूंगा, कोई भी कार्यकर्ता मुझसे मिलकर अपनी बात रख सकता है। इस दौरान उन्होंने पार्टी और संगठन की मजबूती के लिए कई बहुमूल्य सुझाव दिया।

# रांची में महाशिवरात्रि पर आज निकलेगी बारात, नाचेंगे भूत बैताल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर रांची की ओर से शिव बरात में इस बार भगवान शिव अपने भूत प्रेतों के साथ कर्पूरगौरं करुणा अवतरं के रूप में नजर आएंगे। इनकी दिव्य की झांकी के दर्शनमात्र से लोगों का कल्याण होगा क्योंकि शिव सत्यम शिवम सुंदरम हैं। पहाड़ी मंदिर परिसर में प्रेसवार्ता में संरक्षक सूर्यभान सिंह, अध्यक्ष राजेश साहू एवं प्रवक्ता बादल सिंह ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव जैसा कोई सुंदर नहीं। जब ये दूल्हे के रूप में चलेंगें तो 51 माताएं इनका परछन और दिव्य आरती करेंगी क्योंकि शिव का बारात बनने का सौभाग्य हम सबको प्राप्त होगा। भोलेनाथ के साथ सभी देवी देवता जैसे राम- लक्ष्मण सीता, राधे-




कृष्ण, अयोध्या के राम, मां दुर्गा की सवारी महिषासुर मर्दनी भी साथ-साथ चलेंगे। भूत प्रेतों की टोली अपने स्वामी के बारात जाने की खुशी में नाचेंगे और तांडव करेंगे। आपको भोलेनाथ के विवाह का औलोकन पूरी जगह यथा बारात निकलने के बाद शनि मंदिर अपरबाजार, शहीद चौक, फिरायालाल चौक से गांधी चौक, महावीर चौक, रातू रोड होते हुए पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर में सनातनी विधि विधान से विवाह होगा।

मुख्य संरक्षक सुबोधकांत सहाय ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी हम बारात के साथ चलेंगे एवं पूरे शहर वासियों को अलौकिक बारात का दर्शन होगा। संरक्षक कुणाल



अजमानी एवं सूयार्भान सिंह ने बताया कि इस बार लगभग जीवंत झांकी जो पूरा इकोफ्रेंडली बारात होगा। देश के कोने-कोने से कलाकार आ रहे हैं। इस बार बारात में शामिल होने के किये रांची के सभी मंदिर के देवी देवताओं को आमंत्रित किया गया। सभी भिक्षुओं, सपेरा, जोगी एवं अघोरी को आमंत्रित किया गया है ये दिव्य बारात होगा जिसके दर्शन मात्र से कल्याण होगा।

इस बार मुख्यरूप से शिव तांडव, 21 लड़कियों द्वारा काली तांडव, अघोरियों का तांडव नृत्य, भजन संध्या, डीजे, झारखंड का प्रसिद्ध ताशा पार्टी, मनमोहक प्रेम नृत्य जो सबका मनमोह लेगा। पांच रथ होंगे जिसका घोड़ा सारथी होगा। कुल मिलाकर 14 से 15 गाड़ी होगा सबको फूलों से सजाया जा रहा है।

श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू ने बताया कि हर घर शिव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश साहू, राजकुमार तलेजा, दीपक नंन्दा, बादल सिंह, गगन कुमार, शुभाशीष चटर्जी, उर्मिला चौधरी, स्वपना चटर्जी, पूनम जायसवाल, राजीव वर्मा, अमन सिंह, राम सिंह, कुमकुम गुप्ता, अनीश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# सीएनए से झारखंड में महिला किसानों और वैज्ञानिकों को मिलेगी मजबूती

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आईएसएआरसी) ने भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के साथ साझेदारी में बायोटेक किसान हब के तहत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), रांची में क्षमता आवश्यकता मूल्यांकन (सीएनए) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह पहल आईआरआरआई-डीबीटी सहयोगी परियोजना खाद्य सुरक्षा और आय में वृद्धि के लिए कृषि में तकनीकी नवाचार का हिस्सा है। इसका उद्देश्य महिला किसानों और वैज्ञानिकों को चावल आधारित कृषि-खाद्य प्रणालियों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है। यह परियोजना झारखंड सहित भारत के सात प्रमुख चावल उत्पादक राज्यों में फैली हुई है। कार्यशाला का उद्देश्य कृषि में महिलाओं के लिए प्रशिक्षण जरूरतों का आकलन करना, चावल आधारित कृषि प्रणालियों, मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण में तकनीकी प्रगति और




**बीएयू में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

उद्यमशीलता के अवसरों को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन बीएयू के कुलपति डॉ. एस.सी. दुबे ने किया, जिन्होंने लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से महिला किसानों को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि आगामी प्रशिक्षण में बीज चयन, कृषि तकनीक, मिट्टी और पोषक तत्व प्रबंधन, कटाई, कटाई के बाद प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से बाजार संपर्क विकास सहित आवश्यक कृषि पद्धतियों को शामिल किया जाएगा।

बीएयू के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. जे. उरांव और अनुसंधान निदेशक डॉ. पी.के. सिंह शामिल थे। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत किया। बीएयू में चावल पर धान व दलहन अनुसंधान परियोजना की प्रभारी डॉ. नूतन वर्मा ने पूरे कार्यक्रम का समन्वय किया।

आईएसएआरसी में क्षमता विकास विशेषज्ञ और परियोजना की प्रमुख अन्वेषक डॉ. रीति चटर्जी ने सूक्ष्म-उद्यमी अवसरों के निर्माण में सुगंधित चावल जैसी स्थानीय विरासत फसलों की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने नवाचार और सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए महिला किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला में दुमका, धनबाद, कांके और जामताड़ा की 20 महिला किसानों और केवीके प्रमुखों ने समूह चर्चा, एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण, क्षमता आवश्यकताओं का आकलन और प्रशिक्षण आवश्यकताओं की सहभागितापूर्ण प्राथमिकता सहित संवादात्मक गतिविधियों में भाग लिया। इन सत्रों ने क्षमता निर्माण प्रयासों के लिए आवश्यक प्रमुख क्षेत्रों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की।

कार्यशाला का समापन कृषि में महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने, टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने और झारखंड की चावल आधारित कृषि-खाद्य प्रणालियों में दीर्घकालिक विकास के लिए नवाचार को बढ़ावा देने के साझा दृष्टिकोण के साथ हुआ।

# भविष्य के लिए नेतृत्वकर्ता गढ़ रहा आईआईएम रांची



**विभिन्न पेशे से जुड़े कर्मी सर्टिफिकेट कोर्स में हुए शामिल**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** आईआईएम, रांची में चल रहे 'एग्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन लीडरशीप एंड चेंज मैनेजमेंट" कोर्स का समापन हुआ। इसमें विभिन्न कंपनी से जुड़े अनुभवी व पेशेवर कर्मी शामिल हुए। सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर्गत आईआईएम के विभिन्न प्राध्यापकों ने अलग-अलग विषय पर अपने अनुभव और जरूरी जानकारी साझा की।

कोर्स का नेतृत्व कार्यक्रम निदेशक प्रो राजशेखर डेविड, डीन एग्जीक्यूटिव एजुकेशन एंड कंसल्टेंसी प्रो अमित सचान, प्रो वरूण एलेमबिलासरी, प्रो कृष्ण कुमार ददसेना ने किया। साथ ही प्रशिक्षुओं को महत्वपूर्ण जानकारी से लाभावित किया।

प्रो डेविड ने बताया कि कोर्स से वैसे प्रशिक्षु भी जुड़े हैं, जो विदेश में रहते हुए अपने पेशेवर दायित्वों का निर्वाह कर रहे हैं। इस कोर्स का उद्देश्य पेशेवर को शैक्षणिक और मानसिक रूप से सशक्त करना है। इससे वह अपने कार्यक्षेत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन व जरूरी जिम्मेवारियों का निर्वाह कर सके।

सत्र के दौरान आईआईएम रांची के प्राध्यापकों ने प्रतिभागियों को लीडरशीप एंड चेंज मैनेजमेंट का मूलमंत्र साझा किया। कोर्स के अंतर्गत इंटरएक्टिव लर्निंग अप्रोच, केस स्टडी का इस्तेमाल करते हुए पेशेवर सीख और औद्योगिक व व्यावसायिक बदलाव, प्रभावी रणनीति के साथ अंतिम निर्णय लेने की सीख दी गयी। प्रतिभागियों ने कोर्स के जरिये नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रभावी दृष्टिकोण, व्यावहारिक और संगठनात्मक बदलाव के अवसरों को हासिल करने की सीख ली। सर्टिफिकेट कोर्स के समापन सत्र में प्रत्येक प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने आपसी नेटवर्किंग स्थापित की।

# जेसीआई रांची की महिला शाखा की अध्यक्ष बनीं आशा मोदी




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई रांची की महिला शाखा की अध्यक्ष आशा मोदी बनी। जेसीआरटी टीम ने सोमवार को जेसीआई रांची के ऑफिस में शपथ ग्रहण की। इस साल की टीम अध्यक्ष आशा मोदी ने अपने प्रोजेक्ट्स का विवरण देते हुए सावन सिंधारा और किड्स कैंप को वापस आगे लाने की बात की। सभा में मुख्य अतिथि सीए मनीषा बियानी ने वुमेन एंपावरमेंट की बात की।

साल 2025 की टीम में अध्यक्ष आशा मोदी, तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष रुचि झुनझुनवाला, सचिव शीतल लखोटिया, सह सचिव नेहा खेमका, कोषाध्यक्ष प्रिया जालान, उपाध्यक्ष भावना राठौड़, नीमा मस्कारा, पायल अग्रवाल, सुरभि टेकानी, रेनू गाड़ोदिया, रीटा मोदी, स्मिता खेतान।

निदेशक में आकांशा माहेश्वरी, अंकिता अग्रवाल, भाग्यश्री केजरीवाल, दीपिका माहेश्वरी, खुशबू सिंघानिया, निधि केडिया, पायल जैन, पूजा अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, रुचिका जैन, श्रुति जालान, स्वाति खोवाल, शालू अग्रवाल, सौम्य अग्रवाल और सौम्या समोटा शामिल हैं।

जूनियर जेसी आव्या मोदी चुनी गई। कार्यक्रम का संचालन विभा मोदी ने किया।

# एसबीयू और जेजीटीआर के बीच हुआ एमओयू

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) और झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम (जेजीटीआर), रांची के बीच आज एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण से भविष्य में विवि के छात्रों के लिए नौकरी में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। साथ ही प्रशिक्षण के माध्यम से यहां के शिक्षक भी नवीनतम तकनीक से रूबरू हो सकेंगे।

एसबीयू परिसर में हुए सादे समारोह में विवि के कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह और जेजीटीआर के एमडी महेश कुमार गुप्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर एसबीयू के डॉ. पंकज गोस्वामी, डॉ. वी.एन.एल. दुर्गा, एस. डांडीन,




हरिबाबू शुक्ला एवं विवि के अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

जेजीटीआर के ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो और एसटीसी इंचार्ज पूर्णेंदु पंकज उपस्थित रहे। एमओयू में शोध, परामर्श और शैक्षणिक आदान- प्रदान के बिंदु सम्मिलित हैं।

इस एमओयू से डिजाइन एवं उत्पादन के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान, प्रोजेक्ट और कंसल्टेंसी गतिविधियों से सरला बिरला विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। नवीनतम सॉफ्टवेयर में प्रशिक्षण से दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पाएंगी।

एमओयू पर एसबीयू के कुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है।

# खेल पत्रकारिता पर एसबीयू में विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने विवि के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन 25 फरवरी को किया। इसका विषय ह्यखेल पत्रकारिता को जानेंह्व था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिन्दुेस्ताकन के उप समाचार संपादक (खेल) अजय कुकरेती थे। डीन अजय कुमार ने मुख्य अतिथि से छात्रों का परिचय कराया। विशेषज्ञ अजय कुकरेती के करियर और कौशल की उपलब्धियों का सारांश प्रस्तुत किया।

सत्र के दौरान श्री कुकरेती ने छात्रों को एक पेशे के रूप में खेल पत्रकारिता और इसकी प्रासंगिकता के विषय में विस्तार से जानकारी दी। खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में करियर निर्माण के बारे में जागरुकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्होंने प्रिंट पत्रकारिता में खेल की चुनौतियों और अवसरों पर भी चर्चा की।इस क्षेत्र में लेखन और रिपोर्टिंग की शैली पर भी चर्चा की गई। इसके माध्यम से छात्रों ने न केवल खेल पत्रकारिता के महत्व के बारे में जानकारी के अलावा डिजिटल पत्रकारिता के युग में इसकी प्रासंगिकता की जानकारी भी प्राप्त की।

संवादात्मक सत्र के दौरान पत्रकारिता और रिपोर्ट लेखन कौशल से संबंधित विभिन्न प्रश्न छात्रों ने पूछे। विशेषज्ञ ने रिपोर्टिंग से पहले की तैयारी, स्टोरी आइडिया, समाचार लेखन और खेल रिपोर्टिंग में स्रोतों और फॉलो-अप के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

इस कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विभाग के छात्र, एचओडी सुधीर कुमार और संकाय डॉ. नंदिनी सिन्हा उपस्थित रहे।

विशेषज वार्ता के आयोजन पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया।

# मोरहाबादी मैदान में स्टेट हैंडलूम एक्सपो का शुभारंभ

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार इस तरह का स्टेट हैंडलूम एक्सपो ऑगेर्नाइज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक्सपो एक ऐसा प्लेटफार्म है, जो ना केवल झारखंड के हैंडलूम सेक्टर में काम करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि पूरे देश के अन्य राज्यों को भी मंच दे रहा है। वह 25 फरवरी को मोराहबादी मैदान में स्टेट हैंडलूम एक्सपो के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

श्री राजकमल ने कहा कि झारखंड एक विकसित होता हुआ राज्य है। यहां के लोग काफी कला प्रेमी हैं। यहां की संस्कृति में जो कला है, उसका स्वरूप यहां की कलाकृतियों में दिखाई देती है। हैंडलूम एक्सपो हर साल यहां ऑगेर्नाइज करने के लिए हम लोग एक संकल्प लेंगे। जो बुनकर समिति हैं, उन्हें शेड बनाने से लेकर, मशीन लगाने तक कई सारे सब्सिडीज सरकार के द्वारा दिया जाएगा। प्रति साल सैकड़ों की संख्या में इस तरह की सहयोगी समितियों को भी राशि प्रदान करने का काम किया करते हैं।

झारक्राफ्ट की एमडी श्रीमती कीर्ति श्री ने कहा कि झारक्राफ्ट के द्वारा पहली बार स्टेट हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 80 से अधिक स्टॉल हैं। देश के विभिन्न कोने से हमारी बुनकर कम्युनिटीज ने अपना स्टॉल लगाया है। यह एक्सपो बॉयर और सेलर के बीच में एक समन्वय स्थापित करने के लिए और बुनकर कम्युनिटीज को एक विश्व एवं



राज्य स्तर पर एक पहचान दिलाने के लिए मंच है।

एमडी ने बताया कि करीब 15 दिनों तक चलने वाले इस एक्सपो में कुक्कुम धागे को बनाने की विधि और कपड़े की बुनाई का लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया जाएगा। साथ ही अगले 15 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन राज्य एवं अन्य प्रांतों के क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा किया जाएगा। इस साल दिल्ली, कोलकाता, अयोध्या और मुंबई में भी हम हैंडीक्राफ्ट के शोरूम खोल रहे हैं।

**❑ नि:शुल्क एंट्री, सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा एक्सपो**

एक्सयपो 10 मार्च 2025 तक चलेगा। एक्सपो में बंगाल, बिहार, ओडिसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में आए बुनकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा झारखंड के बुनकर केंद्र के 80 स्टॉल भी लगाए गए हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान उद्योग सचिव अरवा राजकमल के हाथों बुनकर से जुड़े लाभुकों के बीच लूम वितरण, वर्क शेड स्वीकृति पत्र, और ट्रेनिंग के लिए पत्र का वितरण किया गया।

स्टेट हैंडलूम एक्सपो उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, एमडी जिडको श्रीमती आकांक्षा रंजन, सीईओ मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड हिमांशु मोहन, एमडी श्रीमती प्रेरणा दीक्षित सीईओ खादी बोर्ड श्रीमती सुमन पाठक, जीएम झारक्राफ्ट पंकज कुमार साव सहित राज्य और अन्य प्रदेशों से आए बुनकर मौजूद थे।

# अवैध कॉलोनी बसाने के खिलाफ नोटिस, तीन दिनों में खाली न करने पर चलेगा बुलडोजर

## बोकारो में मेडिकल कॉलेज बनाने के बहाने दबंगई पर कसा शिकंजा

**विजय कुमार झा**

**बोकारो।** बोकारो में मेडिकल कॉलेज के निर्माण में लगी कंपनी द्वारा सेक्टर-12 डी स्थित रणविजय स्मारक कॉलेज के समीप अवैध और अनाधिकृत रूप से बसायी गई लेबर कॉलोनी बनाये जाने के मामले पर संज्ञान में लेते हुए बोकारो स्टील प्रबंधन ने उसे तीन दिनों के अन्दर खाली करने का आदेश दिया है।

इस आशय का नोटिस मंगलवार को कॉलोनी में चिपका दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि अगर तीन दिनों के भीतर अवैध निर्माण को खाली नहीं किया गया तो प्रबंधन की ओर से उसे ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, बोकारो स्टील प्लांट के नगर प्रशासन विभाग ने सेक्टर 12 डी में निर्मित लेबर कॉलोनी को अवैध घोषित किया है और उसे हुए खाली करने का नोटिस चिपकाया है। बीएसएल प्रबंधन के नगर सेवा विभाग की टीम ने मंगलवार को रणविजय कॉलेज की चहारदीवारी के पीछे टीन की चादरों से बनी विशाल लेबर कॉलोनी के मुख्य द्वार पर नोटिस चिपकाया।



### कॉलेज के रास्ते की भी की गई अवैध घेराबंदी

उल्लेखनीय है कि बोकारो में मेडिकल कॉलेज बनाने के कार्य में लगी कंपनी ने सेक्टर 12 डी में न सिर्फ अवैध रूप से बड़ी कॉलोनी का निर्माण कर लिया, बल्कि बोकारो स्टील प्लांट के बड़े भू-भाग पर टीन बड़े की चादरों से ऊंची दीवार खड़ी कर दी और सेक्टर 12 की ओर से रणविजय स्मारक कॉलेज तथा नेशनल हाईवे पर जाने वाली सड़क को भी अपने घेरे में ले लिया है। दरअसल, कोरोना महामारी के समय में नागरिकों की सुविधा के लिए बीएसएल प्रबंधन ने सेक्टर 12 में जिस जगह सब्जी हटिया लगवाई थी, उस जगह को भी मेडिकल कॉलेज बनाने वाली कंपनी ने अपने कब्जे में लेकर उसकी घेराबंदी कर दी है। इसके चलते अब नेशनल हाईवे के किनारे सब्जी विक्रेता अपनी दुकान सजाते है और इससे आसपास में दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहती है।

### अधिकारियों की भी संलिप्तता पर भी उठते सवाल

दरअसल, बोकारो स्टील प्रबंधन बीएसएल की जमीन पर नई कॉलोनी के बसने को लेकर बीएसएल का शीर्ष प्रबंधन काफी गंभीर हो गया है। इस मामले में बीएसएल के नगर प्रशासन विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का मानना है कि जब बोकारो स्टील प्लांट के सुरक्षा विभाग के पास इतनी बड़ी फौज है तो फिर सेक्टर 12 डी में उसकी कई हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कैसे हो गया और टीन की चादरों के पीछे सैकड़ों हरे-भरे पेड़ काटकर इतनी बड़ी कॉलोनी का निर्माण कैसे हो गया? इस अवैध निर्माण की ओर आखिर किसी का ध्यान आज तक क्यों नहीं गया? देश की महारत्न कंपनी सेल-बीएसएल को करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि पहुंचाने में आखिर किसकी भूमिका रही? बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने मंगलवार को की गई कार्रवाई के संबंध में पूछने पर बताया कि नगर प्रशासन विभाग की ओर से वहां तीन दिनों के भीतर उस क्षेत्र से सभी अस्थायी निर्माण हटाने का नोटिस दिया गया है। अगर तीन दिनों के भीतर वे नहीं हटाते हैं तो बीएसएल द्वारा उसे ध्वस्त कर दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे निर्माण कार्य जल्द करें पूरा : डीसी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने मंगलवार को चास नगर निगम क्षेत्र के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की।

बैठक में अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह सहित निगम के अन्य अधिकारी व कर्मी शामिल हुए। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-आर) के तहत पूर्ण एवं अपूर्ण आवासों के प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21, 2022-23 के अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वर्टिकल थ्री (पीएम आवास) के प्रगति की भी समीक्षा की। अपर नगर आयुक्त ने वर्टिकल थ्री के बारे में बताया कि 160 फ्लैटों (पांच इकाई) का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। कुछ कार्यों को करना है, जिसे संबंधित एजेंसी से समन्वय स्थापित कर पूरा करने एवं चिह्नित लाभुकों को आवास आवंटित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने शहरी आजीविका मिशन के तहत पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को विभिन्न योजनाओं से अच्छादित करने एवं ऋण उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) का गठन कर समूह की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। वहीं, आर्थिक समृद्धि को लेकर उन्हें कुकीज, बिस्किट,चाकलेट आदि निर्माण कार्य से जोड़ने व मार्केट लिंकेज के दिशा में कार्य करने को कहा।



बैठक में अपर नगर आयुक्त ने पुराने नगर निगम भवन से राजस्व बढ़ाने को लेकर उसे किराए पर लगाने की बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराने को कहा। उपायुक्त ने शहरी पेयजलापूर्ति योजना फेज टू के कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में बताया गया कि 75 फीसदी से ज्यादा कार्य पूरा कर लिया गया है। उपायुक्त ने रात्रि में भी एजेंसी को कार्य करने को कहा। वहीं, फेज थ्री पेयजलापूर्ति की समीक्षा की। बताया गया कि डीपीआर तैयार कर तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजा गया है। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में तालाब जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा की। अमृत योजना के तहत दो तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया है। इस क्रम में निगम क्षेत्र के तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने, तामिला जारी कर अतिक्रणकारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, शहर को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर लगातार अभियान चलाने, जुमार्ना वसूलने आदि निर्देश दिया गया। समीक्षा क्रम में 15वें वित्त आयोग के तहत पूर्ण योजनाओं, कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण कराने का अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी निर्देश दिया गया।

## केबी कॉलेज बेरमो के स्वयं सेवक को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो ।** केबी कॉलेज बेरमो के एनएसएस स्वयं सेवक सुमित कुमार सिंह को राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार ने प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

सुमित का चयन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा विशिष्ट अतिथि गणतंत्र दिवस समारोह नई दिल्ली के लिए हुआ था। एनएसएस स्वयं सेवक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आ रहे हैं। केबी कॉलेज बेरमो के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो. इंचार्ज प्रो. गोपाल प्रजापति, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार, डॉ. अरुण कुमार रॉय महतो, रवींद्र कुमार दास, सदन राम आदि कॉलेज परिवार ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## संक्षिप्त

### खुटरी में सरहुल 20 मार्च को, तैयारी शुरू

**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड खुटरी पंचायत के ओहदार टोला जेहरा स्थल में 20 मार्च को होने वाले आदिवासियों के प्रकृति पर्व सरहुल की तैयारी शुरू हो गई है। कमेटी के कोषाध्यक्ष मनिंद्र हेम्ब्रम ने बताया कि जेहरा स्थल की साफ सफाई, शेड और बाउंड्री के रंगरोगन का काम चल रहा है। यहां बारह टोला के आदिवासी आकार पूजा अर्चना करने के बाद दिनभर उत्सव मनाते हैं। अब तक पश्चिम सिंहभूम के सांसद जोबा मांझी, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल आदि नेताओं को सरहुल में आने का आमंत्रण दिया गया है।

### सात तक चलेगा डीवीसी का मेडिकल कैंप

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल डीवीसी पावर प्लांट के सहायक प्रबंधक सेफ्टी ए.के. चौबे ने डीवीसी के सभी कामगारों एवं श्रमिकों के लिए पावर प्लांट स्थित तकनीकी भवन के ओएचसी (व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र) में 25 फरवरी से 7 मार्च तक मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया है। सहायक प्रबंधक ने इस आशय की सूचना सभी नोटिस बोर्ड पर चिपकाई है, जिसमें उक्त अवधि के दौरान प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। मेडिकल परीक्षण उन कर्मचारियों/ श्रमिकों के लिए है जो नियुक्ति की तिथि से एक वर्ष के लिए कार्यरत हैं।

### बोकारो थर्मल पावर प्लांट से उत्पादन शुरू

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले ए पावर प्लांट से विद्युत उत्पादन शुरू हो गया। मंगलवार को पावर प्लांट से 330 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा था। सोमवार की रात यूनिट को लाइट अप किया गया था। उक्त पावर प्लांट से शुक्रवार की रात लगभग एक बजे बॉयलर में ट्यूब लीकेज के कारण विद्युत उत्पादन ठप हो गया था जिसके कारण यूनिट को बंद करना पड़ा था।

### प्रदूषण रोकने को ले डीसी को दिया ज्ञापन

**बोकारो।** बोकारो की विभिन्न समस्याओं, खासकर जल एवं वायु प्रदूषण से हो रहे असर को लेकर दामोदर बचाओ आंदोलन के बैनर तले मंगलवार को उपायुक्त विजया जाधव को 13 सूत्री मांग पत्र का सौंपा गया। मांग पत्र में औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों द्वारा वायु प्रदूषण पर रोकथाम के लिए उपकरण सुनिश्चित करने, वेदांता इलेक्ट्रोस्टील रोड में भारी वाहनों के कारण तालगड़िया रोड पर वायु प्रदूषण पर रोक लगाने, सीसीएल बोकारो करगली क्षेत्र में गोदो नाला नंबर 4 के पास एस.टी.पी प्लांट लगाने बेरमो कोयलांचल में डंपर व हाइवा से कोयले की ढंककर ढुलाई, टीटीपीएस द्वारा दामोदर नदी में एसिडयुक्त पानी के बहाव पर रोक लगाने सहित अन्य मांगें हैं। प्रतिनिधिमंडल में दामोदर बचाओ आंदोलन के बोकारो जिला संयोजक सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, अशोक जगनानी, शिवकुमार श्रीवास्तव, विक्रम कुमार महतो, गोपाल साह, आशीष कुमार महतो आदि शामिल थे।

## झारखंड के बेसहारा बुजुर्गों को मिला निर्वाण आश्रय गृह, अपर नगर आयुक्त की पहल

### आदित्यपुर के मांझी टोला में 50 बिस्तरों वाले आश्रय गृह का मार्च में होगा भव्य उद्घाटन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**आदित्यपुर।** समाज के निराश्रित लोगों के जीवन में गरिमा और सुरक्षा लौटाने की दिशा में हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।



आदित्यपुर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त रवि प्रकाश ने मांझीटोला, आदित्यपुर स्थित 50 बिस्तरों वाले आश्रय गृह का आधिकारिक हस्तांतरण हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन को किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर संस्थापक प्रवीण श्रीवास्तव, ट्रस्टी अरविंद कुमार और गोल्डन एजर प्रोजेक्ट के लीडर पी. डी. सिंह ने दस्तावेज प्राप्त किए। इस आश्रय गृह को निर्वाण नाम दिया गया है, जो उन लोगों (खासकर बुजुर्गों) के लिए एक नई आशा की किरण बनेगा, जिन्हें समाज ने भुला दिया है। यहां उन्हें स्वस्थ जीवन, सम्मानजनक देखभाल और आत्मीयता मिलेगी। फाउंडेशन ने बताया है कि मार्च 2025 में निर्वाण का भव्य उद्घाटन होने की उम्मीद है। यह पहल न सिर्फ निराश्रित लोगों के लिए एक नई आश्रय बनेगी, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा बनेगी कि हर इन्सान (खासकर बुजुर्ग) को सम्मान, सुरक्षा और स्नेह मिलना चाहिए।

## बाबा निरंजन नाथ शिव मंदिर सज-धजकर तैयार, होगा अखंड कीर्तन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** सेक्टर 6 डी स्थित बाबा निरंजन नाथ शिव मंदिर का 44वां वार्षिक महोत्सव सोमवार से शुरू हो गया। महोत्सव के साथ-साथ महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। आयोजन समिति के उग्रनाथ झा ने बताया कि महाशिवरात्रि तक चलने वाले इस वार्षिक महोत्सव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 48 घंटे का अखण्ड हरिनाम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरूआत सोमवार को जल यात्रा से हुई। जल यात्रा के बाद सोमवार को सुबह 11 बजे से अखण्ड हरिनाम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ और बुधवार को 12 बजे अखण्ड हरिनाम महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। बुधवार को ही अपराह्न 4 बजे से शिव बारात की भव्य झांकी, रात्रि में भगवान शिव व माता पार्वती का शुभ विवाह एवं प्रसाद वितरण के साथ इस महोत्सव का समापन होगा।



## तनावग्रस्त अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बोकारो।** जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधडीह ब्राह्मण टोला निवासी ओम प्रकाश पांडेय (55) ने एक पेड़ पर फांसी के फंदे में झूलकर आत्महत्या कर लिया। घटना मंगलवार की दोपहर लगभग ढाई बजे की है। पुलिस शव को घटनास्थल से बरामद किया है। घटना को लेकर घरेलू विवाद व मानसिक तनाव बताया जा रहा है। बताया गया कि ओम प्रकाश सुबह के करीब 9 बजे घर से निकले थे, फिर वह वापस नहीं लौटे। ग्रामीणों ने उसके घर से लगभग 200 मीटर दूर स्थित जंगल पर बबलू के पेड़ पर रस्सी फंदा से उसे झूलता हुआ पाया। ग्रामीणों ने ही इसकी सूचना परिजनों के अलावा जरीडीह पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही परिजन पहुंचे और उन्हें फंदे पर लटका देखकर रोने लगे। पुलिस के पहुंचने पर शव को फंदे से उतारा गया। साथ ही पुलिस ने परिजनों के अलावा आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ किया। वह अपने पीछे इकलौता बेटा वीरेंद्र कुमार पांडेय, पत्नी और भरापूरा परिवार छोड़ गया है। बताया गया कि एक सप्ताह पहले ही मृतक महाकुंभ प्रयागराज से लौटे थे। बेटा ने बताया कि प्रयागराज से लौटने के कुछ दिन के बाद वह ठीक नहीं लग रहा है बोल रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। मामले में पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है।

## गलत तरीके से कार्यविंटन का आरोप, ईडी को लिखा पत्र

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल निवासी आजसू पार्टी के बोकारो जिला सह सचिव सह सांसद प्रतिनिधि जलेश्वर कुमार महतो ने डीवीसी के ईडी (कार्यपालक निदेशक) मेंटेनेंस को पत्र लिखकर एफजीडी का कार्य करनेवाली टेक्नो कंपनी के द्वारा केआर कंस्ट्रक्शन को गलत तरीके से देने के मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। जिला सह सचिव ने पत्र में लिखा है कि उक्त कंपनी के कार्य की निविदा में जिस कायार्नुभव की मांग की गई थी, वह सही नहीं है। कंपनी द्वारा जो वित्तीय प्रमाण पत्र दिया गया है उसकी भी जांच करने की जरूरत है और कंपनी के द्वारा डीवीसी की आवासीय कॉलोनी में आवास पर अवैध कब्जा भी है। डीवीसी के ईडी को भेजे गए पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री, केंद्रीय ऊर्जा सचिव, गिरिडीह सांसद, डीवीसी के सदस्य तकनीकी, सीवीओ कोलकाता को भी भेजी है। विदित हो कि उक्त कंपनी को गलत तरीके से निविदा आवंटन करने के मामले की जांच को लेकर पूर्व में गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ने भी डीवीसी के स्थानीय एचओपी एवं टेक्नो कंपनी के निदेशक रमेश अग्रवाल से बात की है। कार्य आवंटन को रद्द करने की मांग को लेकर गिरिडीह सांसद के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो एवं जितेंद्र यादव ने पिछले दिनों टेक्नो कंपनी के अधिकारियों, इंजीनियरों एवं कामगारों का गेट जाम आंदोलन किया था।

## स्व. शिवनारायण कुमार महतो मेमोरियल क्रिकेट 1 से

**बोकारो थर्मल।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित गोनियाटो फुटबॉल मैदान में 16वां स्व शिवनारायण कुमार महतो दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन युवा विकास क्लब सह ग्राम विकास समिति द्वारा एक मार्च से किया जाएगा। मैच का आयोजन को लेकर एक बैठक मंगलवार को काजल कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई, जिसमें प्रतियोगिता की सफलता को लेकर एक कमेटी बनाई गई। कमेटी में अध्यक्ष काजल कुमार महतो, सचिव वीरेंद्र कुमार महतो, कोषाध्यक्ष अशोक तुरी, उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, महासचिव होरिल महतो, पिंटू मरांडी, उपकोषाध्यक्ष अजय नायक, सहसचिव दिलीप मरांडी को बनाया गया। प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग लेंगी। बैठक में गणपत महतो, टिंकू कुमार महतो, नेमचंद महतो, प्रकाश महतो, सत्यम कुमार, नितेश कुमार, राजकुमार महतो, मुजम्मिल अंसारी, शाहिल राज, मुकेश नायक, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## साहित्यकार प्राणेश कुमार के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**बोकारो।** जनवादी लेखक संघ के वरिष्ठ साहित्यकार एवं झारखंड के उपाध्यक्ष प्राणेश कुमार के निधन पर स्थानीय साहित्यकारों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। विगत 20 फरवरी को प्रातः उनका निधन हो गया। वे लम्बे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। सोमवार शाम सेक्टर 4 एफ में कवि कथाकार प्रहलाद चन्द्र दास के आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोकारो शहर के अनेक साहित्यिकार उपस्थित हुए। सभी ने उनके साहित्यिक-अवदानों, उनके मृदु स्वभाव को याद किया तथा उनका जाना साहित्य जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति बताई।

## निदेशक प्रभारी ने सीओ और सीसी विभाग में लिया सुरक्षा पहलुओं का जायजा

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने मंगलवार को बोकारो स्टील प्लांट के सीओ और सीसी विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा) बी के सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास, सीओ और सीसी विभाग के विभागाध्यक्ष पी एस कुमार, महाप्रबंधक (सीओ और सीसी) सहित विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान सीओ और सीसी विभाग के अधिशासियों तथा कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की, साथ ही उन्हें पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## डीवीसी में छाई की ओवरलोडिंग पर प्रशासन सख्त

### एसडीएम ने बोकारो थर्मल-चंद्रपुरा एचओपी को लिखा पत्र

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ ने मंगलवार को एक पत्र जारी कर डीवीसी बोकारो थर्मल एवं चंद्रपुरा के एचओपी (परियोजना प्रधान) को ऐश पौंड से की जा रही छाई ढुलाई में मानकों की अनदेखी कर ओवरलोड छाई ढुलाई पर रोक लगाने का निर्देश दिया है।

दोनों एचओपी को जारी पत्र में एसडीएम ने लिखा है कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई है कि छाई लोडिंग क्षेत्र में छाई की ओवरलोडिंग की जा रही है, जिससे बेरमो अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत ओवरलोडिंग गाड़ियों के चलने के कारण सड़कों की स्थिति समय से पूर्व ही जर्जर हो रही है। इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ओवरलोडिंग गाड़ियों के चलने के कारण पर्यावरण में धूलकण से बीमारियाँ हो सकती हैं, साथ ही दुर्घटना होने की भी संभावना है, जिससे विधि-व्यवस्था की समस्या हो सकती है। इस संदर्भ में छाई लोडिंग क्षेत्र में ओवरलोडिंग नहीं हो, इसे सुनिश्चित करें, ताकि विधि-व्यवस्था विधिवत रूप से संचालित हो सके। लिखा कि यदि औचक जांच के क्रम में ओवरलोडिंग पाई जाती है तो छाई लोडिंग क्षेत्र के संबंधित धर्म कांटा को सील करते हुए विधिवत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि बोकारो थर्मल एवं चंद्रपुरा स्थित डीवीसी के ऐश पौंड से चलने वाले सभी हाईवा में ओवरलोडिंग छाई की ढुलाई की जा रही है, जिससे छाई ट्रांसपोर्टिंग के पूरे रास्ते पर छाई गिरती है, जिससे प्रदूषण होता है और छोटे वाहनों एवं पैदल चलने वाले लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

# संगीत संध्या में पं. राणा झा के शास्त्रीय गायन से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

## जिसको नहीं है बोध तो गुरु-ज्ञान क्या करे...

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो संगीत कला अकादमी में सोमवार की शाम शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम का खास आकर्षण रहा दिल्ली से पधारे वरिष्ठ शास्त्रीय गायक पं. राणा झा का शास्त्रीय गायन। सुरमणि सम्मान, मिथिला रत्न सम्मान, संगीत शिरोमणि सहित कई सम्मानों से विभूषित पं. राणा झा ने राग पुरिया धनाश्री में सुमधुर शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करने के बाद नानक के भजन- जगत में झूठी देखी प्रीत व ब्रह्मानन्द के भजन- जिसको नहीं है बोध गुरु ज्ञान क्या करे... की भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके साथ तबले पर डॉ राकेश रंजन व तानपुरे पर संहिता भट्टाचार्या व गौरी झा ने संगति की। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत गायिका गौरी झा के गायन से हुई। गौरी ने राग कलावती सुनाकर सबकी वाहवाही ली। इनके साथ तबले पर अमित सरकार ने संगति की। तत्पश्चात गायक विभु शंकर मिश्र ने राग यमन में छोटा ख्याल- अब कौन रिझाबल जाए रे... की कर्णप्रिय प्रस्तुति से सबको आनंदित किया। इनके साथ तबले पर डॉ राकेश रंजन व हारमोनियम पर हरेकनाथ गोस्वामी ने संगति की। पं. राणा झा ने कहा कि संगीत में रियाज का काफी महत्व है। रियाज के माध्यम से ही संगीत पर पकड़ बना सकते हैं। प्रारंभ में कलाकारों का स्वागत अकादमी के प्रशासक अरुण कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का संचालन संगीतज्ञ प्रसेनजीत शर्मा व अंत में धन्यवाद ज्ञापन अरुण पाठक ने किया। इस मौके पर सेल के सीजीएम अनिमेष कुमार झा, संगीतज्ञ पं श्याम गोस्वामी, हीरा देवी, शारदा झा, महाकांत झा, समरेंद्र झा, सीमा झा, संगीता कुमारी, प्रमोद भगत आदि संगीत प्रेमी श्रोता उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक हैं देवाधिदेव शिव

महाशिवरात्रि



योगेश कुमार गोयल

**महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग एवं शहद अर्पित करने से विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।**

भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करने का विशेष अवसर है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का दिन माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं और महाशिवरात्रि का व्रत रखने से पापों का नाश होता है, मानसिक शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व इस वर्ष 26 फरवरी को मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। यह आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने का सुअवसर है। महाशिवरात्रि को शिव तत्व को आत्मसात करने, नकारात्मक ऊजाओं को समाप्त करने और आध्यात्मिक उत्थान प्राप्त करने का सबसे उत्तम अवसर माना जाता है।



महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग एवं शहद अर्पित करने से विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। इस रात्रि को जागरण करने वाले भक्तों को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखने और रात्रि जागरण करने से समस्त पापों का नाश होता है और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि महाशिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है, जिसमें हर प्रहर में शिवलिंग का अलग-अलग द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है, पहले प्रहर में जल, दूसरे प्रहर में दही, तीसरे प्रहर में घी और चौथे प्रहर में शहद से अभिषेक करने का विधान है।

धर्मग्रंथों में भगवान शिव को ह्यकालों का काल' और ह्यदेवों का देव' अर्थात् 'महादेव' कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थ स्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है?

इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, ह्यह्यजिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से ह्यसगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं।'

शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे ह्यनीलकंठह्ल के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं।

(लेखक 35 वर्षों से साहित्य और पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संपादकीय

### मेलोनी का मास्टर स्ट्रोक

इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने वाशिंगटन में आयोजित कंजर्वेटिव पॉलटिक्स एक्शन कांफ्रेंस में वामपंथ की खुलकर आलोचना करते हुए रूढ़िवादी बातों पर जोर दिया। वीड़ियो लिंक द्वारा दिये भाषण में मेलोनी ने कहा 90 के दशक में बिल क्लिंटन और टोनी ब्लेयर के वैश्विक वामपंथी उदारवादी नेटवर्क बनाने पर उन्हें अनुभवी व प्रतिष्ठित राजनेता कहा गया। आज जब ट्रंप, मेलोनी, (अजंर्टीना के राष्ट्रपति जेवियर) माइली या शायद (नरेन्द्र) मोदी बात करते हैं तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा कहा जाता है। मेलोनी ने कहा यह दोहरा मापदंड़ है, लेकिन हम इसके आदी हो चुके हैं। अच्छी बात यह है कि वे हम पर चाहे जितना कीचड़.उछालें, लोग उनके झूठ पर अब भरोसा नहीं करते। आगे उन्होंने कहा, ट्रंप की जीत से वामपंथी घबराये हुए हैं। उदारवादी नेटवर्क के तौर पर वर्णित संगठन की तीखी आलोचना करते हुए उन्होंने वामपंथियों पर पाखंड़ करने और विश्व स्तर पर रूढ़िवादी नेताओं के उदय पर उन्मादी प्रक्रियाओं पर सीधे वार किए। अति दक्षिणपंथी ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी की नेता मेलोनी के ये तेवर रोम में उनके राजनैतिक विरोधियों के लिए यह सांप लोटने सरीखा है। मेलोनी के विचारों से ट्रंप की यूरोप के प्रति अमेरिकी नीति में बदलाव तथा यूरोपीय सहयोगियों के दरम्यान तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के संकेत स्पष्ट नजर आते हैं। यूरोप के व्यापार असंतुलन व टैरिफ बढ़ाने के ऐलान के बाद से नया विवाद जारी है। कहा जा सकता है कि नये अमरीकी प्रशासन को वह किसी भी कीमत पर नाराज करने को राजी नहीं हैं। इस कांफ्रेंस का मकसद ही दुनिया में रूढ़िवादियों की सबसे बड़ी व प्रभावशाली सभा के रूप में दुनिया के समक्ष अपनी ताकत का इजहार करना है। तय रूप से वर्तमान समय में मेलोनी या अन्य रूढ़िवादी नेताओं ने वामपंथियों पर तीखे वार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वे जनता के समक्ष उदारवादियों की कलई उतारने और संगठित रूप से अपनी जड़े.मजबूत करने के प्रति प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं। व्यापक प्रचार व तीखे तेवरों के भरोसे वे अपने मकसद में काफी हद तक सफल भी होते जा रहे हैं। विचारणीय है कि बीते दशक में यूरोप में रूढ़िवादी व दक्षिणपंथियों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। इस पर चिंता भले ही जताई जा रही है, परंतु मतदाताओं की बदलती विचारधारा पर गहन विश्लेषण की जरूरत को भी बरगलाया जाना अनुचित नहीं कहा जा सकता। मेलोनी के तेवरों से रूढ़िवादियों को सीना चौड़ा करने का फिर से सुनहरा मौका हाथ लगा है।

## चिंतन-मनन


### सोच समझकर हो प्रशंसा

अक्सर जब तुम प्रशंसा करते हो तो किसी और की तुलना में करते हो। किसी एक की प्रशंसा करने में हम किसी दूसरे को नीचा दिखाते हैं और किसी की गलती को दशार्ने के लिए हम दूसरे की प्रशंसा करते हैं। कुछ लोग प्रशंसा करने में कंजूस होते हैं और कुछ शमीर्ले। कुछ लोगों को प्रशंसा करनी नहीं आती और प्रशंसा करना भूल जाते हैं। कुछ व्यक्ति मतलब के लिए प्रशंसा करते हैं और कुछ तुम्हें उठाने के लिए। कुछ और लोग अपने आत्मविश्वास की कमी को छुपाने के लिए स्वयं की प्रशंसा करते हैं। किन्तु वास्तविक प्रशंसा उन्नत चेतना की अवस्था से निकलती है। जो प्रशंसा उन्नत चेतना की अवस्था से आती है, वह स्वरूप से आती है और बिल्कुल भिन्न होती है। साधारणतः प्रशंसा लालसा और दम्भ से आती है। उन्नत चेतना की अवस्था से आई प्रशंसा पूर्णता से उभरती है। निःसंदेह प्रशंसा चेतना को उभारती है और उत्साह व ऊर्जा लाती है। परंतु साथ ही यह घमंड भी ला सकती है।

प्रशंसा करना भी एक कौशल है। जब कोई तुम्हारी प्रशंसा करता है, तो क्या तुम बिना शर्माए उसे स्वीकार करते हो? बिना शर्माए प्रशंसा को स्वीकार करना भी एक कुशलता है। तुम किसी की प्रशंसा कब करते हो? जब वे कुछ अनोखा करते हैं, असाधारण, जो उनके स्वभाव के अनुसार नहीं है। जब एक दुष्ट व्यक्ति कोई समस्या पैदा नहीं करता, तब तुम उसकी तारीफ करते हो। या कोई व्यक्ति जिसे भला नहीं समझते, जब कुछ नेक काम करता है, तब तुम उसकी प्रशंसा करते हो। जब कोई भला आदमी अत्यन्त असाधारण काम करता है, तब तुम उसकी प्रशंसा करते हो।

यदि कोई बच्चा एक प्याली चाय बनाता है तो तुम प्रशंसा करते हो, परंतु वही एक प्याली चाय यदि मां बनाए तो तुम शायद तारीफ न करो, क्योंकि उसके लिए यह नियमित कार्य है। इन सभी स्थितियों में जिन कार्य की तुम प्रशंसा करते हो, वे अल्पकालिक हैं, उनके आचरण से अलग या उनके स्वभाव के विपरीत। तो जब तुम किसी चीज के लिए किसी की प्रशंसा करते हो, तुम संकेत करते हो कि वे लोग साधारणतः ऐसे नहीं हैं। इसका मतलब है कि वह कार्य उनके स्वभाव में नहीं और इसीलिए वे अपनी प्रशंसा चाहते हैं- यह एक विरला गुण या कृत्य है। प्रशंसा एक अलगाव के भाव, एक दूरी को इंगित करती है, इसीलिए प्रशंसा करते समय सावधान रहो।

# आस्था का महापर्व : प्रयागराज, काशी, अयोध्या में भक्तों का सैलाब



सनत जैन



आस्था के महापर्व में प्रयागराज, बनारस और अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ पहुंच रही है। जनवरी और फरवरी का महीना आस्था के महापर्व के रूप में मनाया गया है। प्रयागराज मे महाकुंभ के आयोजन में करोड़ों भक्तों की आस्था देखने को मिली। 12 जनवरी से 26 फरवरी के बीच विभिन्न पर्वों के दौरान प्रयागराज में भक्तों का बड़ी संख्या में आगमन हुआ। 200 किलोमीटर दूर तक जाम लग गया। भगदड़ भी मची। आगजनी की घटनाएं भी हुईं लेकिन भक्तों की आस्था कम नहीं हुई। विभिन्न राज्यों से तथा विदेशों से बड़ी संख्या में भक्त प्रयागराज पहुंचे। भक्तों को कितनी भी कठिनाई हुई, उसकी किसी ने शिकायत नहीं की। अपनी आस्था के केंद्र बिंदु में जिस प्रयोजन के लिए वह वहां पहुंचे थे उसका उन्होंने आस्था के साथ जुड़कर कार्य को पूर्ण किया है। अब महाकुंभ समाप्ति की ओर है। इसके बाद भी भक्तों का रेला प्रयागराज में बना हुआ है। पहले ऐसा लग रहा था, समापन के अवसर पर भक्तों की भीड़ कम होगी, लेकिन इसके विपरीत भक्तों का आगमन बड़ी संख्या में अभी भी जारी है। 25 फरवरी तक प्रयागराज में भक्तों की जो भीड़ देखने को मिली है, वह अपने आप में आश्चर्य पैदा करने वाली है। प्रयागराज के साथ-साथ अब भक्तों की भीड़ बनारस और अयोध्या में बाबा विश्वनाथ और भगवान राम के दर्शन के लिए जा रही है। महाशिवरात्रि के लिए भव्य और ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में की गईं है। महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ भक्तों को लगातार 46 घंटे से अधिक समय तक दर्शन देंगे। 26 फरवरी की सुबह मंगला आरती के बाद से बाबा महाकाल के दर्शन भक्तों को मिलना शुरू हो जाएंगे। 28 फरवरी की रात 1 बजे तक बाबा विश्वनाथ के दर्शन भक्तों को होंगे। बनारस में लाखों की संख्या में भक्त हर घंटे पहुंच रहे हैं। पहली बार शिव बारात महाशिवरात्रि के 1 दिन बाद निकालने का निर्णय आयोजन समिति और जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए इस बार महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा विश्वनाथ की बारात नहीं निकलेगी। बाबा अपने मंदिर में ही भक्तों को दर्शन देंगे। बनारस में इन दिनों 20 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए 25 फरवरी के बाद से 2 दिन तक वाहनों का प्रवेश बनारस में बंद कर दिया गया है। बाबा विश्वनाथ के सुगम दर्शन हों, इसके लिए वीआईपी व्यवस्था बंद कर दी गई है। सभी भक्त लाइन में लगकर बाबा के दर्शन करेंगे। महाकुंभ के अवसर पर संगम तट पर जो भी श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे थे, अब वे हनुमान जी और बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर अयोध्या जाकर भगवान राम के दर्शन कर रहे हैं। जिसके कारण तीनों ही स्थान पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। आस्था के इस महापर्व पर जिस तरह से भक्तों की भीड़ उमड़ी है उसको देखकर सभी आश्चर्यचकित हैं। भक्तों की भारी भीड़ से स्पष्ट है, भारत में धार्मिक आस्था, भक्तों के दिलो और दिमाग में सबसे ऊपर है। भारी भीड़ और अव्यवस्था के बाद भी करोड़ों की संख्या में भक्त धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर अपनी आस्था का प्रदर्शन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि 60 करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में आकर संगम में डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज, बनारस और अयोध्या में इन दिनों दूध, सब्जियां दवाओं, ईंधन, खाने-पीने के सामान की भारी कमी देखने को मिल रही है। आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी भारी अफरा-तफरी मची हुई है। इसके बाद भी भक्तों की आस्था का सैलाब कम नहीं हो रहा है। महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के साथ हो जाएगा। इसके बाद भी तीनों धार्मिक स्थलों पर भक्तों की भीड़ कई दिनों बाद तक बनी रहेगी। भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन भक्तों से दर्शन कर-के अपने-अपने गन्तव्य स्थान पर जाने का अनुरोध कर रहे हैं। जिस संख्या में श्रद्धालु धार्मिक स्थलों पर पहुंच रहे हैं उस संख्या को देखते हुए, यही कहा जा सकता है, कि किसी भी व्यवस्था को बनाए रखना व्यवस्थापकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। अव्यवस्था के बीच व्यवस्था किस तरह से बनती है, इसका श्रेय भक्तों के ऊपर जाता है। भक्तों ने अपनी आस्था को आधार बनाकर हर असुविधा और अपनी तकलीफ को सहज रूप से स्वीकार कर लिया। भक्त अपने जिस लक्ष्य को लेकर वहां पहुंचे थे। उसके अलावा अन्य किसी ओर भक्तों ने ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण अव्यवस्था के बीच किस तरह से व्यवस्था स्वमेव बनती चली जाती है, यह महाकुंभ इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

# कतर से दोस्ती इसलिए है जरूरी



गिरीश पांड़े



कतर के शेख तमीम बिन हमद अलझ्रथानी की हालिया 17 से 18 फरवरी,2025 की दो दिवसीय भारत की आधिकारिक यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुलावे पर की गई थी और वह 2015 के बाद दूसरी बार भारत पहुंचे। उन्हें प्रधानमंत्री स्वयं प्रोटोकॉल तोड़ खुद एयरपोर्ट पर रिसीव करने गए थे। इससे सहज ही दोनों देशों के बीच संबंधों की उष्णता का पता चलता है। भारत-कतर संबंधों की अहमियत का पता इस बात से भी चलता है कि कतर की आबादी लगभग 29 लाख है, और वहां 8 लाख 35 हजार के आसपास भारतीय मौजूद है।

कहने को कतर क्षेत्रफल के लिहाज से त्रिपुरा के बराबर एक छोटा देश है, लेकिन कतर लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) और पेट्रोलियम उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक है और भारत की ऊर्जा की जो भी जरूरतें रहती हैं, उसे काफी हद तक यह छोटा कतर ही पूरा कर रहा है। इसलिए ऊर्जा सहयोग भारत-कतर संबंधों का एक प्रमुख आधार बना हुआ है। इसके अलावा, वहां जो भारतीय काम करते हैं, वे हर साल भारत को तो अरबों रु पये भेजते ही हैं, साथ ही कतर की अर्थव्यवस्था में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस प्रकार कतर में यह भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। कतर भारत पर काफी भरोसा करता है। इसलिए चीन और जापान के बाद भारत कतर का तीसरा बड़ा व्यापारिक भागीदार है। साल 2017 कोई भूला नहीं है जब मिडल ईस्ट के कई देशों ने कतर का बॉयकॉट कर दिया था, उस पर आरोप लगा था कि वो आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उसकी धरती से आईएस जैसे संगठन ऑपरेट कर रहे हैं। उस समय सऊदी अरब ने बड़े मिशन के तहत कतर के विमानों की अपने देश में एंट्री तक बैन करवा दी थी, लेकिन भारत ने उस समय समझदारी दिखाते हुए कूटनीति का परिचय दिया जहां पर सिर्फ कुछ समय के लिए कतर के साथ व्यापार को स्थगित किया गया, लेकिन जैसे ही स्थिति सामान्य हुई, फुल स्पीड में फिर ट्रेड को आगे बढ़ाया गया। ऐसे संकट के समय भारत ने कतर को बायकॉट करने के बजाय सहारा देने का काम किया था जिसे कतर भूला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अ-थानी के बीच नई दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान दोनों देशों ने व्यापार, ऊर्जा, निवेश, नवाचार, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण साझेदारी बढ़ाने का फैसला किया है। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-कतर के द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया है। इससे व्यापार, निवेश और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को और मजबूती मिलेगी। हाल के वर्षों में खाड़ी देशों के साथ भारत के रिश्तों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के देशों में सऊदी अरब, यूएई, ओमान और कुवैत के बाद कतर पांचवां देश है, जिसके साथ भारत ने रणनीतिक साझेदारी समझौता किया है। दोनों देशों ने अगले पांच वषाङ्ग में आपसी व्यापार को वर्तमान 14.08 अरब डॉलर से बढ़ाकर 28 अरब डालर करने का लक्ष्य भी रखा है। कतर ने भारत के प्रमुख क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने में रु चि व्यक्त की है। अभी कतर भारत को एलएनजीऔर तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता हैङ्क लेकिन अब रणनीतिक साझेदारी के तहत व्यापार इससे आगे भी बढ़ाया जाएगा। इससे आने वाले समय में कतर भी संयुक्त अरब अमीरातङ्क सऊदी अरबङ्क ओमान और कुवैत की तरह भारत के करीबी व्यापारिक सहयोगियों में शामिल हो जाएगा। भारत में कतर का मौजूदा निवेश देखें तो कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी ने पहले ही भारत में खुदराङ्क विद्युत क्षेत्रङ्क सूचना प्रौद्योगिकीङ्क शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाङ्क किफायती आवास में १.५ अरब डालर का निवेश किया है॥। भविष्य में बुनियादी ढांचा और बंदरगाह जहाज निर्माणङ्क नवीकरणीय ऊर्जा और स्मार्ट सिटी फूड पार्क और स्टार्टअप्सङ्क एआईङ्क रोबोटिक्सङ्क मशीन लनिृग जैसी नई प्रौद्योगिकि निवेश के संभावित क्षेत्र कहे जा सकते हैं। कतर की कंपनियों ने देश के तकनीकीङ्क बुनियादी ढांचे और विनिर्माण उद्योगों में मह‘वपूर्ण निवेश किया हैङ्क जबकि भारतीय कंपनियों ने कतर में एक मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। निःसंदेह कतर के अमीर की भारत यात्रा ने दोनों देशों के बीच एक गहरी और बहुआयामी साझेदारी के लिए मंच तैयार कर दिया है। रणनीतिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करकेङ्क भारत और कतर महत्त्वपूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए तैयार हैं, जिससे उनके लंबे समय से चले आ रहे संबंध और मजबूत होंगे और क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्थिरता में योगदान मिलेगा। हम उम्मीद करेंगे कि भारत और कतर को नवाचार, प्रौद्योगिकी और स्टार्टिअप के क्षेत्र में और अधिक सहयोग बढक्षने के लिए आगे आना चाहिए जिससे हेल्थ केयर, ऊर्जा, पर्यटन एवं शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का लाभ दोनों देशों को मिल सके।



# महाशिवरात्रि के दिन शिवजी पर पीली सरसों चढ़ाना क्यों होता है शुभ?

महाशिवरात्रि का त्योहार इस साल 26 फरवरी को मनाया जा रहा है। इस दिन हर कोई भगवान शिव के खास दिन पर व्रत रखता है। साथ ही, उन्हें अर्पित करने के लिए कई सारी चीजों को शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। वहीं कई सारे लोग घर पर ही शिवलिंग की पूजा करते हैं, ताकि घर में सुख-शांति बनी रहे। इसी सुख-शांति के लिए आप शिवलिंग पर पीली सरसों चढ़ाएं। इससे बहुत सारे फायदे नजर आते हैं। चलिए आपको पंडित विघाशंकर जी के बताए गए तरीके और लाभ के बारे में बताते हैं, जिसे सुनकर इस महाशिवरात्रि आप भी शिवलिंग पर पीली सरसों चढ़ा सकती हैं।

## शिवलिंग पर क्यों चढ़ाएं पीली सरसों

पीली सरसों पूजा के लिए पवित्र मानी जाती है। इसी वजह से इसे पूजा में इस्तेमाल की जाती है। इसे शिवलिंग में चढ़ाने से वातावरण शुद्ध होता है। साथ ही, सकारात्मक उर्जा बनी रहती है। ऐसी मान्यता है कि अगर आप नकारात्मक उर्जा को कम करना चाहते हैं, तो इसके लिए आप इसे शिवलिंग पर चढ़ा सकते हैं। इससे बुरी नजर भी नहीं सकती हैं। इसे शिवलिंग पर चढ़ाने से बृहस्पति ग्रह के दोषों का निवारण होता है। आर्थिक समृद्धि में वृद्धि होती है।

## पीली सरसों को कैसे चढ़ाएं

- इसके लिए आपको पहले अच्छे स्नान करना है। इसके बाद आपको पूजा की थाली को अच्छे से सजाना है।
- अब इसमें पीली सरसों को रखकर मंदिर लेकर जाएं।
- इसके बाद भगवान शिव को स्नान करवाने के बाद इस पीली सरसों को भगवान शिव पर चढ़ाएं।
- इसे चढ़ाने से आपके घर की सारी नकरात्मकता दूर हो जाएगी। साथ ही, आपके ऊपर भगवान शिव की कृपा बनी रहेगी।
- महाशिवरात्रि पर इन बातों का रखें ध्यान
- महाशिवरात्रि के दिन आपको सुबह उठकर स्नान करना चाहिए।
- इसके बाद नए वस्त्र धारण करके इस व्रत को शुरू करना है।
- इसके बाद मंदिर में जाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करनी है।
- फिर शाम के समय आरती करके इस व्रत को पूरा करना है।
- इससे आपकी पूजा पूरी हो जाएगी। साथ ही, आपकी मनोकामना पूरी हो जाएगी।
- इस बार सरसों के भगवान शिव में चढ़ाएं। इससे आपकी आसपास की सारी नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाएगी। साथ ही, आपको घर पर अच्छा लगेगा।



# भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए महाशिवरात्रि पर करें ये आसान ज्योतिषीय उपाय

**महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे भगवान शिव और माता पार्वती के पावन मिलन का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इसी तिथि पर माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह संपन्न हुआ था। यह दिन साधना, भक्ति और आत्मिक उन्नति के लिए विशेष महत्व रखता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन सच्चे मन से भगवान शिव की उपासना करने और विशेष ज्योतिषीय उपाय करने से सभी दुखों का नाश होता है और व्यक्ति को सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है।**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन किए गए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपाय जीवन की समस्याओं को दूर करने में सहायक हो सकते हैं। चाहे आपके जीवन में आर्थिक परेशानी हो, वैवाहिक जीवन में तनाव हो, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं हों या फिर शनि और राहु-केतु के अशुभ प्रभाव हों, भगवान शिव की सही तरीके से आराधना करने से सभी कष्टों का निवारण संभव है। मुख्य रूप से यदि आप महाशिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते हैं और शिवलिंग पर जल चढ़ाने के साथ बेलपत्र अर्पित करते हैं तो भगवान शिव की कृपा बनी रहती है और भक्तों को उनका आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

## महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक करें

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है और इस दिन किए गए रुद्राभिषेक का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। रुद्राभिषेक एक शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान है, जिसमें विशेष मंत्रों के उच्चारण के साथ शिवलिंग पर जल, दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल और बेलपत्र अर्पित किए जाते हैं। यह पूजा न केवल भगवान शिव को प्रसन्न करती है, बल्कि भक्तों के जीवन से नकारात्मक ऊर्जाओं को दूर कर उन्हें सुख-समृद्धि का आशीर्वाद भी प्रदान करती है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, रुद्राभिषेक करने से सभी प्रकार के ग्रह दोष शांत होते हैं, विशेष रूप से शनि, राहु और केतु के अशुभ प्रभाव कम हो सकते हैं। इसके अलावा, यह पूजा मन की शांति, रोगों से मुक्ति और आर्थिक समृद्धि के लिए भी अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। यदि कोई व्यक्ति किसी विशेष समस्या से ग्रस्त है, तो महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक करने से उसे शीघ्र ही राहत मिल सकती है।

## महाशिवरात्रि पर महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें

महाशिवरात्रि पर महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिलती है। यह मंत्र ऊँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात।। है। यदि आप शिवरात्रि के दिन इस मंत्र का जाप 108 बार करती हैं तो आपकी समस्त बाधाएं दूर हो सकती हैं और भगवान शिव की कृपा प्राप्त हो सकती है।

## महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर काले तिल चढ़ाएं

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, काले तिल शिवजी को अर्पित करने से शनि, राहु और केतु के अशुभ प्रभाव कम होते हैं। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में शनि की साढ़े साती, ढैय्या, कालसर्प दोष या पितृ दोष मौजूद हो, तो यह उपाय अत्यंत प्रभावी साबित होता है। इससे नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है और जीवन में शांति व स्थिरता आती है। इसके अलावा, जल में काले तिल मिलाकर शिवलिंग पर अभिषेक करने से मानसिक तनाव कम होता है और ग्रहों की प्रतिकूलता से राहत मिलती है। यह उपाय विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी है जो करियर में बाधाओं, आर्थिक समस्याओं या पारिवारिक कलह से परेशान हैं। महाशिवरात्रि के दिन सच्चे मन से शिवलिंग पर काले तिल अर्पित करें और भगवान शिव से कृपा प्राप्त करें। इससे जीवन में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शिवलिंग पर बेलपत्र और धतूरा चढ़ाएं

भगवान शिव की पूजा में बेलपत्र, धतूरा और आक के फूल का विशेष महत्व होता है। ये सभी प्राकृतिक रूप से और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माने जाते हैं। महाशिवरात्रि के दिन यदि श्रद्धा और भक्ति के साथ शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा और आक के फूल चढ़ाए जाएं, तो भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण करते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बेलपत्र अर्पित करने से मानसिक शांति मिलती है, नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है और शत्रु बाधाओं से मुक्ति प्राप्त होती है। वहीं, धतूरा भगवान शिव को प्रिय होने के साथ-साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और आर्थिक समस्याओं को दूर करने में सहायक होता है। आक के फूल अर्पण करने से विशेष रूप से कर्ज से मुक्ति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## शिव चालीसा और शिव पुराण का पाठ करें

महाशिवरात्रि पर शिव चालीसा या शिव पुराण का पाठ करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। यह उपाय घर में सुख-शांति बनाए रखने और नकारात्मक शक्तियों को दूर करने में सहायक होता है। यदि आप भी घर की समृद्धि के लिए महाशिवरात्रि के दिन शिव चालीसा का पाठ करें तो आपको इसके शुभ फल मिल सकते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।






# महाशिवरात्रि पर शिव को भाएगी आपकी भक्ति, इन 22 नामों में है बहुत शक्ति...

महाशिवरात्रि, भगवान महादेव की कृपा पाने का पवित्र है। इस दिन भगवान शिव के नामों का जाप करने से जीवन के अनेक प्रकार के दोषों का नाश होता है तथा पाप कर्मों से मुक्ति मिलती है। यहां पाठकों के लिए प्रस्तुत है शिव जी के विशेष 22 नाम, जो समस्त पापों से मुक्ति दिलाकर वैकुंठ प्राप्ति में सहायक बनकर मोक्ष जाने का रास्ता आसान करते है। शिव जी के निम्न नामों वो शक्ति है, जिससे आप जो चाहे वो पा सकते हैं।

शिव जी के 22 पवित्र नाम-

- शंकर ◗ उमापति
- महादेव ◗ भोलेनाथ
- जटाशंकरी ◗ जलाधारी
- पशुपति नाथ ◗ आशुतोष
- औघड़दानी ◗ भूतभावन
- भूतनाथ ◗ महेश
- गंगाधर ◗ चंद्रमौलेश्वर
- गोपेश्वर ◗ नंदीश्वर
- नागेश्वर ◗ नीलकंठ
- मृत्युंजय ◗ महेश्वर
- भोले भंडारी ◗ सदाशिव।



# महाशिवरात्रि पर ये फूल भूलकर भी न चढ़ाएं भगवान शिव को

8 मार्च को फाल्गुन मास की शिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाहोत्सव मनाया जाता है। भगवान शिव की पूजा में कुछ सावधानियां रखना जरूरी है। जैसे कि भगवान शिव को कुमकुम का तिलक नहीं लगाया जाता है। उन्हें तुलसी का पत्ता भी अर्पित नहीं किया जाता है। शंख से जल अर्पित नहीं किया जाता है। उनकी पूजा में हल्दी और रोली का प्रयोग भी नहीं किया जाता है। उसी तरह शिवलिंग पर भूलकर भी अर्पित न करें ये 5 फूल।

◗ केतकी ◗ कनेर ◗ कमल ◗ चंपा ◗ केवड़ा

भगवान शिव की पूजा में केतकी, कनेर, कमल, चंपा और केवड़ा के फूल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जब ब्रह्मा और विष्णु ने शिव के कहने पर ज्योति स्तंभ का ओर छोर का पता लगाने को कहा तो ब्रह्माजी स्तंभ के उपर का सिरा खोजने गए और विष्णु जी नीचे का सिरा खोजने गए। विष्णु जी ने आकर शिवजी ने कहा कि मुझे इसका कोई अंत नहीं मिला जबकि ब्रह्मा जब उपर गए तो वहां एक जगह उन्हें केतकी नजर आई। उन्होंने केतकी से झूठ बोलने को कहा। ब्रह्मा ने लौटकर कहा कि मैंने इस का अंत ढूंढ लिया। केतकी ने इसके लिए झूठी गवाही दी थी। इससे क्रोधित होकर शिवजी ने केतकी को अपनी पूजा से बाहर कर दिया। तभी से शिव पूजा में केतकी का फूल अर्पित नहीं करते हैं। कमल के फूल पर ब्रह्माजी विरामान हैं। बाकी के फूल माता लक्ष्मी को अर्पित किए जाते हैं। भगवान शिव एक ऐसे देवता हैं जो मात्र बेलपत्र और शमीपत्र आदि को चढ़ाने से प्रसन्न हो जाते हैं, परंतु भूलकर भी उनकी पूजा में तुलसी का पत्र न चढ़ाएं। भगवान शिव का नारियल से अभिषेक नहीं करना चाहिए और न ही शंख से जल अर्पित करना चाहिए।



# महाशिवरात्रि मनाने के आध्यात्मिक कारण

हमारे जीवन में कोई साधना न होने पर भी इस दिन ऊर्जा ऊपर की ओर बढ़ती है। मगर खास तौर पर योगिक साधना करने वाले लोगों के लिए, इस रात को अपने शरीर को सीधी अवस्था में रखना, या न सोना बहुत महत्वपूर्ण है। महाशिवरात्रि ऐसे लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो आध्यात्मिक मार्ग पर हैं। संसार में महत्वाकांक्षा रखने वाले और गृहस्थ जीवन जीने वाले लोगों के लिए भी यह उतना ही अहम है। गृहस्थ जीवन बिताने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव के विवाह की वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। महत्वाकांक्षी लोग इसे उस दिन के रूप में देखते हैं, जब शिव ने अपने शत्रुओं पर जीत हासिल की थी। मगर यौगिक परंपरा में, हम शिव को एक ईश्वर की तरह नहीं देखते, बल्कि प्रथम गुरु या आदि गुरु के रूप में देखते हैं, जिन्होंने यौगिक प्रक्रिया की शुरुआत की थी। 'शिव' का मतलब है 'वह, जो नहीं है'। अगर आप खुद को ऐसी स्थिति में रख सकते हैं कि आप, आप न रहें और शिव को होने दें, तो जीवन में एक नई दृष्टि लाने और जीवन को पूर्ण स्पष्टता से देखने की संभावना हो सकती है।



# ऊँ नमः शिवाय सभी मनोरथों की सिद्धि करने वाला दिव्य मंत्र


भगवान शिव जब अग्रि स्तंभ के रूप में प्रकट हुए तब उनके पांच मुख थे। जो पांचों तत्व पृथ्वी, जल, आकाश, अग्नि तथा वायु के रूप थे। सर्वप्रथम जिस शब्द की उत्पत्ति हुई वह शब्द था ऊँ बाकी पांच शब्द नमः शिवाय की उत्पत्ति उनके पांचों मुखों से हुई जिन्हें सृष्टि का सबसे पहला मंत्र माना जाता है यही महामंत्र है। इसी से अ इ उ ऋ लृ इन पांच मूलभूत स्वर तथा व्यंजन जो पांच वर्णों से पांच वर्ग वाले हैं वे प्रकट हुए। त्रिपदा गायत्री का प्राकट्य भी इसी शिरोमंत्र से हुआ, इसी गायत्री से वेद और वेदों से करोड़ो मंत्रों का प्राकट्य हुआ।

इस मंत्र के जाप से सभी मनोरथों की सिद्धि होती है। भोग और मोक्ष दोनों को देने वाला यह मंत्र जपने वाले के समस्त व्याधियों को भी शांत कर देता है। बाधाएं इस मंत्र का जाप करने वाले के पास भी नहीं आती तथा यमराज ने अपने दूतों को यह आदेश दिया हैं कि इस मंत्र के जाप करने वाले के पास कभी मत जाना। उसको मृत्यु नहीं मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह मंत्र शिववाक्य है यही शिवज्ञान है। जिसके मन में यह मंत्र निरंतर रहता है वह शिवस्वरूप हो जाता है। भगवान शिव प्रत्येक मनुष्य के अंतःकरण में स्थित अव्यक्त आंतरिक अधिष्ठान तथा प्रकृति मनुष्य की सुव्यक्त आंतरिक अधिष्ठान है। नमः शिवाय: पंचतत्वमक मंत्र है इसे शिव पंचक्षरी मंत्र कहते हैं। इस पंचक्षरी मंत्र के जप से ही मनुष्य संपूर्ण सिद्धियों को प्राप्त कर सकता है। इस मंत्र के आदि में ऊँ लगाकर ही सदा इसके जप करना चाहिए। भगवान शिव का निरंतर चिंतन करते हुए इस मंत्र का जाप करें।

सदा सब पर अनुग्रह करने वाले भगवान शिव का बारंबार स्मरण करते हुए पूर्वाभिमुख होकर पंचाक्षरी मंत्र का जाप करें। भगवान शिव अपने भक्त की पूजा से प्रसन्न होते हैं। शिव भक्त जितना-जितना भगवान शिव के पंचाक्षरी मंत्र का जप कर लेता है उतना ही उसके अंतकरण की शुद्धि होती जाती है एवं वह अपने अंतकरण में स्थित अव्यक्त आंतरिक अधिष्ठान के रूप में विराजमान भगवान शिव के समीप होता जाता है। उसके दरिद्रता, रोग, दुख एवं शत्रुजनित पीड़ा एवं कष्टों का अंत हो जाता है एवं उसे परम आनंद की प्राप्ति होती है।

## शिवलिंग की श्रेष्ठता

शिव का पूजन लिंगस्वरूप में ही ज्यादा फलदायक माना गया है। शिव का मूर्तिपूजन भी श्रेष्ठ है किंतु लिंगस्वरूप पूजन सर्वश्रेष्ठ है। भगवान शिव ब्रह्म रूप होने के कारण निष्कल अर्थात निराकार कहे गए, रूपवान होने के कारण सकल कहलाए, परंतु वे परब्रह्म परमात्मा निराकार रूप से पहले आए और समस्त देवताओं में एकमात्र वे परब्रह्म है इसलिए केवल वे ही निराकार लिंगस्वरूप में पूजे जाते हैं। इस रूप में समस्त ब्रह्मांड का पूजन हो जाता है। क्योंकि वे ही समस्त जगत के मूल कारण है।



# शिव गणों की माया

**भगवान शिव की सुरक्षा और उनके आदेश को मानने के लिए उनके गण सदैव तत्पर रहते हैं। उनके गणों में भैरव को सबसे प्रमुख माना जाता है। उसके बाद नंदी का नंबर आता और फिर वीरभ्रद्र। जहां भी शिव मंदिर स्थापित होता है, वहां रक्षक (कोतवाल) के रूप में भैरवजी की प्रतिमा भी स्थापित की जाती है।**

**भैरव दो हैं**- काल भैरव और बटुक भैरव। दूसरी ओर वीरभद्र शिव का एक बहादुर गण था जिसने शिव के आदेश पर दक्ष प्रजापति का सर धड़ से अलग कर दिया। देव संहिता और स्कंद पुराण के अनुसार शिव ने अपनी जटा से 'वीरभद्र' नामक गण उत्पन्न किया। इस तरह उनके ये प्रमुख गण थे- भैरव, वीरभद्र, मणिभद्र, चंदिस, नंदी, श्रृंगी, भृगिरिटी, शैल, गोकर्ण, घंटाकर्ण, जय और विजय। इसके अलावा, पिशाच, दैत्य, दानव, भूत और नाग-नागिन, पशुओं को भी शिव का गण माना जाता है। ये सभी गण धरती और ब्रह्मांड में विचरण करते रहते हैं और प्रत्येक मनुष्य, आत्मा आदि की खैर-खबर रखते हैं।

**शिव के द्वारपाल** : कैलाश पर्वत के क्षेत्र में उस काल में कोई भी देवी या देवता, दैत्य या दानव शिव के द्वारपाल की आज्ञा के बगैर अंदर नहीं जा सकता था। ये द्वारपाल संपूर्ण दिशाओं में तैनात थे।

इन द्वारपालों के नाम हैं- नंदी, स्कंद, रिटी, वृषभ, भृंगी, गणेश, उमा-महेश्वर और महाकाल। उल्लेखनीय है कि शिव के गण और द्वारपाल नंदी ने ही कामशास्त्र की रचना की थी। कामशास्त्र के आधार पर ही कामसूत्र लिखा गया था।

**शिव पंचायत** : पंचायत का फैसला अंतिम माना जाता है। देवताओं और दैत्यों के झगड़े आदि के बीच जब कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना होता था तो शिव की पंचायत का फैसला अंतिम होता था। शिव की पंचायत में 5 देवता शामिल थे। ये 5 देवता थे:- 1.सूर्य, 2.गणपति, 3.देवी, 4.रुद्र और 5.विष्णु ये शिव पंचायत कहलाते हैं।

**शिव पार्षद** : जिस तरह जय और विजय विष्णु के पार्षद हैं उसी तरह बाण, रावण, चंड, नंदी, भृंगी आदि शिव के पार्षद हैं। यहां देखा गया है कि नंदी और भृंगी गण भी है, द्वारपाल भी है और पार्षद भी।

उल्लेखनीय है कि शिव ने अपने एक गण का सिर काटकर ही विनायक के धड़ पर लगाया था। इसीलिए विनायक को गणेश और गणपति कहा जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल में आठ छात्रों की बिगड़ी तबीयत

**पीरपैंती(भागलपुर)।** परसबन्ना पंचायत स्थित मध्य विद्यालय नारायणपुर में मंगलवार की सुबह लगातार सात छात्र-छात्राएं बीमार हो गये। विद्यालय में प्रार्थना के वक्त कक्षा चार की सूफी प्रवीण और कक्षा पांच की नाजिया खातून अचानक उल्टी करने लगे। उल्टी करते देख प्रार्थना के वक्त मौजूद दूसरे बच्चों में हड़कंप मच गयी। दोनों बच्चों के परिजन को बुला कर घर भेजा दिया गया। कक्षा में जब शिक्षक इनामुल बच्चों को पढ़ा रहे थे, उस समय कक्षा सप्तम की सानिया खातून, महजबीना खातून, मनीष कुमार, अजीज, शहंशाह व अशरफ बेहोश होने लगे। सानिया खातून व महजबीना खातून बेहोश होकर गिर गयी। बच्चों के बेहोश होने पर प्रधानाध्यापक गोपाल कुमार परिजनों को बुला बच्चों की छुट्टी कर दी। परिजन सानिया को रेफरल अस्पताल ले गये।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से दो लोगों की गयी जान

**प्रतापगंज (सुपौल)।** थाना क्षेत्र में रविवार की रात एनएच 27 से निकलने वाली सड़क पर रेलवे ढाले के पास स्कॉर्पियो और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में दो लोगों की जान चली गयी। हादसे में भावनीपुर उत्तर वार्ड नंबर 14 के रहने वाले संजय यादव और रघुनंदन शर्मा की मौत हो गयी। संजय यादव की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि गंभीर रूप से घायल रघुनंदन शर्मा ने इलाज के लिए ले जाते समय दम तोड़ दिया। संजय यादव और रघुनंदन शर्मा रविवार रात बाइक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान स्कॉर्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखचे उड़ गये। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को उठाया, लेकिन संजय यादव की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। जबकि गंभीर रूप से घायल रघुनंदन शर्मा को इलाज के लिए रेफर किया गया, लेकिन हायर सेंटर ले जाते उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

### इनामी डकैत ने किया सरेंडर

**मोतिहारी।** ढाका के मठिया मोहन में सुनैना देवी के घर डकैती की घटना में शामिल बदमाश रजत कुमार उर्फ छोटू ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस दबिश व कुर्की के डर से उसने आत्मसमर्पण किया। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि रजत को रिमांड पर लिया जायेगा। वह चार साल से फरार चल रहा था। बताते चलें कि 25 अक्तूबर 2021 को मठिया मोहन गांव में सुनैना देवी के घर बदमाशों ने डाका डाला था। सुनैना को बंधक बना उसके घर से सोना-चांदी के आभूषण सहित दो लाख की संपत्ति लूट ली थी। घटना को लेकर सुनैना ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### शराब के नशे में स्कूल पहुंचे हेडमास्टर, गिरफ्तार

**कसबा(पूर्णिया)।** कसबा प्रखंड की लखना पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मजगामा के प्रधान शिक्षक सूर्यनंदन प्रसाद सिंह मंगलवार की सुबह शराब के नशे में धुत हो कर विद्यालय पहुंचे। इसकी शिकायत मिलने पर बीडीओ अरुण कुमार सरदार और कसबा थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे। जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। इस संबंध में जलालगढ़ थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि शराब पीने की पुष्टि होने के बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में पूर्णिया भेज दिया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान डीटीओ से मारपीट

**लखीसराय।** जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सोमवार को बाइपास रोड में चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कुछ युवकों द्वारा मार पीटकर मारने की धमकी दी गयी, जिसको लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी मुकुल पंकज मणि द्वारा टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। वहीं टाउन थाना पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर बीती रात एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। डीटीओ ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक पिकअप 407 (जिसपर सीमेंट लदा हुआ) के चालक से जब वाहन कागजात की मांगी गयी तो उसने थोड़ी देर में कागजात लाने की बात कह, फोन से अपने तीन-चार साथियों को बुला लिया तथा डीटीओ पर लाठी-डंडे से एकाएक जानलेवा हमला कर दिया।

## विविध

# सीआरपीएफ में 25 साल पहले भर्ती हुए सिपाही अब बनेंगे एएसआई




- 5000 से ज्यादा हवलदारों की होगी पदोन्नति

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' में बतौर सिपाही (जीडी) भर्ती हुए जवानों को एएसआई के रैंक तक पहुंचने में लगभग ढाई दशक लग रहे हैं। सिपाही के 2000 बैच के जरिए सेवा में आने वाले ये जवान अभी तक हवलदार हैं। उक्त बैच के सभी जवान अगले रैंक पर यानी एएसआई तक नहीं पहुंच सके हैं। पिछले दिनों इन हवलदारों ने सीआरपीएफ डीजी जीपी सिंह से गुहार लगाई थी कि उन्हें पदोन्नति दी जाए।

इसके बाद बल महानिदेशालय की तरफ से हवलदारों को जवाब भी दिया गया। उन्हें बताया गया कि अगले वर्ष तक 2000 बैच के सभी जवान, जो मौजूदा समय में हवलदार हैं, एएसआई बन जाएंगे। 3033 हवलदार/जीडी, जो जून 2000 तक सेवा में आ चुके थे, की एएसआई की पदोन्नति सूची 31 जनवरी 2025 को जारी कर दी गई है। बाकी बचे हवलदारों को इस वर्ष के आखिर में या अगले साल के प्रारंभ में पदोन्नति मिल जाएगी। बता दें कि सीआरपीएफ में कार्यरत 2000 बैच के सिपाही (जीडी), जो अब हवलदार के पद पर काम कर रहे हैं, ने अपनी पदोन्नति के लिए बल के महानिदेशक को पत्र लिखा था। उसमें सीआरपीएफ डीजी से आग्रह किया गया था कि 2000 बैच के सभी जवानों को बतौर एएसआई (जीडी) पदोन्नति दी जाए। बल मुख्यालय की तरफ से हवलदारों के पत्र का जवाब दिया गया है। उसमें सबसे पहले तो यही बात कही गई कि सीआरपीएफ में पदोन्नति, रिक्त पदों पर आधारित है।

2025 के दौरान जितनी रिक्तियां काउंट की गई हैं, उनकी संख्या करीब 5378 है। साल 2000 में भर्ती हुए 5378 जवान/जीडी, 2025 के डीपीसी पैनल लिस्ट पर हैं। 3033 हवलदार/जीडी, जो जून 2000 तक सेवा में आए गए थे, उनकी एएसआई की पदोन्नति सूची 31 जनवरी 2025 को जारी कर दी गई है। बाकी बचे 2345 हवलदार/जीडी, जो 21 जुलाई 2000 तक सेवा में आए थे, उन्हें नवंबर 2025 तक पदोन्नति मिल जाएगी।

21 जुलाई 2000 के बाद सेवा में आने वाले ऐसे जवान/जीडी, जो अब हवलदार हैं और एएसआई के लिए पदोन्नति के योग्य हैं, उन्हें 2015 के मुताबिक पैनल पर लाया जाएगा। इनकी पदोन्नति सूची फरवरी 2026 तक जारी होगी। सीआरपीएफ महानिदेशालय की तरफ से कहा गया है कि उक्त जानकारी, मार्कर/रोल कॉल में दी जाए। साथ ही यह सूचना बल की सभी यूनिटों के नोटिस बोर्ड पर भी लगाई जाए।

# पटना मेडिकल कॉलेज बिहार की अमूल्य धरोहरों में से है एक : राष्ट्रपति




**पटना।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज बिहार की अमूल्य धरोहरों में से एक है। इस संस्थान का पुरातनता को संरक्षित करने और आधुनिकता की ओर निरंतर अग्रसर होने का गौरवशाली इतिहास रहा है। पटना मेडीकल कालेज एवं हास्पिटल (पीएमसीएच) एशिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में से एक रहा है। इस संस्थान के पूर्व छात्रों ने अपनी प्रतिभा, सेवा और समर्पण के बल पर देश-विदेश में अपना और पीएमसीएच का नाम रोशन किया है। वह मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के शताब्दी समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहीं थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि इलाज के लिए दूसरे शहर या राज्य में जाने से कई तरह से नुकसान होता है, जैसे इलाज में देरी, भोजन, आवास और रोजगार की समस्या। इससे बड़े शहरों के चिकित्सा संस्थानों पर भी बोझ पड़ता है। देश भर में अच्छे चिकित्सा संस्थानों का विकेंद्रीकरण इन सभी समस्याओं को हल करने में मददगार साबित होगा। चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई और इंदौर जैसे शहर विशिष्ट उपचार के केंद्र के रूप में विकसित हुए हैं। बिहार को भी ऐसे कई केंद्र विकसित करने चाहिए। इससे न केवल बिहार के लोगों को अच्छी चिकित्सा मिलेगी, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पीएमसीएच और इसके पूर्व छात्र अपने अनुभव से इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह तकनीक का युग है। चिकित्सा क्षेत्र में भी तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसी तकनीकें चिकित्सा प्रक्रिया को सरल और सटीक बना रही हैं। उन्होंने पीएमसीएच के सभी हितधारकों से नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए हमेशा तैयार रहने का आग्रह किया। कहा कि इससे न केवल इलाज आसान होगा, बल्कि डॉक्टरों का ज्ञान और दक्षता भी बढ़ेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे डाक्ट शोधकर्ता, चिकित्सक, शिक्षक और परामर्शदाता भी हैं। इन सभी भूमिकाओं में वे लोगों और समाज की सेवा करते हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। उन्होंने उनसे लोगों को रक्त और अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया।

# पति ने पत्नी व प्रेमिका को मारी गोली, पत्नी की मौत



- प्रेमिका की हालत गंभीर

**खगड़िया।** मोरकाही थाना क्षेत्र के अमोसी गांव में सनकी पति ने पत्नी व प्रेमिका को गोली मार दी, जिससे पत्नी की घटना स्थल पर मौत हो गयी। जबकि प्रेमिका बुरी तरह जख्मी हो गयी। अमोसी पीकेट प्रभारी रंधीर कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सनकी पति को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि अमोसी वार्ड संख्या 17 निवासी विक्रम कुमार राम का गांव के ही मुकेश सदा की पत्नी मुन्नी देवी से प्यार हो गया। दोनों एक दूसरे से लगातार मोबाइल पर घंटों बातचीत करते थे। पति और मुन्नी देवी के प्रेम प्रसंग की चर्चा गांव में होने लगी थी। विक्रम की पत्नी नीतू देवी को भी प्रेम प्रसंग की भनक लग गयी थी।

**पति के प्रेम प्रसंग का विरोध करती थी पत्नी :** पति के प्रेम प्रसंग का विरोध पत्नी द्वारा किया जाने लगा। नीतू देवी ने पति के प्रेमिका मुन्नी देवी से मिलकर दो दिन पहले लड़ाई-झगड़ा की थी। मंगलवार को विक्रम कुमार राम प्रेमिका मुन्नी देवी से मिलने बहियार के मक्का खेत में पहुंचा। प्रेमिका ने प्रेमी के पत्नी द्वारा की गयी लड़ाई-झगड़ा की जानकारी देते हुए मिलने से इंकार कर दी। आक्रोशित प्रेमी ने प्रेमिका को मक्के के खेत में ही सीने में गोली दाग दी। गोली की आवाज सुन खेत में काम कर रहे लोग घटना स्थल पर पहुंचा। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इधर, आक्रोशित विक्रम घर पहुंचकर पत्नी के सीने में गोली दाग दी। जिसके कारण पत्नी नीतू देवी की घटना स्थल पर मौत हो गयी। पुलिस ने जख्मी महिला मुन्नी देवी को इलाज के लिए व शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। अमोसी पीकेट प्रभारी रंधीर कुमार ने बताया कि अमोसी बहियार में एक महिला को गोली मार दिया गया था। जख्मी हालत में महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि अमोसी गांव में ही विक्रम कुमार राम की पत्नी नीतू देवी की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जबकि विक्रम कुमार राम को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देशी कट्टा व घटना स्थल से एक खोखा बरामद किया गया है।

# मुजफ्फरपुर में 10 हजार रुपये घूस लेते डाक विभाग का ओवरसियर गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** सीबीआइ ने ग्रामीण डाक सेवक परमानंद सिंह से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते डाक विभाग के ओवरसियर (डाक अधिदर्शक ) शिव शंकर पंडित को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सरैया थाना के चकना उप डाकघर शाखा परिसर में मंगलवार को यह कार्रवाई की गयी है। गिरफ्तार शिव शंकर पंडित सदर थाना क्षेत्र के पताही का है। सीबीआइ के अधिकारी पूछताछ करने के बाद उसके पटना लेकर चले गये। उसको विशेष सीबीआइ कोर्ट में प्रस्तुत किया जायेगा। ग्रामीण डाक सेवक परमानंद सिंह कांटी थाने के पास के रहने वाले हैं। उनसे ट्रांसफर व नौ लाख से अधिक रुपये का एरियर निकलवाने के नाम पर ढाई लाख रुपये का डिमांड मुजफ्फरपुर प्रधान डाकघर से सीनियर अधिकारी के नाम पर किया जा रहा था। रुपये नहीं देने पर उसको डिसमिस करने की धमकी दी गयी थी। पीड़ित का कहना है उसने इस बाबत मानवाधिकार आयोग में शिकायत की थी। उनके संज्ञान लेने के बाद मामला सीबीआइ तक पहुंचा। सीबीआइ ने जांच की तो रुपये मांगे जाने की बात सत्य पाया गया।

### कर्ज से परेशान दुकानदार ने दी जान

**पूर्णिया।** व्यवसाय में लगातार हो रहे घाटे से परेशान एक मेडिकल दुकानदार ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। घटना मंगलवार को सहायक खजांची थाना क्षेत्र के रिजवान मस्जिद के पास हुई। मृतक युवक कटिहार जिले के बलिया बेलौन निवासी मोहम्मद हसन के पुत्र गुलाब नबी (30 वर्ष) बताया गया है। सूचना पर सहायक खजांची थाना पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की बारीकी से जांच की।

## पेज एक का शेष

### बंगाल के कारखाने...

इसी दिन सुबह कारखाने के गेट पर जड़ा ताला खोल दिया गया और वहां फंसी युवतियां अपने घर जाने के लिए रवाना हो पायीं।

**विधायक अरूप चटर्जी का युवतियों ने किया धन्यवाद :** इन युवतियों में शामिल गुड़िया कुमारी और अन्य ने फोन पर कहा कि वे अपने-अपने घर रवाना हो गयीं हैं। वे काफी खुश हैं। कारखाने में बेवजह फंसे होने से वे और उनके परिजन काफी परेशान थे। यही वजह है कि उन्होंने फोन पर वीडियो भेजकर अपने-अपने परिजनों को अपना हाल बताया था। इसके बाद ही झारखंड के निरसा के विधायक अरूप चटर्जी से संपर्क साधा गया। उन्होंने पूरी मदद का आश्वासन दिया था। इस दिन सुबह कारखाने से बाहर निकलने के बाद उन्होंने विधायक चटर्जी और मामले में हस्तक्षेप करने वाले तमाम लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**निरसा के पंचेत की रहने वाली हैं युवतियां :** कारखाने में काम करने वाली झारखंड की युवतियां निरसा विधानसभा क्षेत्र के पंचेत के बेनागड़िया, पतलाबाड़ी, बांदा समेत अन्य गांवों की रहने वाली हैं। उनमें से कई एक वर्ष तो अन्य 6 महीने से कंपनी के लिए एक्सपोर्ट क्वालिटी कपड़े की सिलाई और डिजाइन का काम कर रहीं थीं। पिछले करीब 16 दिनों पहले से वहां काम ठप था। कामगार युवतियों ने यह भी बताया कि कंपनी के एचआर को घर जाने के लिए आवेदन भी दिया, लेकिन उन्हें उनकी सुरक्षा का हवाला देकर बाहर जाने नहीं दिया जा रहा था।

### 60 साल बाद...

कुंभ राशि के स्वामी शनिदेव होते हैं, ऐसे में महाशिवरात्रि के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि की राशि में विराजमान रहेंगे। शनि कुंभ राशि में रहते हुए शश नाम का राजयोग भी निर्माण करेंगे। वहीं बुधदेव भी कुंभ राशि में होंगे, जिससे कुंभ राशि में त्रिग्रही योग का संयोग बनेगा और सूर्य-बुध की युति से बुधादित्य राजयोग भी बनेगा।

**महाशिवरात्रि की पूजा विधि :** भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए श्रद्धालु प्रातः स्नानादि करके शिवमंदिर जाएं। दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अलग-अलग तथा सबको एक साथ मिलाकर पंचामृत से शिवलिंग को स्नान कराकर जल से अभिषेक करें। पूजा में चन्दन, मोली, पान, सुपारी, अक्षत, पंचामृत, बिल्वपत्र, धतूरा, फल-फूल, नारियल, इत्यादि शिवजी को अर्पित करें। भगवान शिव को अत्यंत प्रिय बेल को धोकर चिकने भाग की ओर से चंदन लगाकर चढ़ाएं। रात्रि के चारों प्रहरों में भगवान शंकर की पूजा अर्चना करनी चाहिए। अभिषेक के जल में पहले प्रहर में दूध, दूसरे में दही, तीसरे में घी, और चौथे में शहद को शामिल करना चाहिए। पूजा में शिवपंचाक्षर मंत्र यानी ऊं नमः शिवाय का जाप करें।

### महाशिवरात्रि पर रांची...

- **बूटी मोड़ : बरियातू रोड मार्गः बड़े वाहन इस मार्ग से नगर क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर जा सकेंगे।**
- **बोड़ेया रोड, कांके रोडः छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक जा सकेंगे और बरियातू रोड से बूटी मोड़ की ओर जा सकेंगे।**

**बाहर से आने वाले वाहनों के लिए निर्देश :** कांके से आने वाले वाहन – बोड़ेया तक चाईबासा-खूंटी मार्ग – बिरसा चौक तक गुमला-सिमडेगा मार्ग – कटहल मोड़ तक पलामू-लोहरदगा मार्ग – पिस्का मोड़ तक जमशेदपुर मार्ग – दुर्गा सोरेन चौक एवं कुसई घाघरा तक कांके-पतरातू मार्ग – चांदनी चौक तक।

**शिव बारात मार्ग पर होगी बैरिकेडिंग :** शिव बारात के सुचारू संचालन के लिए पुलिस ने कई महत्वपूर्ण स्थानों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की है।

शनि मंदिर से पहाड़ी मंदिर मार्ग, दुर्गा मंदिर से पहाड़ी मंदिर मार्ग मीनाक्षी गली, सुखदेव नगर, बालाजी मंदिर के पास गौशाला कटिंग से पहाड़ी मंदिर मार्ग

**शिव बारात का रूट :** शिव बारात इंद्रपुरी, रातू रोड से शुरू होकर मेट्रोगली, रानी सती मंदिर, पहाड़ी मंदिर, बानो मंजिल मार्ग, गाड़ीखाना, कार्ट सराय रोड, जेजे रोड, शहीद चौक से होते हुए पुस्तक पथ, गांधी चौक, मारवाड़ी टोला, महावीर चौक, प्यादा टोली, रातू रोड से गुजरेगी और आरआर स्पोर्टिंग दुर्गा पूजा समिति प्रांगण में समापन होगा।

**ट्रैफिक पुलिस की अपील :** रांची ट्रैफिक पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 26 फरवरी को शिव बारात के मार्गों का कम से कम उपयोग करें और वैकल्पिक मार्गों का सहारा लें। शिव बारात के भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए पुलिस, प्रशासन और श्रद्धालु मिलकर तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### झारखंड बोर्ड पेपर...

कोडरमा पुलिस ने पूरी कड़ी को तोड़ दिया और पाया कि मुख्य आरोपी एक छात्र था, जो मजदूर के रूप में भी काम करता था।" कोडरमा पुलिस ने छह लोगों को गिरिडीह जिले से गिरफ्तार किया।

**कहां-कहां हुई छापेमारी :** कोडरमा के एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि टाउन थाना अंतर्गत बरगंडा इलाके में छापेमारी के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं। 'झारखंड एकेडमिक काउंसिल' (जेएसी) ने प्रश्नपत्र के कथित तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद 20 फरवरी को हिंदी और विज्ञान विषयों की दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी थीं।

**कैसे हुआ पेपर लीक? :** डीजीपी ने कहा कि मुख्य आरोपी ने निर्धारित परीक्षा से करीब एक सप्ताह पहले ट्रक से प्रश्नपत्र उतारते समय कथित तौर पर प्रश्नपत्र निकाल लिया था। डीजीपी ने कहा, "आरोपी ने प्रश्नपत्र की फोटोकॉपी ली और उसे सोशल मीडिया में प्रसारित कर दिया। प्रश्नपत्र की मूल प्रति उसके घर से बरामद की गई है।" उन्होंने कहा कि पुलिस जांच पूरी हो चुकी है।

उन्होंने कहा, "मुझे उम्मीद है कि ऐसी कोई घटना दोबारा नहीं होगी।" भाजपा ने मंगलवार को पेपर लीक मुद्दे पर राज्य विधानसभा में हंगामा किया और मामले की सीबीआई से जांच की मांग की।

### पलामू के युवक...

पति के अपहरण की जानकारी देते हुए गुड्डू की पत्नी शबनम खातून ने जिले के एसपी एवं तरहसी थाना प्रभारी से अपने पति के सकुशल घर वापसी की गुहार लगायी है। शबनम ने इस संबंध में तरहसी थाना में अपहरण से संबंधित आवेदन भी दिया है। शबनम के अनुसार उसके पति गुलशनवर अंसारी उर्फ गुड्डू चार माह पहले महाराष्ट्र के नागपुर में काम करते थे। इस बीच दिल्ली के ठेकेदार राजेन्द्र ने उसके पति को फोन करके नागपुर से बुलाया एवं उसकी सिलाई कंपनी में काम करने के लिए प्रलोभन दिया। गुड्डू पूर्व में यहां रहकर कार्य किया था। ठेकेदार ने इसके लिए ज्यादा पैसे भी ऑफर किए। एक हजार रुपए किराया मोबाइल फोन के माध्यम से डाला।

उसके पति बातचीत के बाद नागपुर से नई दिल्ली के पटेल नगर पहुंच गए। सिलाई कंपनी में जाने के बाद 24 फरवरी की शाम सात बजे कंपनी की मशीन सेट की और बाहर निकलने पर एक ऑटो से निकल रहे थे कि एक फोर व्हीलर से अज्ञात लोगों ने उनका अपहरण कर लिया और जान से मारने की धमकी दी।

रात 11.30 बजे उनके पति ने फोन करके बताया कि अपहरण करने वाले दबाव दे रहे हैं और धमकी भी दी जा रही है। इसके बाद से पति का मोबाइल ऑफ बता रहा है। परिवार के लोग घबराए हुए हैं। अनहोनी की आशंका है। इधर इस संबंध में तरहसी के थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। कॉल ट्रैक किया जा रहा है। हालांकि यह मामला दूसरे राज्य का है, लेकिन दायरे में रहकर हरसंभव मदद की जायेगी।

### कांग्रेस नेता सज्जन...

कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दंगा, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत 12 फरवरी को दोषी ठहराया गया था।

जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 एफआईआर दर्ज की गई। जिसमें 2,733 लोग मारे गए थे। कुल में से लगभग 240 एफआईआर को पुलिस ने अज्ञात बताकर बंद कर दिया था, वहीं दूसरी तरफ 250 मामलों में आरोपी बरी हो गए। वहीं 587 एफआईआर में से केवल 28 मामलों में ही दोषसिद्धि हुई, जिनमें लगभग 400 लोगों को दोषी ठहराया गया।

सज्जन कुमार सहित लगभग 50 लोगों को हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। कांग्रेस के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे सज्जन कुमार पर 1984 में एक और दो नवंबर को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में भी आरोप लगाया गया था। इस मामले में उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। ट्रायल कोर्ट ने कुमार को बरी किए जाने के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक और अपील लंबित है, जबकि चौथे मामले में दिल्ली की एक अदालत वर्तमान में सुनवाई कर रही है।

दिल्ली के एडवोकेट एच.एस. फूल्का ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने पर कहा कि दो आजीवन कारावास भी बहुत बड़ी बात है। जज ने अपने फैसले में लिखा है कि हमारी और सरकार की मांग थी कि सज्जन कुमार को फांसी की सजा सुनाई जाए। मगर वह नहीं दी गई, क्योंकि उनकी उम्र 80 साल है। वे बीमार हैं और खुद को संभाल भी नहीं सकते हैं। यह कानून है कि 80 साल के ऊपर और बीमार व्यक्ति को फांसी की सजा नहीं सुनाई जाती।

### दिल्ली विस में...

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने इस रिपोर्ट को पेश किया है। सबसे पहले शराब नीति से जुड़ी रिपोर्ट को सामने रखा गया है। बात दें कि इसमें शीशमहल पर कई खुलासे हो सकते हैं। रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि सीएम आवास के नवीनीकरण में नियमों का भारी अनिमियता की गई है। इस रिपोर्ट में सीएम आवास की मरम्मत से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। बताया गया है कि साल 2020 में 7.61 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे, लेकिन अप्रैल 2022 तक इसमें 33.66 करोड़ लग चुके थे।

### बिटकॉइन घोटाले पर...

यह कार्रवाई दिल्ली-एनसीआर, पुणे, चंडीगढ़, नांदेड़, कोल्हापुर और बेंगलुरु सहित कई शहरों में की गई। इस दौरान प्रमुख आरोपियों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली गई।

6,600 करोड़ का गैनबिटकॉइन घोटाला : गेनबिटकॉइन कथित पोंजी स्कीम का मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज (अब दिवंगत) और उनके भाई अजय भारद्वाज को बताया जा रहा है। साल 2015 में शुरू हुई यह स्कीम वैरिएबलटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से चलाई गई थी।

### मंईयां सम्मान योजना...

इस पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के आवेदनों में त्रुटियां सामने आ रही हैं। त्रुटि की वजह से पैसा नहीं गया था। अब समय आ रहा है, जब बेटियों के खाते में सीधे खटाखट पैसे जाएंगे। होली या महिला दिवस पर खाते में जाएगी राशि : मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि एक साथ सभी बेटी- बहन के खाते में योजना की तीन किस्त जाएगी। उन्होंने बताया कि होली या महिला दिवस के दिन राज्य सरकार सभी बेटियों के खाते में पैसे भेज देगी। आगे कहा कि जो वादा हेमंत सोरेन करते हैं उसे पूरा करने की हिम्मत भी रखते हैं। अपने वादों के मुताबिक उन्होंने पैसा 1000 से बढ़ाकर 2500 कर दिया। अब त्रुटि आई है। उसे दूर कर फिर से पैसे सभी लाभुकों के खाते में भेजने का काम किया जा रहा है।

### दिल्ली के लिए...

**देशभर के श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ और पारसनाथ का कर सकेंगे दर्शन :** गोड्डा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संताल परगना और देवघर में रेल मार्ग, फोरलेन से लेकर लेकर हवाई मार्ग तक की कनेक्टिविटी के विस्तार पर विशेष ध्यान है। प्रधानमंत्री की गारंटी के अनुसार, केंद्रीय मंत्री नायडू ने दिल्ली से देवघर की दूसरी फ्लाइट के परिचालन की स्वीकृति प्रदान की है। दिल्ली से देवघर की शाम में दूसरी फ्लाइट शुरू हो जाने से देश भर के श्रद्धालु दोपहर में देवघर पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ धाम का दर्शन करके शाम में वापस दिल्ली लौट सकेंगे।

**एक दिन में बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ के दर्शन कर लौट सकेंगे दिल्ली :** श्रद्धालु श्रृंगार दर्शन भी कर सकते हैं। साथ ही दोपहर की फ्लाइट से दिल्ली से देवघर आकर जैन धर्म के श्रद्धालु भी सड़क मार्ग से पारसनाथ शिखरजी के भी दर्शन कर वापस देवघर एयरपोर्ट से शाम की फ्लाइट से दिल्ली लौट सकेंगे। एक दिन में दिल्ली से देवघर की दो हवाई सेवा चालू होने से यात्री किराये में भी कमी आयेगी। किराया काफी सस्ता हो जाने की उम्मीद है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में महाशिवरात्रि के अवसर पर सुलभ हवाई सेवा की घोषणा बाबा बैद्यनाथ के भक्तों को एक तोहफा है।

### झारखंड हाईकोर्ट की...

**विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट गढ़वा दिनेश कुमार** को अगले आदेश तक विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट सह विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय गढ़वा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

**जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गिरिडीह मनोज चंद्र झा** को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय गिरिडीह के पद पदस्थापित किया गया है।

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश साहिबगंज धीरज कुमार** को अगले आदेश तक जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय साहिबगंज के पद नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

### साल में दो बार...

**परीक्षा का पहला-दूसरा चरण कब होगा? :** बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड 10वीं परीक्षा का पहला चरण 17 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा चरण 5 से 20 मई तक आयोजित किया जाएगा।

**दोनों परीक्षाएं सिलेबस पर आधारित होंगी :** बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि दोनों परीक्षाएं पूरी तरह सिलेबस के अनुसार आयोजित की जाएंगी और उम्मीदवारों को दोनों चरणों में एक ही परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाएंगे। आवेदन दाखिल करने के समय दोनों परीक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क बढ़ाया जाएगा।

**सप्लीमेंट्री परीक्षा का रोल :** अधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं का पहला और दूसरा चरण सप्लीमेंट्री परीक्षा के रूप में भी काम करेगा और किसी भी परिस्थिति में कोई विशेष परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। नई प्रणाली के तहत छात्रों के पास वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा देने और अपने सर्वश्रेष्ठ स्कोर को बनाए रखने का विकल्प होगा।

**परीक्षा के तनाव को कम करने का उद्देश्य :** सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये योजना विद्यार्थियों मी परीक्षा के दबाव को कम करने और छात्रों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का अवसर देगी। इसका उद्देश्य परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करना है, साथ ही अधिक समग्र मूल्यांकन प्रणाली सुनिश्चित करना है। इसमें रटने की बजाय समझ और कौशल आधारित मूल्यांकन पर जोर देना है।

**नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार लिया गया निर्णय :** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में सिफारिश की गई थी कि बोर्ड परीक्षा के 'रिस्क' को खत्म करने के लिए सभी छात्रों को अधिकतम दो अवसरों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

# बांग्लादेश से जुड़े मामले में अदालत हस्तक्षेप नहीं कर सकती, कहकर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने याचिका खारिज की

नई दिल्ली । देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने लुधियाना स्थित भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समिति के अध्यक्ष और इस्कॉन मंदिर संचालन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश ढांडा द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से मना कर दिया, जिसमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर लक्षित हिंसा से हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की गई थी। सीजेआई खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने सुनवाई शुरू होते ही विदेशी मामलों और पड़ोसी देश के आंतरिक घटनाक्रमों के मुद्दों में हस्तक्षेप करने से साफ इंकार कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, सीजेआई खन्ना ने कहा, यह विदेश का मामला है और यह अदालत दूसरे देश के मामलों पर टिप्पणी नहीं कर सकती है? सुनवाई कर सीजेआई ने कहा, यह बहुत अजीब होगा अगर यह अदालत दूसरे देश के मामले में हस्तक्षेप करेगी। उन्होंने कहा, हम कैसे मामले में दखल दे दें, वह हमारा पड़ोसी देश है, उसके मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। इसके बाद पीठ की सलाह पर याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने जनहित याचिका वापस ले ली। इसके बाद पीठ ने याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग के अलावा बांग्लादेश से भागकर आए हिंदुओं के लिए नागरिकता के लिए आवेदन देने की समय सीमा बढ़ाने की भी मांग की थी। अर्जी में भारतीय विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय को बांग्लादेश में स्थित उच्चायोग के माध्यम से बांग्लादेश में निवासरत हिंदू अल्पसंख्यकों को मदद देने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। इसके अलावा पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ चल रहे अत्याचारों को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार बांग्लादेश पर वैश्विक दबाव बनाने की मांग भी की गई थी।

# मौसम बदलेगा मिजाज, कई राज्यों में बरसेंगे बादल ; दिल्ली-यूपी का क्या होगा हाल?

नई दिल्ली। देश के कुछ राज्यों में मौसम विभाग की तरफ से बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक पूरे उत्तर भारत में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। आईएमडी ने उत्तर-पश्चिमी भारत के कई हिस्सों में 25 से 28 फरवरी के बीच भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ इस अवधि के दौरान जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को प्रभावित करेगा। इसके अलावा, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में भी 26 से 28 फरवरी के बीच हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। 25 फरवरी को सुबह हल्की धुंध रह सकती है, अधिकतम तापमान 27-29 डिग्री रहेगा। वहीं 26 फरवरी को हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 27 फरवरी को तेज बारिश और गरज-चमक के साथ मौसम ठंडा रहेगा और अधिकतम तापमान 25-27 डिग्री तक गिर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में 25 से 28 फरवरी के बीच भारी बारिश और बर्फबारी होगी। वहीं हिमाचल प्रदेश में 26 से 28 फरवरी और उत्तराखंड में 27 और 28 फरवरी को भारी बर्फबारी की संभावना है। मैदानी इलाकों में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 26 फरवरी से 1 मार्च तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि और आंधी-तूफान की भी चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, बिहार, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में दिन का तापमान 1-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है। वहीं उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में भी कुछ इलाकों में हल्की ठंड महसूस की गई है। राजस्थान, झारखंड, कोंकण और तटीय आंध्र प्रदेश में दिन का तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया।

# लावारिस बैग को खोलने पर हुआ धमाका, 4 लोग हुए घायल

कटिहार। बिहार के कटिहार जिले में सड़क किनारे पड़े लावारिस बैग को खोलने के दौरान विस्फोट हो गया। जिससे दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। वहीं, विस्फोट वाले स्थल को सीज कर दिया गया है। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने सबूत एकत्र कर लिए हैं और आगे की जांच जारी है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। घटना के बाद आसपास हड़कंप मच गया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूरे इलाके को सील कर दिया और जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बिहार के कटिहार जिले में एक बैग के अंदर रखे विस्फोटक में विस्फोट होने से दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। यह घटना बलरामपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लाथौर गांव में हुई। पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि कम तीव्रता वाला विस्फोट सोमवार दोपहर करीब 1 बजे लाथौर गांव में हुआ. यहां सड़क किनारे रखे एक लावारिस बैग को कुछ लोग खोलने की कोशिश कर रहे थे।

# नेपाली सेना के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने भारतीय सेना के 6 पूर्व प्रमुख काठमांडू पहुंचे

काठमांडू। नेपाली सेना के निमंत्रण पर भारतीय सेना के 6 पूर्व सेना प्रमुख महाशिवरात्रि और नेपाली सेना के 262वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को नेपाल पहुंचे हैं। भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल जोगिंदर जसवंत सिंह, जनरल दीपक कपूर, जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह, जनरल दलवीर सिंह सुहाग, जनरल मनोज मुकुंद नरवणे और जनरल मनोज पांडे नेपाल सेना के निमंत्रण पर नेपाल आए हैं। नेपाली सेना के अनुसार काठमांडू पहुंचे भारत के पूर्व सेना के प्रमुख नेपाली सेना के मुख्यालय में होने वाले आर्मी कॉन्क्लेव में भी हिस्सा लेंगे। उक्त कॉन्क्लेव में दोनों देशों के बीच संबंधों को नागरिक स्तर पर लाने के लिए क्या काम करने की जरूरत पर चर्चा होगी।

# चाहे कोई नाराज हो या खुश, मैं नहीं दूंगा भ्रष्ट लोगों की नियुक्ति की मंजूरी

## -महाराष्ट्र सीएम फडणवीस ने मंत्री कोकाटे के बयान का दिया जवाब

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साफ कर दिया है कि वह मंत्रियों के कहने पर किसी भ्रष्ट निजी सहायकों और विशेष कार्य अधिकारी की नियुक्तियों को मंजूरी नहीं देंगे। कृषि मंत्री और अजित पवार गुट के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे के बयान का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा कि चाहे कोई नाराज हो, लेकिन जिन अफसरों पर भ्रष्टाचार या गलत कामों के आरोप लगे हैं, उन्हें वह नियुक्त करने की मंजूरी नहीं देंगे।

बता दें माणिकराव कोकाटे ने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा था कि अब मंत्रियों के पीए और ओएसडी की नियुक्ति भी सीएम तय कर रहे हैं, जिससे उनके पास खुद के फैसले लेने की गुंजाइश नहीं है। इस बयान ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी। इसके जवाब में सीएम फडणवीस ने कहा कि राज्य में मंत्रियों के पीए और विशेष कार्य अधिकारियों की नियुक्ति का अधिकार सीएम के पास होता है। कोकाटे साहब को शायद यह जानकारी



नहीं है कि यह कोई नई परंपरा नहीं है। कैबिनेट बैठक में साफ कर दिया गया था कि मंत्री अपने सुझाव भेज सकते हैं, लेकिन अगर उन पर गलत कामों का ठप्पा लगा है, तो वह मंजूरी नहीं देंगे।

सीएम फडणवीस ने बताया कि मंत्रियों की ओर से कुल 125 नाम भेजे गए थे, जिनमें से 109 को हरी झंडी दी गई है, लेकिन जिन पर संदेह था, उन्हें मंजूरी नहीं मिली। उन्होंने साफ कहा कि मैंने बाकी नामों को क्लीयर नहीं किया क्योंकि उन पर आरोप हैं और कुछ मामलों में जांच भी चल रही है। चाहे कोई नाराज हो या खुश, मैं ऐसे नामों को पास नहीं करूंगा।

इस बीच महाराष्ट्र विधान परिषद की उपाध्यक्ष और शिंदे गुट की शिवसेना नेता नीलम गोहे द्वारा उद्धव ठाकरे पर की गई टिप्पणी और फिर संजय राऊत के पलटवार से राजनीति गरमा गई है। इस पर फडणवीस ने कहा कि ऐसे राजनीतिक बयानों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि साहित्य सम्मेलन में भी नफरत झलक रही है। वहां पीएम मोदी से लेकर उद्धव ठाकरे तक पर कटाक्ष किए गए है, लेकिन क्या ऐसे मंच का इस्तेमाल राजनीति के लिए करना सही है? उन्होंने यह भी कहा कि साहित्य मंचों पर सभी को संयम बरतना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर राजनीतिक नेता साहित्य सम्मेलनों में जाते हैं, तो उन्हें अपनी राजनीतिक बयानबाजी पर भी रोक लगानी चाहिए।

# योगी को महाकुंभ के दौरान मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजा देना चाहिए : ममता



कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ के दौरान भगदड़ में कई लोगों की मौत होने का आरोप लगाते हुए मांग की कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ितों के परिवारों के लिए घोषित मुआवजा तत्काल जारी करे। बनर्जी ने इस दावे पर भी सवाल उठाया कि इस वर्ष महाकुंभ मेला 144 वर्षों के अंतराल के बाद हो रहा है तथा उन्होंने विशेषज्ञों से इस दावे की सत्यता की जांच करने का आग्रह किया। बनर्जी ने यहां राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से कहा, ''मैं उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करती हूं कि चूंकि उन्होंने कुंभ मेले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की है, इसलिए उन्हें तत्काल यह राशि जारी करनी चाहिए।'' उत्तर प्रदेश सरकार ने कुंभ मेले के दौरान भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की थी।

# सीएम स्टालिन की चिंता, जनसंख्या नियंत्रण होने से घट सकती हैं संसद की सीटें

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तमिलनाडू राज्य में जनसंख्या नियंत्रण के सफल उपायों के बाद संसद में सांसदों की संख्या में कमी को लेकर चिंता जाहिर की है। इस मुद्दे पर सीएम स्टालिन ने कहा, 'भारत का बड़ा लक्ष्य अपनी जनसंख्या को नियंत्रित करना था। तमिलनाडु ने इसमें बड़ी सफलता हासिल की है। लेकिन अब हम एक ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, जहां कम जनसंख्या के कारण तमिलनाडु में संसद की सीटें घट सकती हैं।'

स्टालिन ने जोर देकर कहा कि अगर जनसंख्या में कमी का यह सिलसिला जारी रहा, तब तमिलनाडु की संसद में प्रतिनिधित्व प्रभावित हो सकता है। वर्तमान में राज्य के 39 सांसद हैं, जो भविष्य में घटकर 31 तक रह सकते हैं।

इस बीच, बीजेपी नेता तमिलिसाई सौंदरराजन ने मुख्यमंत्री स्टालिन पर निशाना साधा। हाल ही में तमिलनाडु के पोल्लाची रेलवे स्टेशन पर नामपट्टियों पर हिंदी अक्षरों को कथित तौर पर द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) कार्यकर्ताओं द्वारा काले



रंग से मिटाने की घटना के बाद उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी अब भाषा की राजनीति से फायदा नहीं उठा सकती।

### सीएम स्टालिन को दी खुली चुनौती

तमिलिसाई ने कहा, मैं डीएमके कार्यकर्ताओं के रवैये की निंदा करती हूं, जिन्होंने हिंदी शब्दों को काले टार से मिटा दिया। यह सार्वजनिक संपत्ति है। उत्तर भारत से लोग भी इस राज्य में आते हैं। रेलवे सभी राज्यों को जोड़ता है। आपको हिंदी शब्दों को मिटाने का क्या अधिकार है? मैं स्टालिन को खुली चुनौती देती हूं कि वे बताएं कि उनके और उनके मंत्रियों के परिवारों के कितने बच्चे सिर्फ दो भाषाएं सीख रहे हैं। और आपके सभी मंत्री, जिनमें आपके परिवार के लोग भी शामिल हैं, सीबीएसई स्कूल क्यों चला रहे हैं?'

# दिल्ली में नई बीजेपी सरकार जल्द लॉन्च करेगी महिला समृद्धि योजना

## -महिला समृद्धि योजना में किन महिलाओं को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई सरकार के गठन के बाद दिल्ली में महिला समृद्धि योजना की स्कीम जल्द लॉन्च हो सकती है। दिल्ली में बीजेपी सरकार इसके लिए तैयारियों में जुट गई है। इसको लेकर सीएम रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को लेकर बैठक की और योजना को लागू करने के लिए नियम एवं शर्तें तय करने को कहा। पीएम मोदी ने चुनाव के दौरान ऐलान किया था कि 8 मार्च को महिला दिवस पर दिल्ली की महिलाओं को इसकी पहली किस्त दी जाएगी। अब दिल्ली की सीएम रेखा ने इस बात को दोहराया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया था कि इस योजना के तहत के गरीब महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। योजना को लेकर अभी नियम और शर्तें तय होना बाकी है। इससे पता चलेगा कि इस योजना का लाभ किसे मिलेगा और किसे नहीं।

फिलहाल यह साफ हो गया है कि जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति अच्छी है। उन्हें इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। यह योजना जरूरतमंद महिलाओं के लिए है। यदि आप दिल्ली की मतदाता हैं और परिवार की आर्थिक हालत ठीक नहीं है तो योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होने से पहले कुछ जरूरी काम कर लें। इस योजना के तहत पैसे सीधे बैंक खाते में भेजे जाएंगे। इसलिए बैंक खाता आपके नाम होना जरूरी है।

यह भी तय किया गया है कि बैंक खाते के साथ आपका अपना पर्सनल मोबाइल नंबर जुड़ा हो। कई बार पुराना मोबाइल नंबर जुड़ा रहता है, यदि आपके साथ भी ऐसा है तो बैंक जाकर अपना नंबर अपडेट करा सकती हैं। अगर आपने बैंक खाते में लंबे समय से कोई लेनदेन नहीं किया है कि तो यह तय कर ले कि आपका अकाउंट चालू या नहीं। ब्रान्च में जाकर केवाईसी भी करा सकती हैं।अगर आपके आधार के साथ मोबाइल नंबर लिंक नहीं है या फिर अपडेट नहीं है तो ऐसा जरूर कर लें।

दिल्ली सरकार की यह योजना गरीब महिलाओं के लिए है। अभी यह साफ नहीं किया गया है कि इसके लिए आय की सीमा क्या होगी।



मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों की बीजेपी सरकारों ने यह सीमा 2.5 लाख रुपए सालाना रखी है। दिल्ली में अभी इसका ऐलान नहीं हुआ है। ऐसे में आपके परिवार की आमदनी कम है तो आय प्रमाणपत्र बनवाकर रख लें।

# अब भारत और बांग्लादेश के बीच शुरु हुई नोंक-झोंक

**नई दिल्ली/ढाका (एजेंसी)।** अब भारत और बांग्लादेश के बीच तीखी नौंक झौंक भी शुरु हो गई है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान पर बांग्लादेश ने भी जवाब दिया है। बांग्लादेश ने कहा है कि हमारे मुल्क के अल्पसंख्यकों की चिंता भारत को नहीं होनी चाहिए। साथ ही बांग्लादेश ने भी भारत को संबंधों पर अपना रुख साफ करने के लिए कहा है। जयशंकर ने कहा था कि बांग्लादेश को साफ करना चाहिए कि वह भारत के साथ कैसा रिश्ता रखना चाहता है।अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने कहा, जयशंकर ने एक बार फिर अल्पसंख्यकों के बारे में बात की है। हालांकि, अल्पसंख्यकों का मुद्दा मुख्य रूप से भारतीय मीडिया की तरफ से तोड़ मरोड़ की गई जानकारी से उठा है। सबसे जरूरी बात यह कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों का मुद्दा भारत की चिंता का विषय नहीं होना चाहिए। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक बांग्लादेश का मुद्दा है। वैसे ही जैसे भारत अपने अल्पसंख्यकों के साथ कैसा बर्ताव करता है, यह भारत की चिंता है। तौहीद ने बयानों को लेकर कहा, जब यहां कि लोगऐसे टिप्पणियां कर रहे हैं, तो वहां भी लोग हैं जो ऐसा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके एक मुख्यमंत्री ने तो यह तक सलाह दे दी थी कि अगर संभव हो तो संयुक्त राष्ट्र की पीस कीपिंग फोर्स को बांग्लादेश भेजा जाना चाहिए। उनके एक केंद्रीय मंत्री लगातार बांग्लादेश विरोधी बयान देते रहते हैं। यह ठीक है। हमारा मानना है कि ऐसी चीजें चलती रहेंगी, लेकिन फिर भी हम अच्छे रिश्ते चाहते हैं।उन्होंने कहा, इस बात पर फोकस करना कि यहां और वहां कुछ लोग क्या कह रहे हैं, इससे बेहतर है कि हम हमारा रिश्ता मजबूत करने की ओर काम करें।

# महाकुंभ में कुछ लोगों ने नैतिकता, सत्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनाओं को खो दिया

## -सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए सीएम योगी पर साधा निशाना

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बैगर कहा कि अशोभनीय कथन बताते हैं कि नकारात्मकता चरम पर हो तो देश, काल, स्थान की गरिमा का खूयाल न करते हुए मानसिकता शब्दों के रूप में प्रकट होती है। अखिलेश ने सोमवार रात अपने आधिकारिक एक्?स पर पोस्ट में कहा...लेकिन महाकुंभ में जिन्होंने अपनों को तलाशा, उन्हें हमेशा के लिए खो गए अपने परिजन का नाम न तो मृतकों की सूची में मिला और न ही खोया-पाया के रजिस्टर में।

पोस्ट में उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने महाकुंभ में राजनीतिक अवसरवाद को तलाशा और उनको आत्म प्रचार का माध्यम मिला, लेकिन उन्होंने अपनी नैतिकता, सत्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनाओं को खो दिया और वाणी पर संतुलन को भी। सपा प्रमुख ने कहा कि 'महाकुंभ' जैसे पावन पर्व के संबंध में बोलते समय शब्दों का चयन, इस अवसर के मान और प्रतिष्ठा के अनुकूल होना चाहिए।

अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि महाकुंभ में कई बार जाकर भी जिनका



वैचारिक उद्धार नहीं हुआ, उनके पाप और पतन की सीमा भला कौन नाप सकता है। ऐसे कथनों से जिन सुधीजनों को ठेस पहुंची है, उनसे निवेदन है कि ऐसे लोगों के प्रति सहानुभूति की भावना रखें न कि आक्रोश की।ज्सन्मति दे भगवान ! सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्?यवाद प्रस्?ताव पर बोलते हुए समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि कुंभ में जिसने जो तलाशा, उसे वही मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली, सुअरों को गंदगी मिली, संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली, आस्था वालों को पुण्य मिला, गरीबों को रोजगार मिला, अमीरों को धंधा मिला, श्रद्धालुओं को साफ-सुथरी व्यवस्था मिली, भक्तों को भगवान मिले। मतलब सबने अपने-अपने स्वभाव और चरित्र के अनुसार चीजों को देखा है। सीएम ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि जिन लोगों ने अपने समय में इस पूरे आयोजन को अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का शिकार बनाया था, आज वह महाकुंभ पर इस प्रकार की टिप्पणी करके भारत की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

# पश्चिम बंगाल और ओडिशा में सुबह-सुबह 5.1 की तीव्रता वाला आया भूकंप, डोलने लगी धरती

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत में आए दिन भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। अभी दिल्ली में तेज आवाज के साथ अए भूकंप की दहशत कम भी नहीं हुई थी कि मंगलवार सुबह 6ः10 बजे कोलकाता में 5.1 की तीव्रता वाले भूकंप ने झटके दे दिए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में था। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। एनसीएस ने बताया कि भूकंप आज सुबह 6ः10 बजे 91 किलोमीटर की गहराई पर आया। अभी तक किसी तरह के जान और माल के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। वहीं मंगलवार सुबह ओडिशा के कई शहरों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी में स्थित था और इसका असर पुरी, बरहामपुर, बालासोर और भुवनेश्वर समेत कई इलाकों में देखा गया। नेशनल सेंटर फॉर सिसमोलॉजी के अनुसार, भूकंप पुरी से लगभग 286 किमी और बरहामपुर से 394 किमी दूर था। हालाँकि, इसकी गहराई




अधिक होने के कारण बड़े नुकसान की कोई खबर नहीं आई है।

इससे पहले, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 17 फरवरी की सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। भूकंप का केंद्र धौला कुआं के झील पार्क क्षेत्र में 5 किलोमीटर की गहराई में था और वहां कुछ लोगों को भूकंप के बाद तेज आवाजें सुनीं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक ओपी मिश्रा ने कहा कि धौला कुआं क्षेत्र में 2007 में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था। हालांकि, इसका प्रभाव उतना तीव्र नहीं था क्योंकि केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। दिल्ली को भूकंपीय क्षेत्र-4 में रखा गया है, जो देश में दूसरा सबसे खतरे वाला क्षेत्र है। उत्तर भारत में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सबसे अधिक भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। भूकंप संभावित दूरस्थ और निकटस्थ स्थानों में भूकंप आने पर भी दिल्ली में झटके महसूस किए जाते हैं।

रविवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि जिले के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए, हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप सुबह 8 बजकर 42 मिनट पर आया और इसकी तीव्रता 3.7 थी। इसका केंद्र मंडी क्षेत्र में 31.48 डिग्री अक्षांश और 76.95 डिग्री देशांतर पर था। सुंदरनगर क्षेत्र में किआर्गी के पास भूकंप 7 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। मंडी जिला भूकंपीय क्षेत्र 5 में आता है, जो कि उच्च जोखिम वाला क्षेत्र है।

# 2024 में 54 देशों ने 296 बार इंटरनेट किया बंद, भारत में 84 बार हुआ

## -पाकिस्तान में 21, रूस में 13, यूक्रेन में 7 और बांग्लादेश में 5 बार शटडाउन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहली बार ऐसा हुआ है कि दुनिया में इंटरनेट बंद करने के मामले में भारत पहले नंबर पर नहीं है। हालांकि अभी दूसरा नंबर है। भारत में इंटरनेट शटडाउन में कमी आई है। मणिपुर हिंसा और पिछले साल हरियाणा के नूंह में साम्प्रदायिक हिंसा को हटा दें तो भारत में बहुत ही कम इंटरनेट बंद किया गया है। चिंता की बात यह है कि भारत अभी भी अपने पड़ोशी देशों से इस मामले में काफी पीछे है। 2018 के बाद पहली बार 2024 में भारत एक साल में इंटरनेट शटडाउन के मामले में दुनिया में आगे नहीं रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल म्यांमार में सबसे ज़्यादा 85 शटडाउन के आदेश दिए गए। भारत में पिछ्ले साल 84 ऐसे आदेश लागू हुए थे।

बता दें दुनिया में इंटरनेट शटडाउन की कुल संख्या 2023 में 39 देशों द्वारा 283 शटडाउन से बढ़कर 2024 में 54 देशों द्वारा 296 शटडाउन हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि म्यांमार के ठीक पीछे भारत है। यहां 84 बार शटडाउन हुआ। भारत में संप्रदायिक संघर्ष, विरोध और अस्थिरता, सांप्रदायिक हिंसा, परीक्षाओं और चुनावों में नकल रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद की गईं। 41 इंटरनेट शटडाउन विरोध प्रदर्शनों से संबंधित थे। 23 सांप्रदायिक हिंसा से संबंधित थे। 2024 में 16 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इंटरनेट शटडाउन से प्रभावित थे, जिनमें मणिपुर (21), जम्मू-कश्मीर (12) और हरियाणा (12) सबसे आगे थे। रिपोर्ट में बताया है कि मणिपुर में जातीय तनाव एक प्रमुख कारण था।

भारत के बाद पाकिस्तान में 21 बार इंटरनेट बंद हुआ। रूस में 13 बार, यूक्रेन में 7 बार, फिलिस्तीन में 6 बार और बांग्लादेश में 5 बार। पाकिस्तान ने 8 फरवरी को चुनाव के दिन, देशभर में एक्स सिग्नल और ब्लूस्काई को ब्लॉक किया गया था और मोबाइल बंद कर दिया था। 8 देशों ने सीमा पार शटडाउन लगाया, जिससे 13 देश प्रभावित हुए। यूक्रेन में रूस द्वारा शटडाउन के 7 मामले दर्ज किए थे। ये यूक्रेन के इंटरनेट सेवा प्रदाताओं पर साइबर हमले और यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर कम से कम छह बार मिसाइल हमलों के कारण इंटरनेट बाधित हुआ था।



# अक्षर पटेल बने पाकिस्तान के खिलाफ बेस्ट फील्डर

## टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में शिखर धवन ने पहनाया मेडल ; भारत 6 विकेट से जीता

**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए टीम इंडिया ने अक्षर पटेल को बेस्ट फील्डर का मेडल दिया। टीम के ड्रेसिंग रूम में पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने उन्हें मेडल पहनाया। अक्षर ने पाकिस्तान के खिलाफ 1 कैच पकड़ा और 2 रन आउट किए। भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया। दुबई में पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने विराट कोहली की सेंचुरी की मदद से टारगेट हासिल कर लिया।

### धवन ने अक्षर को मेडल पहनाया

टीम इंडिया के पूर्व बैटर शिखर धवन ड्रेसिंग रूम में मेडल देने पहुंचे। उन्होंने कहा, टीम को शाबासी, विराट ने अच्छी बैटिंग की। शुभमन, श्रेयस ने उनका बखूबी साथ दिया। अक्षर को फील्ड पर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैं यह मेडल पहनाता हूं।

**फील्डिंग कोच बोले- थ्रो बहुत शानदार रहे** - बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फील्डर ऑफ द मैच सेरेमनी की एक वीडियो पोस्ट की। इसमें टीम इंडिया के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने कहा, %फील्डिंग बेहतरीन रही, सभी ने बैकअप लिए और ओवरथ्रो नहीं जाने दिया। विकेटकीपर राहुल ने बताया कि थ्रो की एक्यूरेसी शानदार थी, जिससे 5 डायरेक्ट हिट लगे। मैच में अहम टाइम पर 2 रनआउट आए। सपोर्ट स्टाफ का थैंक्यू, जिन्होंने टीम की फील्डिंग स्ट्रेंथ बढ़ाई। जडेजा, अक्षर और श्रेयस ने पाकिस्तानी बैटर्स को आसानी से रन नहीं लेने दिए।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

# ब्रायडन कार्स चोट के कारण बाहर, इंग्लैंड टीम में इस खिलाड़ी की एंट्री



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति ने ब्रायडन कार्स के प्रतिस्थापन के रूप में रेहान अहमद के नाम की इंग्लैंड को मंजूरी दे दी है। पैर की अंगुली में चोट के कारण कार्स के बाहर होने के बाद छह एक दिवसीय मैच खेलने वाले अहमद को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल करने से पहले इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति में वसीम खान (आईसीसी महाप्रबंधक - क्रिकेट), सारा एडगर (आईसीसी वरिष्ठ प्रबंधक - इवेंट्स), उस्मान वाहला (पीसीबी निदेशक - अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट संचालन), शॉन पोलक (स्वतंत्र प्रतिनिधि) शामिल हैं। टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद इंग्लैंड इस समय ग्रुप बी में मुश्किल स्थिति में है।

# धोनी जैसा कोई व्यक्ति भी इस पाकिस्तानी टीम की मदद नहीं कर सकता: सना मीर



**कराची (एजेंसी)।** पूर्व पाकिस्तानी महिला कप्तान सना मीर ने चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने के लिए पुरुष क्रिकेट टीम की आलोचना करने वालों में शामिल होते हुए कहा कि महेंद्र सिंह धोनी जैसा भी कोई खिलाड़ी इस मुश्किल दौर से गुजर रही टीम की किस्मत नहीं बदल सकता। न्यूजीलैंड और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से शर्मनाक हार के बाद मेजबान पाकिस्तान आठ टीमों की मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया।

'गेम ऑन है' कार्यक्रम में मीर ने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी टीम में चुने गए 15 खिलाड़ी, भले ही आप एमएस धोनी या (पूर्व पाकिस्तानी कप्तान) यूनिस खान को कप्तान बना दें कोई भी टीम के साथ कुछ नहीं कर सकता क्योंकि यह टीम खेल की परिस्थितियों के आधार पर नहीं चुनी गई है।

मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तानी टीम को दुबई में भारत से छह विकेट से मिली हार के लिए पाकिस्तान में प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ा। 39 वर्षीय क्रिकेटर से कमेंटेटर बनी इस खिलाड़ी ने कहा, मैं मैच देख रही थी, तभी मुझे एक दोस्त का संदेश मिला कि भारत ने 2 विकेट पर 100 रन बना लिए हैं। इसलिए जब टीम की घोषणा की गई, तो मैंने कहा कि मैच खत्म हो गया है।

मीर ने कहा कि पाकिस्तान ने परिस्थितियों के आधार पर टीम का चयन नहीं किया है। उन्होंने, जब हमने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी, तब हम आधा टूर्नामेंट हार चुके थे, और मैं यह पहले दिन से ही कह रहा हूं। वे (चयनकर्ता) जानते थे कि पाकिस्तान को दुबई में कम से कम एक मैच खेलना है, तो आप दो अंशकालिक स्पिनर कैसे लाए। अबरार (अहमद), जो अभी भी एकदिवसीय क्रिकेट में नए हैं... पिछले 5 महीनों में 165 रन देकर दो विकेट लिए हैं। चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली दो श्रृंखलाओं में खेलने वाले प्रमुख खिलाड़ियों को हटा दिया।

उन्होंने कहा, अबरार ने भारत के खिलाफ 10 ओवर में सिर्फ एक विकेट लिया, हालांकि वह पाकिस्तान के गेंदबाजों में सबसे किफायती रहे और उन्होंने 28 रन दिए। इरफान (खान) नियाजी एक अच्छे फील्डर थे, उन्होंने अच्छी पावर-हिटिंग दिखाई (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज में)... इसलिए, जब हमने टीम की घोषणा की तो हम टूर्नामेंट हार गए।

रणजी फाइनल

# फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण विदर्भ का केरल पर पलड़ा भारी



**नागपुर (एजेंसी)।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों की शानदार फार्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण पूर्व चैंपियन विदर्भ की टीम केरल के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। अक्षय वाडकर की अगुवाई वाली विदर्भ की टीम ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अब तक अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की है और एक ड्रा खेला है। विदर्भ ने ग्रुप चरण में सात मैचों में छह मैच में जीत हासिल की। इसके बाद उसने क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 198 रन से और सेमीफाइनल में गत चैंपियन मुंबई को 80 रन के बड़े अंतर से हराया। विदर्भ 2017-18 और 2018-19 में रणजी चैंपियन बना था जबकि केरल की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची है। विदर्भ की टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। वह पिछले साल फाइनल में मुंबई से हार गई थी जिसकी भरपाई वह इस साल करना चाहेगी। विदर्भ की टीम ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है। वह इस साल विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में भी पहुंची थी। विदर्भ के बल्लेबाजों ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसकी तरफ से यश राठौड़ ने 58.13 की औसत से 933 रन बनाए हैं जिसने पांच शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। कप्तान वाडकर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। उन्होंने 48.14 की औसत से 674 रन बनाए हैं। अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर भी उनसे अधिक पीछे नहीं हैं। उन्होंने 45.85 की औसत से 642 रन बनाए हैं। उनके अलावा दानिश मालेवार ने 557 और ध्रुव शोरे ने 446 रन बनाकर अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। गेंदबाजी में विदर्भ के लिए 22 वर्षीय हर्ष दुबे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अभी तक 66 विकेट लिए हैं और एक रणजी सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने के रिकॉर्ड से केवल दो विकेट दूर हैं। रिकॉर्ड बिहार के आशुतोष अमन के नाम पर है जिन्होंने 2018-19 के सत्र में 68 विकेट लिए थे। दूसरी तरफ सचिन बेबी की अगुवाई वाली केरल की टीम अगर पहली बार फाइनल में पहुंची है तो इसमें किस्मत का भी बड़ा हाथ रहा। क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर को उसने केवल एक रन से हराया जबकि सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी में दो रन की मामूली बढ़त के आधार पर वह फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। सलमान निजार और मोहम्मद अजहरुद्दीन केरल की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ हैं। निजार ने वर्तमान सत्र में अभी तक 86.71 की औसत से 607 रन जबकि अजहरुद्दीन ने 75.12 की औसत से 601 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में जलज सक्सेना केरल के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने अभी तक 38 विकेट लिए हैं। विदर्भ के पूर्व खिलाड़ी आदित्य सरवटे ने 30 विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया है।

### टीम इस प्रकार हैं

**विदर्भ** - अक्षय वाडकर (कप्तान और विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अमन मोखड़े, यश राठौड़, हर्ष दुबे, अक्षय कर्णेवार, यश कदम, अक्षय वखारे, आदित्य ठाकरे, दर्शन नालकंडे, नचिकेत भूते, सिद्धेश वाथ (विकेटकीपर), यश ठाकुर, दानिश मालेवार, पार्थ रेखाडे, करुण नायर, ध्रुव शौरे।

**केरल** - सचिन बेबी (कप्तान), रोहन कुन्नूमल, सलमान निज़ार, मोहम्मद अज़हरुद्दीन (विकेटकीपर), अक्षय चंद्रन, जलज सक्सेना, शॉन रोजर, आदित्य सरवटे, बासिल थम्पी, एमडी निधिश, नेदुमंकुझी बासिल, श्रीहरि एस नायर, शराफुद्दीन एनएम, आनंद कृष्णन, वरुण नयनार, ईडन एप्पल टॉम, अहमद इमरान।

**समय** - सुबह 9.30 बजे।

# एकदिवसीय प्रारुप में विराट सबसे बेहतर खिलाड़ी : पोंटिंग



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में विराट से अच्छा बल्लेबाज नहीं देखा है। पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में दबाव के क्षणों में विराट ने ही शतक लगाकर भारतीय पारी को संभाला था। विराट की विपरीत हालातें में खेली इस पारी को देखकर पोंटिंग को कहना पड़ा है कि एकदिवसीय प्रारुप में विराट से बेहतर कोई भी खिलाड़ी नहीं है। पोंटिंग ने अहम अवसरों पर आगे आकर खेलने की कोहली की क्षमता और इस दौरान रिकॉर्ड तोड़ने की क्षमता को सर्वश्रेष्ठ बताया है। इस पूर्व कप्तान ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि बड़े मैच बड़े नामों के बराबर होते हैं। आपको उन बड़े अवसरों पर अपने बड़े नामों को खड़ा करने की जरूरत होती है और भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बड़ा कोई मैच नहीं हो सकता। आपकी प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में आपके प्रदर्शन से बनती है। इसलिए मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ऐसा हुआ है।

विराट को लेकर उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने मुश्किल विकेट पर पहले बल्लेबाजी की थी। इस तरह की मैच में जीतने वाली पारी खेलने के लिए शीर्ष क्रम में किसी की जरूरत थी और एक बार फिर कोहली ने इस काम को पूरा किया। वह बोले, , दोनो टीमों का स्कोर देखें तो एक में विराट ने शतक बनाया और दूसरे में कई पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने शुरुआत हासिल की पर बड़ा स्कोर नहीं बनाया। मैंने हमेशा कहा है कि खेल के किसी भी प्रारूप में अर्धशतक से आप या आपकी टीम को कुछ नहीं मिलता। आपको बड़े स्कोर बनाने होते हैं। इस मैच में पाकिस्तान के लिए व्यक्तिगत बड़े स्कोर भी नहीं थे और ना ही बड़ी साझेदारियां थीं।

### सिद्धू ने विराट की जमकर प्रशंसा की

**दुबई।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आने वाले समय में 10 से 15 शतक और लगा सकते हैं। सिद्धू ने कहा कि विराट ने जिस प्रकार चैंपियंस ट्रॉफी के अहम मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाया उससे पता चलता है कि उनमें अभी काफी क्रिकेट बचा है। भारत के पावरप्ले में एक विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आए विराट कोहली ने दबाव के हालातों में भी शतक लगा दिया। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, चरित्र संकट में नहीं बनता बल्कि दिखता है। विराट जोश और जुनून से भरा हुआ है और इस शतक के बाद मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यह व्यक्ति अगले 2 या 3 साल तक खेलेगा और वह 10 या 15 शतक और लगाएगा। किसी के लिए भी सबसे बड़ा परीक्षण यह है कि वह कठिन समय से कैसे गुजरता है और वह कैसे कठिनाइयों को अपनाता है। सिद्धू ने कहा, पिछले छह महीनों में इतना कुछ हुआ है कि उसने अपना पल चुन लिया। जब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ रन बनाए तो लोग इसे एक दशक तक नहीं भूलेंगे।

# हमेशा ही महान खिलाड़ी रहेंगे विराट: स्टुअर्ट बिन्नी



**मुंबई** । पूर्व ऑलराउंर स्टुअर्ट बिन्नी ने कहा है कि विराट कोहली चाहे शतक लगायें या नहीं वह महान खिलाड़ी बने रहेंगे। बिन्नी ने कहा कि इसका कारण ये रहा है कि विराट ने हमेश जरुरत के समय बड़ी पारी खेलकर टीम को आगे बढ़ाया है। पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी में भी दबाव के हालातों में उन्होंने शतक लगाकर टीम को जीत दिलायी। बिन्नी ने कहा कि जब भी विराट रन बनाते हैं, हर कोई उनकी प्रशंसा करता है पर मेरा मानना है कि वह हमेशा एक महान खिलाड़ी रहे हैं। वह हमेशा एक टीम मैन रहे हैं और उन्होंने हमेशा भारत को आगे बढ़ाया है। इसलिए जब मैं उनके साथ खेला करता था और अब भी टेलीविजन पर उन्हें देखना पसंद करता हूं। मुझे लगता है कि पाकिस्तान के खिलाफ जीतना वह भी आईसीसी इवेंट में खास होता । वहीं, इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह के साथ खेलने पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यही मुख्य बात है। बहुत से लोगों को रिटायर होने के बाद मौका नहीं मिलता है। लेकिन यहां हम अपने देश के लिए फिर से खेल रहे हैं और अपनी दोस्ती को फिर से मजबूत कर रहे हैं। बिन्नी ने कहा कि सचिन सर के साथ फिर से खेलना बहुत खास है, जाहिर तौर पर युवराज पाजी के साथ। लेकिन मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे खास बात यह है कि मैं कर्नाटक के अपने तीन साथियों विनय कुमार और अभिमन्यु मिथुन के साथ वापस आ गया हूं।

# बांग्लादेश और न्यूजीलैंड मैच के बीच पिच पर पहुंचा प्रतिबंधित इस्लामी पार्टी तहरीक ए लब्बैक का आतंकी

## रचिन रविंद्र को जबरदस्ती गले लगाया

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान पाकिस्तान में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। कल रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच एक रोमांचक मैच खेला जा रहा था। इस मैच के दौरान सुरक्षा के लिहाज से गंभीर घटना हुई जब एक आतंकी पिच पर घुस आया और न्यूजीलैंड के खिलाड़ी रचिन रविंद्र को जबरदस्ती गले लगाने की कोशिश की। इस घटना ने पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। साथ ही वीडियो में दिख रहा है कि वह रचिन को दबोचने की कोशिश कर रहा है।

पाकिस्तानी सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल

रावलपिंडी में मैच के दौरान जब एक व्यक्ति पिच पर घुसा और खिलाड़ी रचिन रविंद्र के पास पहुंच गया, तो यह घटना ने न केवल क्रिकेट प्रेमियों को बल्कि खिलाड़ियों और अधिकारियों को भी हैरान कर दिया। यह व्यक्ति प्रतिबंधित इस्लामी पार्टी तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान का समर्थक था, जो इस घटना के बाद रचिन के पास जाकर उन्हें गले लगाने लगा। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उस व्यक्ति को मैदान से बाहर किया, लेकिन इस घटना के बाद सवाल उठने लगे हैं कि अगर इतनी बड़ी घटना एक मैच के दौरान हो सकती है तो बाकी सुरक्षा इंतजामों का क्या हाल होगा। इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था में कुछ गंभीर खामियां हैं, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के लिए खतरे का संकेत दे सकती हैं।

**भारत की टीम ने क्यों पाकिस्तान जाने से किया मना** - भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहले ही पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था और इसके पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था। चैंपियंस ट्रॉफी के अधिकांश मैच दुबई में आयोजित हो रहे हैं,



जहां टीम इंडिया खेल रही है। पाकिस्तान में पिछले कुछ वर्षों में कई आतंकी हमले हो चुके हैं और ऐसे में भारत के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजना जोखिम भरा था।

**आतंकवादियों का खतरा और सुरक्षा का संकट** - इस घटना के बाद पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी आलोचना हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों ने इस घटना के बाद तत्काल कार्रवाई की, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या सुरक्षा व्यवस्था में इतना बड़ा अंतर्राष्ट्रीय इवेंट सुरक्षित तरीके से आयोजित हो सकता है? इसके अलावा, रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि आतंकवादी संगठन (आईएसआईएस-के) (इस्लामिक स्टेट खुरासान) ने सुरक्षा के लिहाज से खतरे की घंटी बजाई है। पाकिस्तान के इंटेलिजेंस ब्यूरो ने इस्लामिक स्टेट खुरासान (आईएसआईएस-के) के संभावित खतरों के बारे में अलर्ट जारी किया है। इन खतरों में विदेशी दर्शकों का अपहरण और फिरौती मांगने की योजना भी शामिल है।

**क्या पाकिस्तान में अब क्रिकेट मैच सुरक्षित हैं** - पाकिस्तान में क्रिकेट मैचों का आयोजन पहले भी कई बार सुरक्षा के संकट में रहा है। 2009 में श्रीलंकाई क्रिकेट टीम पर हमले के बाद से क्रिकेट जगत में पाकिस्तान की सुरक्षा को लेकर संदेह उत्पन्न हुआ था। उस हमले में कई खिलाड़ी घायल हुए थे, और उसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने पाकिस्तान में मैच आयोजित करने के लिए कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

यह घटना भी इस सवाल को और बड़ा बनाती है कि क्या पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत है कि आने वाले दिनों में होने वाले मैच सुरक्षित रूप से आयोजित किए जा सकते हैं। इस सुरक्षा संकट के बीच, पाकिस्तान सरकार ने सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत करने का दावा किया है, लेकिन इन घटनाओं से यह साफ हो रहा है कि खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए खतरे का स्तर अब भी गंभीर बना हुआ है।

# इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एथरटन ने भारत-पाकिस्तान पर दी प्रतिक्रिया

● बोले- अब एकतरफा मुकाबला




**दुबई (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा एक बहुप्रतीक्षित घटना होती है, लेकिन इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन का मानना ??है कि मुकाबला 'एकतरफा' हो गया है और क्रिकेट प्रचार के अनुरूप नहीं है। एथरटन ने कहा, ठीक है, यह पूरी तरह से एकतरफा था। यह बहुत दूर से ही बहुत अनुमानित लग रहा था। पाकिस्तान की बल्लेबाजी लाइन-अप कमजोर थी, जैसा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में था। बल्लेबाजी में बस थोड़ी ऊर्जा और गतिशीलता की कमी थी। भारत और पाकिस्तान केवल आईसीसी आयोजनों में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं और उनके मुकाबलों को अक्सर ब्लॉकबस्टर मुकाबलों के रूप में बनाया जाता है। एथरटन ने कहा, उस मुकाबले के लिए थोड़ी समस्या है, है न? क्योंकि यह सभी तरह के कारणों से एक बहुप्रतीक्षित मुकाबला है। आंशिक रूप से, आप जानते हैं, सिर्फ कमी के कारण। वे स्पष्ट कारणों से केवल तटस्थ क्षेत्र में आईसीसी आयोजनों में एक-दूसरे से खेलते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन उस मैच को लेकर काफी प्रचार है। आप चाहते हैं कि क्रिकेट भी उस प्रचार के अनुरूप हो। अगर आप पिछले 10 सालों के नतीजों को देखें, तो मुझे लगता है कि पिछले 10 सालों में वे एक-दूसरे से 9 बार खेल चुके हैं।

# सुनील गावस्कर का बड़ा बयान, पाकिस्तान के लिए भारत की बी टीम को हराना मुश्किल होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के एक दिन बाद पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की तीखी आलोचना जारी है। महान सुनील गावस्कर ने कहा कि उन्हें दूसरी श्रेणी की भारतीय टीम को भी हराने में संघर्ष करना पड़ेगा। 2023 वनडे विश्व कप के फाइनलिस्ट भारत ने रविवार को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन पाकिस्तान को छह विकेट से हराया और इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पर अपना दबदबा कायम रखा।

गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि बी टीम (भारत की) निश्चित रूप से (पाकिस्तान को कड़ी टक्कर दे सकती है)। सी टीम के बारे में मैं बहुत आश्वस्त नहीं हूं। लेकिन मौजूदा फॉर्म में पाकिस्तान के लिए बी टीम को हराना बहुत मुश्किल होगा। 1996 के बाद पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से उस समय बाहर हो गया, जब न्यूजीलैंड ने ग्रुप ए के एक अन्य मैच में बांग्लादेश को हराया। पाकिस्तान अभी भी इस इवेंट में जीत दर्ज नहीं कर पाया है।

2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से पाकिस्तान की क्रिकेट किस्मत में गिरावट आई है, टीम पिछले दो वनडे विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही। गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि यह आश्चर्यजनक है-बेंच स्ट्रेंथ की कमी। पाकिस्तान में हमेशा से ही प्राकृतिक प्रतिभा रही है। प्राकृतिक इस मायने में कि वे हमेशा तकनीकी रूप से सही नहीं रहे होंगे, लेकिन उनके पास बल्ले और गेंद की सहज समझ थी।



गावस्कर ने उदाहरण देते हुए कहा, इंजमाम-उल-हक को देखें। अगर आप उनके रुख को देखें, तो आप किसी युवा बल्लेबाज को ऐसा करने की सलाह नहीं देंगे, लेकिन उनका स्वभाव बहुत अच्छा था। इस तरह के स्वभाव के साथ उन्होंने किसी भी तकनीकी कमी को पूरा किया।

गावस्कर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान सुपर लीग और घरेलू व्हाइट-बॉल टूर्नामेंट के बावजूद पाकिस्तान ने गुणवत्ता वाले खिलाड़ी तैयार करने के लिए संघर्ष किया है। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, भारत ने व्हाइट-बॉल क्रिकेट में इतने सारे युवा सितारे कैसे तैयार किए हैं? यह आईपीएल की वजह से है। वहां से खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी और अंततः भारत के लिए खेलने गए हैं। यह कुछ ऐसा है जिसका पाकिस्तान क्रिकेट को विश्लेषण करना चाहिए। उन्हें यह पता लगाने की जरूरत है कि उनके पास अब वह बेंच स्ट्रेंथ क्यों नहीं है जो पहले हुआ करती थी।

# नसीला दवा कर सेवन से सरीर उपरे पड़ेला कुप्रभाव : ललिता

- प्रोजेक्ट चेतना कर तहत तंबाकू सेवन कर खिलाफ अभियान चलाल गेलक
- 8 मार्च के होवेक वाला रास्ट्रीय लोक अदालत उपरे करल गेलक फोकस

सोनू सपवार



**रांची।** झालसा कर निरदेस उपरे न्यायायुक्त कर मार्गदरसन में जस्टिस-ऑन-व्हील जागरुकता कार्जकरम कर तहत लापुंग ब्लॉक कर आसपास आउर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन करल गेलक। ई अवसर में पीएलवी प्रतिमा कुमारी, ललिता देवी, रंथु महतो, खुदीराम साहु, परदेशिया महली, राजा वर्मा संगे आउरोंमन उपस्थित रहयं।

पीएलवी नालसा द्वारा संचालित योजना-2015 कर तहत नसा से पीड़ित बेक्तिमन के कानूनी सेवाएं देलयं। नसीला दवामन कर दुरूपयोग आउर नसीला दवामन कर खतरा उपरे जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन करलक।

पीएलवी मालती देवी नसीला दवा कर दुष्प्रभाव उपरे प्रकास डाललयं। नसा से पीड़ित बेक्तिमन के कानूनी सेवाएं देलयं। नसीला दवामन कर दुरूपयोग आउर नसीला दवामन कर खतरा उपरे उपस्थित अदमीमन के जानकारी देलयं।

पीएलवी ललिता देवी आउर रंथु महतो कहलयं कि बिचाराधीन बंदीमन आउर अनुसूचित जाति आउर अनुसूचित जनजाति कर बर्ग कर अदमीमन के डालसा कर द्वारा मुकदमा लड़ेक आउर आपन बचाव करेक ले निःसुल्क विधिक सहायता देवल जायेला। मोटर दुर्घटना में मुआवाजा कैसे प्राप्त करल जाए सकेला? ई संबंध में गंवईयामन के जानकारी देल गेलक।पीएलवी खुदीराम साहू बाल श्रम, बाल बिहा, जॉब कार्ड आउर प्रधानमंत्री आवास योजना उपरे फोकस करलयं। परदेशिया महली वृद्धा पेंसन, बिधवा पेंसन, रासन कार्ड आउर मईया सम्मान योजना कर बारे में चर्चा करलयं। ऊ कहलयं कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची हमेसा जरूरतमंदमन के विधिक सेवा देवेक ले तत्पर आहे। प्राधिकार द्वारा सउब परखंड, पंचायत आउर अस्पतालों में पीएलवी नियुक्त करल जाय हे।

आगामी 8 मार्च के आयोजित होवेक वाला रास्ट्रीय लोक अदालत कर बारे में भी डालसा कर पीएलवी द्वारा जानकारी देल गेलक। ऊ कहलयं कि न्यायालय में केऊ भी वाद लंबित आहे, तो रास्ट्रीय लोक अदालत कर दिन आपन वाद कर निबटरा कराय सकीला। इकर से आपने कर समय आउर धन भी बाची।

रास्ट्रीय लोक अदालत में सउब आपराधिक सुलहनीय मामला, दीवानी से संबंधित मामला, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना कर वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामला, चेक बाउंस कर मामला, बन बिभाग कर मामला, बिजली से संबंधित मामला, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामला कर संगे भूमि अधिग्रहन, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद आउर बैबाहिक से संबंधित मामला के चिन्हित कइरके पछकारमन के नोटिस भेजल जात हे।



## सुरछा आउर सीमा प्रबंधन कर समीछा ले करलयं मणिपुर कर दौरा

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना कर सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई भारत-म्यांमार सीमा (आईएमबी) में इस्थिति कर ब्यापक समीछा करेक आउर राइज में मौजूदा बॉर्डर इन्फ्रायस्ट्रक्चर कर बिकास कर इस्थिति कर जानकारी हासिल करेक ले 24 आउर 25 फरवरी, 2025 के मणिपुर कर दौरा करलयं।

आपन जात्रा कर दौरान लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई मणिपुर कर राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, राज्य सुरक्षा सलाहकार, मणिपुर कर मुध सचिव आउर मणिपुर कर पुलिस महानिदेशक से मुलाकात करलयं। डीजीएमओ भारतीय सेना कर संचालन संबंधी तैयारी उपरे धेयान केंद्रित करलयं, भारत-म्यांमार सीमा (आईएमबी) उपरे सुरछा इस्थिति आउर सीमांत छेतर संगे राइज में मौजूदा सुरछा संबंधी क्रियाकलाप कर आकलन करलयं। ऊ परमुख हितधारकमन कर संगे बातचीत कर दौरान 'सरकार के समग्र दृष्टिकोण' उपरे भी जोर देलयं। ई बिचार-बिमर्स राइज में मौजूदा सुरछा इस्थिति के सामान्य बनायेक, बिसेस रूप से सीमा प्रबंधन के बढ़ायेक आउर आईएमबी उपरे सुरछा संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर के मजबूत करेक कर आवसकता उपरे केंद्रित रहे।

लेफ्टिनेंट जनरल घई कर जात्रा मणिपुर में इस्थिरता आउर सउबकर कर कल्यान के बढ़ावा देवेक कर उद्देस से रननीतिक पहल के लागू करेक ले सैन्य आउर राइज कर अधिकारीमन कर बीच सहजोगात्मक दृष्टिकोन उपरे जोर देलयं।

---

### नागपुरी कविता

## आब रउद होवी


संतोष महली

आब रउद होवी
छांहइर में नजइर राखू,
बरंडो आवी, भुकंप भी
बाचाय के अपन घर राखू।
गुमान में ओतइ
नखे रहेक,
सोभाव के तनी नरम राखू।
सोना कर लांका से
कखन के भिभीछन निकइल जाइ,
रावन नाम कोनो बेजाइं नखे
बेस करम राखू।
एगो बांदरा भी सउब कुछ
बरबाद कइर सकेला,
मोइह के काबू करेले
उसनेहे फोरन राखू।
चिनता फिकीर काया के
खाय सिराय देवेला,
जे मिल हे उखेहे जतनाय राखू।
आब रउद होवी
छांहइर में नजइर राखू,
बरंडो आवी, भुकंप भी
बाचाय के अपन घर राखू।

---

## कौसल बिकास ले कार्ज जोजना तैयार कइर के रोजगार मुहैया कराऊ

- जिला कौशल विकास आउर अनुश्रवण समिति कर बैठकी



**पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन कर निरदेस में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद कर अध्यछता में आइज समाहारणालय सभागार में जिला कौशल विकास आउर अनुश्रवण समिति कर बैठकी होलक। उप विकास आयुक्त सउब बिभाग के आपन अस्तर से कौसल बिकास ले कार्ज जोजना तैयार करेक आउर इकर से जुवक-जुवतिमन के जोइड़ के रोजगार मुहैया करुवायेक कर दिसा में अभियान चलायेक कर आदेस देलयं। ऊ कहलयं कि अभियान चलाय के जिला कर अंतिम बेक्ति तक इकर जानकारी पहुंचावा। ऊ कहलयं कि पलामू में उद्योग, होटल, बेबसाय, मॉल, साहित, रोजगार कर अन्य साधन हयं। इके धेयान में रइख के कौसल बिकास केंद्र में सउब के परसिछन करवाऊ।

श्रम अधीक्षछ-सह-जिला कौशल पदाधिकारी एतवारी महतो श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग कर अंतर्गत झारखण्ड कौशल विकास विभाग द्वारा पलामू जिला में संचालित परसिछन केन्द्र कर जानकारी देलयं। ऊ बतालयं कि बर्तमान में दू गो दीन दयाल उपध्याय कौशल केंद्र (आवासीय), दस गो सछम कौशल केंद्र(आवासीय) आउर दो बिरसा कौशल केंद्र (गैर-आवासीय) संचालित आहे।

जोजना उपरे प्रकास डालते ऊ कहलयं कि झारखंड कर जुवामन ले स्वरोजगार आउर उद्यमसीलता कौसल बिकसित करेक जुवामन कर रोजगार छमता में वृद्धि करेक आउर उनके झारखंड आउर भारत कर आर्थिक बिकास में भागीदार बनायेक ले ससक्त बनायेक, समाज कर वंचित बर्ग कर जुवामन के उच्च गुनवत्ता वाले कुसल कर्मी बनायेक जोजना कर मुध उद्देस आहे।

यूएनडीपी कर परिजोजना सहायक बतालयं कि मुख्यमंत्री सारथी योजना कर तहत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना आउर परखंड अस्तर में 14 केंद्र संचालित आहे। परसिछन केंद्रमन में डाटा एंट्री ऑपरेटर, वेयरहाउस एसोसिएट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीसियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट आउर अन्य ट्रेड कर परसिछन देवल जायेला।

बैठकी में उपस्थित पदाधिकारीमन कर द्वारा आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, हेल्थ केयर, इनफॉरमेसन टेक्नोलॉजी आउर अन्य किसिम कर कोर्स कर संचालन के लेइ के बिस्तार से चर्चा होलक।

मौका में सिभिल सर्जन डॉ.अनिल सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी आउर अन्य पदाधिकारी आउर कौशल विकास केन्द्र कर संचालक उपस्थित रहयं।

---

### नागपुरी लेख

## महाकुंभ


रामदेव बड़ाईक

महाकुंभ (कुंभमेला) कर इतिहास बहुत पुरना आउर गौरवशाली हय। ई हिन्दू धरम आउर भारतीय संस्कृति कर एगो अंग हय। ईके हिन्दू धरम कर सउबले बड़ आउर पवितर मेला मानल जायला। जे के हमारे मन कुंभ मेला कर नांव से जानिला।

महाकुंभ कर #उत्पत्ति - पुरना कहनी/कथा कर अनुसार, देवता आउर असुर मन मिलके समुंदर मंथन कइर रहंय । ई मंथन से अमरीत (अमृत) कर कलश निकइस रहे। अमृत कर बूंद के असुर मनसे बचाइक लगिन, देवता मन अमृत के लेइके जे समय में भागत रहंय से बेरा अमृत कर दू - चाइर बूंद चाईर ज – हरिद्वार (उत्तराखंड) , प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) , उज्जैन (मध्यप्रदेश) आउर नासिक (महाराष्ट्र) में गिर गेलक।

ई चाइरो धाम ठांव जे हिन्दू धरम में, पवितर ठांव मानल जायला/जा हे, का ले कि इहां अमृत कर बूंद गिर रहे। एहे लगिन ई चाइरो ज पइत बारह १२ बछर में, #कुंभ मेला कर आयोजन करल जायला।

#महाकुंभ कर महातम - धार्मिक महातम - हिन्दू धरम में, कुंभ मेला के मोक्ष पाइक कर एगो सुनहरा आउर सुभ अवसर मानल जायला /जा हे।

#सांस्कृतिक महातम - ई भारत वर्ष कर सांस्कृतिक विरासत कर एगो महत्वपूर्ण हिस्सा आहे।

#सामाजिक महातम - ई सउब जाइत समाज आउर धरम कर जन के, एक जुटता होवेक संगे-संगे एक दोसर के साथ देवेक पाठ पढ़ायला।

एखन साल २०२५ में, कुंभ मेला कर आयोजन इलाहाबाद (प्रयागराज) में, करल गेलक हे, जे चलत हे।

#अमृत स्नान - कुंभ मेला में अमृत स्नान गंगा-यमुना कर संगम ठांव में नहाइक कर बहुत महातम आहे, कहंयना कि ई स्नान से सउब तइर कर पाप धोवाय जायला आउर मोक्छ कर प्राप्ति होवेला/पाएंना।

आब रहलक बात की आखिर #कुंभ मेला में का होवेला - #कुंभ मेला में धार्मिक अनुष्ठान , भजन- कीरतन आउर मेला में, प्रदर्शनी मनकर आयोजन करल जायला।

जोहाइर।

---

# महाकुंभ-2025 कर आयोजन में एनसीसी कैडेट्स देलयं अहम जोगदान









**लखनऊ।** प्रयागराज में आयोजित बिसाल महाकुंभ-25 कर आयोजन में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज आउर इकर अधीनस्थ 12 यूनिट अहम जोगदान देलक। इकर में 11 अधिकारी, 52 जवान आउर 1100 एनसीसी कैडेट्स सक्रिय रूप से सहभागी रहयं।

महाकुंभ-25 कर आयोजन में एनसीसी कर सिभिल परसासन कर संगे सहभागिता कर रूपरेखा माह जून 2024 में ब्रिगेडियर यू॰एस॰ कांदिल, ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज आउर मेलाधिकारी विजय किरन आनन्द कर बीच पारस्परिक संवाद कइरके तैयार करल जाए रहे। इकर बाद एनसीसी महानिदेसक नई दिल्ली आउर एनसीसी उपमहानिदेसक उत्तरप्रदेश लखनऊ कर स्वीकृति कर बाद एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज द्वारा महाकुंभ छेतर में एनसीसी सिबिर कर गठन करल गेलक।

महाकुंभ-25 के सफल बनायेक कर उद्देस से एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज द्वारा समयबद्ध्तानुसार चाइर गो सिबिर कर आयोजन करल गेलक। महाकुंभ छेतर में एनसीसी सिबिर कर आयोजन सुरू होवेक से पहिले आपदा प्रबंधन द्वारा 850 गो कैडेटमन के केऊ भी आपदा से निपटेक ले कुसल परसिछन कराल गेलक। समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित रिसेटलमेंट कार्जकरम में जागरूकता बढ़ायेक ले एनसीसी कैडेटमन कर नुक्कड़ नाटक आयोजित करल गेलक।

एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज द्वारा आयोजित हर सिबिर में 275 गो कैडेटमन भाइग लेलयं। महाकुंभ में एनसीसी कैडेटमन श्रद्धालुमन कर आवागमन के नियंत्रन करेक कर संगे उनके संगम स्नान ले सही मार्गदरसन में अहम भूमिका निभालयं। महाकुंभ में आपदा प्रबंधन आउर आपातकालीन जोजना ले संकल्पबद्ध एनसीसी कैडेटों द्वारा महाकुंभ कर दौरान जे श्रद्धालु आपनमन से बिछइड़ जाए रहयं उनकर सहजोग करते उनकर परिजन से मिलायेक कर भी सराहनीय काम करलयं। नारकोटिक्स ब्यूरो ऑफ इंडिया टीम कर संगे मिइल के एनसीसी कैडेटमन द्वारा नसा कर लत में लिप्त नागरिकमन के जागरुकता ले सहजोग करल गेलक।

ऐतिहासिक महाकुंभ-25 में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज कर तत्वावधान में आयोजित एनसीसी सिबिर कर माध्यम से कैडेटमन द्वारा श्रद्धा आउर सम्मानपूर्बक करल गेलक। सहजोग कर महाकुंभ स्नान में आवल श्रद्धालु, महाकुंभ मेलाधिकारी आउर पुलिस बिभाग कर बरिस्ठ अधिकारीमन कर बहुत सराहना करल गेलक।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com